CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 03°C

मुरादाबाद, रविवार 11 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 148 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सेकुलरिज्म का ठेका चलाने वालों के मुंह बंद: योगी

पेज 2



पहले वनडे में भारत को न्यूजीलैंड से मिलेगी कड़ी चुनौती

खेल टाइम्स



ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हमारी मजबूरी: ट्रम्प

पेज 11



'अकेली' के लिए फराह खान ने की नुसरत भरूचा की तारीफ

बॉलीवुड

# कपसाड़ हत्याकांड: अपहृत युवती बरामद, आरोपी पारस गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना ( मेरठ )।** थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ में हुई महिला हत्या और उसकी युवती के अपहरण के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने शनिवार देर रात बड़ी सफलता हासिल की है। घटना के 72 घंटे बाद अपहृत युवती रूबी को सहारनपुर से सकुशल बरामद कर लिया गया है और मुख्य आरोपी पारस सोम को गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना गुरुवार को उस समय हुई थी जब खेत पर जा रही महिला सुनीता पत्नी सतेन्द्र कुमार पर गांव के ही युवक पारस सोम ने फरसे से जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन मोदीपुरम अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। हमले के बाद आरोपी ने नाबालिग युवती रूबी को जबरन अपने साथ उठा लिया था, जिससे पूरे गांव में तनाव और आक्रोश फैल गया था। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने 10 विशेष टीमों का गठन कर आसपास के जिलों और संभावित ठिकानों पर दबिश दी थी। लगातार 72 घंटे तक चले ऑपरेशन और तकनीकी सर्विलांस के बाद पुलिस आखिरकार अपहृत युवती को सहारनपुर से सुरक्षित बरामद करने में सफल रही। आरोपी पारस सोम को भी उसी दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। मेरठ एसएसपी विपिन टांडा ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी के करीबी और रिश्तेदारों से पूछताछ की गई थी और संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई थी। युवती को सकुशल परिजनों के हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आरोपी को जल्द न्यायालय के सामने पेश किया जाएगा। पीड़ित परिवार ने पुलिस की इस सफलता पर राहत की सांस ली और कहा कि उनकी बेटी सकुशल वापस लौट आई, यह उनके लिए बड़ी राहत की बात है।



अपहृत युवती का फाइल फोटो



आरोपी पारस का फाइल फोटो

## मेरठ की सड़कों पर उमड़ा सैलाब

**मेरठ।** दलित महिला की हत्या और नाबालिग बेटी के अपहरण से उपजा आक्रोश अब मेरठ के कपसाड़ गांव की सीमाओं से बाहर निकलकर सड़कों और टोल प्लाजा तक पहुंच गया था। पिछले दो दिन से सुलग रहा यह मामला शनिवार को उस वक्त और भड़क उठा, जब नेताओं, संगठनों और समर्थकों के पहुंचने की कोशिशों ने प्रशासन को सख्त नाकेबंदी और कड़े सुरक्षा इंतजामों के लिए मजबूर कर दिया। हालात इतने संवेदनशील हो गए कि पुलिस को गांव ही नहीं, उससे जुड़े तमाम मार्गों पर भी अभूतपूर्व सतर्कता बरतनी पड़ी। यहां तक कि मीडिया कर्मियों को भी फिलहाल गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। पुलिस के अनुसार स्थिति की गंभीरता को देखते अटेरना पुल सहित गांव को जोड़ने वाले सभी मार्गों पर कड़ी बैरिकेडिंग कर दी गई है। तमाम आला अधिकारी स्वयं मौके पर डेरा डाले हुए हैं और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। केवल स्थानीय ग्रामीणों को पहचान सत्यापन के बाद आने-जाने की छूट दी जा रही है।

# ओडिशा में नौ सीटर विमान क्रैश, पायलट ने मेडे कॉल किया

■ खुले मैदान में फोर्स लैंडिंग कराई, 4 यात्री व 2 पायलट घायल

**राउरकेला।** ओडिशा के राउरकेला में इंडिया वन एयर के 9 सीटर विमान की तकनीकी खराबी के बाद फोर्स लैंडिंग हुई। घटना शनिवार दोपहर 1.20 बजे राउरकेला से 15 किमी दूर जाल्दा इलाके की है।

घटना के वक्त विमान में 4 यात्री और दो पायलट मौजूद थे। सभी घायलों का इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया कि कमर्शिअल विमान वीटी केएसएस ने दोपहर 12.27 बजे से भुवनेश्वनर से राउरकेला के लिए उड़ान भरी थी। 50 मिनट की उड़ान के बाद विमान में तकनीकी खराबी का पता चला। पायलट ने मेडे कॉल किया। इसके बाद खुले इलाके में फोर्स लैंडिंग कराई। हादसे की मुख्य वजह साफ नहीं है। विमान का ब्लैक बॉक्स रिकवर किया जा रहा है। वहीं, क्रैश की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें नजर आ रहा है कि वीटी केएसएस प्लेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। उसके विंग्स भी क्षतिग्रस्त हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बेल्लारी हिंसा मामला सीआईडी को सौंपा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के बेल्लारी में हुई हिंसक घटना की जांच शनिवार को सीआईडी को सौंप दी गई है। सीआईडी अब हिंसा के उन सभी पहलुओं की जांच करेगी जो एक स्थानीय झड़प से शुरू होकर हत्या तक जा पहुंचे। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने मीडिया से बात करते हुए राज्य की जांच टीमों पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि कई मामलों में सीबीआई ने भी राज्य द्वारा की गई जांच को सही ठहराया है। कुछ मामलों में तो सीबीआई ने यहां तक माना है कि राज्य की टीमों ने केंद्रीय एजेंसी की तुलना में बेहतर काम किया है। दूसरी तरफ विपक्षी भाजपा लगातार इस मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रही है, जिसे राज्य सरकार ने खारिज कर दिया है।

### सेना के चार रणबांकुरें मरणोपरांत वीरता पदक से सम्मानित

**नई दिल्ली।** कैप्टन ब्रजेश थापा, लांस नायक स्टांजिन तर्गियास, राइफलमैन मोहित राठौर और राइफलमैन हिलाल अहमद भट को शनिवार को मरणोपरांत सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया। दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में सेना की पश्चिमी कमान के अलंकरण समारोह में ये सम्मान प्रदान किए गए। समारोह में छह युद्ध सेवा पदक, 30 सेना पदक (वीरता), एक बार टू सेना पदक (विशिष्ट), 19 सेना पदक (विशिष्ट) और 44 विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए गए। सेना की वायु रक्षा कोर से संबंध रखने वाले और 10 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात कैप्टन (शहीद) ब्रजेश थापा ने 14 जुलाई 2024 को जम्मू- कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान असाधारण साहस का प्रदर्शन किया।

### दिल्ली में घना कोहरा हवाई यात्रा एवं जनजीवन प्रभावित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर बेहद खराब रहने और घना कोहरा छाने एवं खराब मौसम की वजह से सामान्य जनजीवन और हवाई यात्रा प्रभावित हुईं। सुबह 8:02 बजे तक दिल्ली का एक्यूआई 431 रहा, जो 'खतरनाक' श्रेणी में आता है। रिपोर्ट के अनुसार,पीएम 2.5 का स्तर 289 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था।

# जंग दुश्मन का मनोबल तोड़ने के लिए लड़ते हैं: एनएसए डोभाल

## बोले: हम मनोरोगी नहीं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शनिवार को कहा कि युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं।

उन्होंने कहा कि हम साइकोपैथ (मनोरोगी) नहीं हैं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले। लड़ाईयां इसके लिए नहीं लड़ी जाती। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी देश का मनोबल तोड़ने के लिए लड़े जाते हैं, ताकि वह हमारी शर्तों पर आत्मसमर्पण करें और हम अपने लक्ष्य हासिल कर सकें। अजीत डोभाल ने शनिवार को नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्घाटन समारोह के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप अपनी इच्छाशक्ति बढ़ा सकते हैं। वही इच्छाशक्ति राष्ट्रीय शक्ति बन जाती है। अजीत डोभाल ने कहा कि दुनिया में हो रहे सभी युद्ध और संघर्षों को देखें तो साफ है कि कुछ देश दूसरों पर अपनी इच्छा थोपना चाहते हैं। इसके लिए अपनी ताकत का प्रयोग कर रहे हैं। अगर कोई देश इतना शक्तिशाली है कि कोई उसका विरोध न कर सके तो वह हमेशा स्वतंत्र रहेगा, लेकिन अगर संसाधन और हथियार हों, पर मनोबल न हो तो सब कुछ बेकार हो जाता है। मनोबल बनाए रखने के लिए लीडरशिप जरूरी होती है। आज हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमारे देश में ऐसा नेतृत्व है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा: युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं**



## ऑपरेशन सिंदूर रुका है, खत्म नहीं हुआ: सीडीएस

■ पाकिस्तान इसमें बुरी तरह हारा

**पुणे।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर केवल रुका है, खत्म नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स (सीडीएफ) जैसा नया पद बनाना पड़ा। ये पद तीनों सेनाओं को सेंट्रलाइज्ड करने के लिए बनाया गया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ने पाकिस्तान को संवैधानिक संशोधन करने के लिए मजबूर किया। ये इस बात का सबूत है कि पड़ोसी देश को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। अनिल चौहान ने पुणे पब्लिक पॉलिसी फेस्टिवल में ये बाते कहीं। उन्होंने कहा कि हम इमरजेंसी हालातों में लागू करने के लिए एक स्टैंडर्ड सिस्टम डेवलप कर रहे हैं। सीडीएस ने कहा कि भारत में प्रस्तावित संयुक्त थिएटर कमांड को लागू करने की समय सीमा 30 मई 2026 तक बढ़ाई गई है।

# सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा बंगाल बनाम ईडी विवाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पहले ममता सरकार ने दाखिल किया कैविएट
■ प्रवर्तन निदेशालय ने भी दाखिल की याचिका



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले आई-पैक के कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी ने एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। राज्य सरकार ने इसे चुनावी समय में विपक्ष को निशाना बनाने की कार्रवाई बताया है, जबकि दूसरी ओर ईडी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

ईडी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल सरकार उसकी जांच और तलाशी अभियान में दखल दे रही है और काम में बाधा डाल रही है। सुप्रीम कोर्ट में ईडी की तरफ से दायर याचिका में बताया गया है कि गुरुवार को जब एजेंसी ने इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के मुख्यालय और कोलकाता में उसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर तलाशी अभियान चलाया, तब राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की ओर से रुकावटें डाली गईं। ऐसे में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि उसे निष्पक्ष और बिना किसी दबाव के अपनी जांच करने की अनुमति दी जाए। साथ ही एजेंसी ने यह भी कहा है कि किसी भी राज्य सरकार को केंद्रीय जांच एजेंसियों के काम में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। बता दें कि इससे पहले ममता बनर्जी सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर दिया है। इस कैविएट में बंगाल सरकार ने अनुरोध किया है कि सुप्रीम कोर्ट कोई आदेश पारित करने से पहले उसका पक्ष सुने। सूत्रों के मुताबिक ईडी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की संभावना पर विचार कर रही है। एजेंसी मौजूदा कानूनी विकल्पों को अंतिम रूप देने से पहले सभी संभावनाओं पर गौर कर रही है।

### एसआईआर के कारण पश्चिम बंगाल में 77 मौतें: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को 2 पेज का लेटर लिखा। इसमें राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर आम नागरिकों को लगातार परेशान किए जाने का आरोप लगाया। ममता ने लिखा कि एसआईआर प्रोसेस में मानवीय संवेदनशीलता नहीं दिखी। 77 लोगों की मौत, 4 आत्महत्या के प्रयास और 17 लोगों के बीमार होने की वजह एसआईआर प्रक्रिया रही।

# जी राम जी विधेयक: छह राज्यों ने दर्ज कराया विरोध

■ दावा: सारे फैसले केंद्र सरकार के हाथ

**नई दिल्ली।** मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस ने शनिवार से 45 दिन चलने वाला आंदोलन शुरू किया। कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब ने तो जी राम जी कानून के खिलाफ बाकायदा प्रस्ताव पारित किया है।

तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल भी खुलकर इसका विरोध जता रहे हैं। इन राज्यों की आपत्तियां हैं कि मनरेगा से 'महात्मा गांधी' का नाम क्यों हटा, योजना को मांग आधारित से आपूर्ति आधारित ढांचे में क्यों नहीं बदला, राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ाने के साथ-साथ केंद्र का पूर्ण नियंत्रण क्यों थोपा। विपक्षी दलों का कहना है कि यह कदम राज्य सरकारों की स्वायत्तता और ग्रामीण रोजगार अधिकारों पर हमला है।

# उत्तराखंड में पारा -19 डिग्री, पिथौरागढ़ में झरना जमा

■ यूपी में कोहरे के चलते 50 ट्रेनें लेट

**नई दिल्ली।** पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के चलते तापमान में खासी गिरावट हुई है। उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में शुक्रवार रात को पारा -19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शनिवार सुबह छिड़कानी में पानी के झरने जमे हुए नजर आए। चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग में पानी की पाइपलाइन जम गई है। इधर, पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं से राजस्थान में सर्दी बढ़ गई है। 13 जिलों में कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को जैसलमेर सबसे ठंडा शहर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उत्तर प्रदेश में 30 शहरों में शनिवार सुबह कोहरा छाया। कोहरे का असर ट्रेन और फ्लाइटों पर देखने को मिल रहा है। गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कुछ तो 10-10 घंटे की देरी से चल रही हैं। इसके अलावा लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी एयरपोर्ट पर 5 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट पहुंचीं। उत्तराखंड के सभी जिलों में ठंडी हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, पौड़ी और देहरादून के निचले इलाकों में कोहरा छाया रहेगा। वहीं पहाड़ों में पाला गिरने की संभावना जताई गई है। तीन दिन से आदि कैलाश और केदारनाथ का तापमान -21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# आतंक के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाना पाक की नीति: सेना

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पाकिस्तान में न तो भारत के खिलाफ पारंपरिक युद्ध लड़ने का साहस है और न ही क्षमता: मनोज कुमार कटियार



**नई दिल्ली।** सेना की पश्चिमी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कहा है कि पाकिस्तान में न तो भारत के खिलाफ पारंपरिक युद्ध लड़ने का साहस है और न ही क्षमता इसलिए वह केवल आतंकवादी गतिविधियों के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाने की नीति पर चलता है।

लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने शनिवार को यहां पश्चिमी कमान के अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पड़ोसी देश केवल आतंकवादी गतिविधियों के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाना चाहता है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले वर्ष के अलंकरण समारोह में भी उन्होंने आगाह किया था कि पश्चिमी मोर्चे पर संघर्ष की संभावना बनी हुई है, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के संबंध मित्रवत नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के अथक प्रयासों के बावजूद यही स्थिति बनी हुई है, क्योंकि पाकिस्तान का शीर्ष नेतृत्व हमेशा उसकी सेना के हाथों में रहा है। सेना दोनों देशों के बीच संघर्ष का माहौल बनाए रखना चाहती है। यदि शांति या मित्रता होगी तो पाकिस्तानी सेना का महत्व कम हो जाएगा। उसका उद्देश्य टकराव की स्थिति को जीवित रखना है। सेना कमांडर ने कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ वह सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिकों की निर्मम हत्या के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया। उन्होंने कहा कि हमने उनके आतंकवादी ठिकानों, उनकी चौकियों और उनके एयरबेस को नष्ट किया। हमें उम्मीद है कि पाकिस्तान इससे सबक लेगा और आगे किसी भी आतंकी गतिविधि को अंजाम नहीं देगा। सेना को सतर्क और तैयार रहने की चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का सैन्य नेतृत्व अपने देश की आंतरिक समस्याओं से ध्यान भटकाने या अपने स्वार्थ के लिए कोई और दुस्साहस करने की कोशिश कर सकता है।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी में मुंह ढके महिलाओं, पुरुषों को नहीं मिलेंगे गहने

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में सराफा कारोबारियों ने सुरक्षा के मद्देनजर एक अहम निर्णय लिया है। स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष कमल कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि हेलमेट, मास्क, बुर्का, हिजाब, घूंघट या किसी भी प्रकार से मुंह ढककर आने वाले ग्राहकों की पहचान करना अत्यंत कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि अपराध की कई घटनाएं अक्सर मुंह ढके या छिपे हुए लोगों द्वारा ही अंजाम दी जाती हैं। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि वाराणसी की किसी भी फुटकर सराफा दुकान या शोरूम में ऐसे ग्राहकों को गहने नहीं बेचे जाएंगे, जिनका मुंह हेलमेट, मास्क, बुर्का, हिजाब या घूंघट से ढका हुआ हो। वाराणसी में दो हजार से अधिक सर्राफा कारोबारी इस निर्णय से सहमत हैं।

### संगठित अपराध के मामले में हार्डकोर अपराधी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को सांबा जिले से एक हार्डकोर अपराधी को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि एक अपराधी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई है। यह विजयपुर पुलिस थाने में दर्ज संगठित अपराध से जुड़े एक मामले में चौथी गिरफ्तारी है। मामले की जांच के दौरान, पुलिस टीम ने रामगढ़ तहसील, सांबा जिले के जेडरा गांव के प्रीतम सिंह उर्फ सेठी को गिरफ्तार किया। लगातार पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर उसके पैतृक गांव से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई। मामले की आगे की जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और तीन पिस्तौल बरामद की गई हैं।

# ईडी वहीं पहुंचती है, जहां चुनाव होने हैं: सिब्बल



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल चुनावी लाभ के लिए करती है और जिन राज्यों में चुनाव तय होते हैं ईडी की टीम वहीं पहुंचकर विपक्षी दलों को परेशान करने लगती है।

सिब्बल ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में सरकार के इस रवैये को संघीय ढांचे पर हमला बताया और कहा कि गुरूवार को भी ईडी ने इसी तरह का काम किया है। उन्होंने ईडी टीम की ओर से पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस के लिए परामर्शदाता के रूप में काम करने वाली कंपनी आई-पैक के ठिकानों पर पड़े छापों का जिक्र किया और कहा कि ईडी के छापे उसी राज्य में पड़ने शुरु होते हैं जहां निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। उनका कहना था कि पिछले 11 साल से वह यही देख रहे हैं कि ईडी उस राज्य में पहले पहुंच जाती है जहां चुनाव होने हैं। ईडी ने पिछले दिनों इसी तरह का काम झारखंड और बिहार में भी किया और अब पश्चिम बंगाल में भी कर रही है। आज सुबह जब मैं अखबार पढ़ रहा था तो मुझे 2004 से 2014 तक संप्रग सरकार के कार्यकाल की याद आ गई।

# यूपी में भाजपा विधायकों की उड़ गई रात की नींद

## एसआईआर अभियान व विधानसभा चुनाव में टिकट पाने को लेकर सियासी सरगर्मियां बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट पाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी विधायकों की भी नींद उड़ी हुई है, क्योंकि विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई है, जिस पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व दोनों स्तरों पर समीक्षा की जा रही है। सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा में इसे 2027 के विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि एसआईआर में लापरवाही या सुस्ती दिखाने वाले विधायकों और दावेदारों के



लिए अगला चुनावी रास्ता आसान नहीं होगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक एसआईआर के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने और त्रुटियों के सुधार की प्रक्रिया पर केंद्रीय नेतृत्व तक नियमित रिपोर्ट पहुंच रही है। इस रिपोर्ट में यह आकलन किया जा रहा है कि कौन विधायक और संभावित प्रत्याशी अपने क्षेत्र में कितनी सक्रियता से अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। कमजोर प्रदर्शन करने वालों को लेकर संगठन स्तर पर चिंता

### विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई

कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई है, जिस पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व दोनों स्तरों पर समीक्षा की जा रही है। आने वाले दिनों में कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों से जवाब- तलब भी हो सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा एसआईआर को महज प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन की सक्रियता और जनसंपर्क क्षमता की परीक्षा के तौर पर देख रही है। यही वजह है कि एसआईआर में प्रदर्शन को 2027 के चुनावी गणित से सीधे जोड़कर आंका जा रहा है।

जताई जा रही है। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि मतदाता सूची चुनावी सफलता की बुनियाद होती है। ऐसे में जिन विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के दौरान अपेक्षित संख्या में नाम नहीं जुड़ रहे हैं या अभियान की गति धीमी है, वहां संबंधित विधायकों की कार्यशैली पर सवाल उठना तय है। पार्टी के अंदरखाने यह भी चर्चा है कि एसआईआर में निष्क्रियता 2027 में टिकट के लिए नकारात्मक संकेत मानी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही संगठन और जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि एसआईआर अभियान को पूरी गंभीरता के साथ लिया जाए। उनका जोर इस बात पर रहा है कि पात्र मतदाताओं का नाम हर हाल में सूची में जुड़े और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त न की जाए।

## बांग्लादेश घटनाक्रम को लेकर सीएम का विपक्ष पर तीखा प्रहार

# सेकुलरिज्म का ठेका चलाने वालों के मुंह बंद: योगी

प्रयागराज, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश की घटना पर विपक्षी दलों की चुप्पी पर प्रहार करते हुए कहा कि सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फेविकोल व टेप चिपक गया है।

शनिवार को माघ मेले में आयोजित श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी के 726वें प्राकट्य महोत्सव में शामिल होने के मौके पर योगी ने कहा कि जाति, मत-संप्रदाय के आधार पर विभाजन हमारे लिए उसी प्रकार से सर्वनाश का कारण बन जाएगा, जैसे आज बांग्लादेश के अंदर देख रहे हैं। वहां की घटना पर कोई बोल नहीं रहा है। सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों



■ जाति, मत-संप्रदाय के आधार पर विभाजन सर्वनाश का ऐसा कारण बन जाएगा, जैसे आज बांग्लादेश में देख रहे: सीएम

की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फेविकोल व टेप चिपक गया है। बांग्लादेश की घटना पर कोई कैंडल मार्च तक नहीं निकाला जा रहा। यह हमारे लिए चेतावनी भी है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज भी समाज को बांट रहे हैं, वे कभी हितैषी नहीं होंगे। सत्ता में रहने पर यह लोग परिवार के बाहर नहीं सोच पाते थे। यह फिर तमाम नारे देंगे, लेकिन इन्हें जब भी मौका मिलेगा, तो वही करेंगे, जो पहले किया था। पहचान का संकट, अराजकता, सनातन धर्म पर प्रहार और दंगों की आड़ में फिर हर व्यक्ति को झुलसाएंगे। हमें इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने देनी चाहिए। डबल इंजन सरकार सनातन आस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए सदैव खड़ी है। बांटने, तोड़ने वाले और कमजोर करने वाले लोगों को कभी पनपने न दें। हम सभी इस संकल्प के साथ बढ़ेंगे, तो आने वाला समय सनातन धर्म का है। जिस तरह राम मंदिर पर ध्वज लहरा रहा है, उसी तरह दुनिया के अंदर सनातन का झंडा फहराता रहेगा और तब, बांग्लादेश में कमजोर व दलित हिंदू को काटने का कोई दुस्साहस नहीं कर पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरा को कभी महर्षि भारद्वाज, महर्षि वाल्मीकि व अन्य पूज्य ऋषियों व महर्षियों ने अपने तप व साधना से सनातन धर्म के केंद्र के रूप में विकसित किया था। त्रिवेणी की इस पावन धरा पर 726 वर्ष पूर्व भक्ति शिरामणि भगवान रामानंदाचार्य प्रकट हुए थे। प्रयागराज की पावन धरा, भगवान वेणी माधव की अपार कृपा से, भगवान अक्षयवट के सानिध्य में, त्रिवेणी का वह रूप जिसे हम मां गंगा, मां यमुना व मां सरस्वती के रूप में स्मरण करते हैं, देश-दुनिया से श्रद्धालु यहां आकर संगम में डुबकी लगाते हैं। यहां धर्म, न्याय और ज्ञान भी है। तीनों को लेकर देश भर के अलग-अलग जिज्ञासु इस पावन धरा पर उपस्थित होते हैं।

### मुख्यमंत्री ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी साधु संतों ने किया स्वागत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज में लगे माघ मेले में संगम पर स्नान किया और मां गंगा की पूजा अर्चना की। उन्होंने तीन बार आस्था की डुबकी लगाई और बाद में संगम नोज के पास सतुआ बाबा के साथ नौका की सवारी भी की। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और नंद गोपाल नंदी ने भी संगम में स्नान किया। इसके बाद योगी ने संगम नोज पर गंगा पूजन किया। संगम तट के पास वे करीब 32 मिनट तक रहे। योगी ने लेटे हनुमान जी का भी दर्शन-पूजन किया फिर सतुआ बाबा के शिविर की ओर प्रस्थान किए। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ जगद्गुरु महामंडलेश्वर सतुआ बाबा के शिविर में साधु-संतों के साथ भोजन करेंगे।

# अखिलेश ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जारी की गई मतदाता सूची के मसौदे को लेकर सियासत गरमा गई है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया है कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग के मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाने की साजिश चल रही है। यादव ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम काटे गए हैं और इसका सीधा असर पीडीए समाज पर पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया लोकतंत्र को कमजोर करने और विपक्षी वोट बैंक को नुकसान पहुंचाने की मंशा से की जा रही है। सपा अध्यक्ष ने दावा किया कि कई जिलों में लाखों मतदाताओं के नाम सूची से गायब



■ कहा: पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाने की साजिश चल रही

कर दिए गए, जबकि वे जीवित हैं और उसी स्थान पर निवास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार चुनावी लाभ के लिए प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है और चुनाव आयोग पर दबाव डालकर मतदाता सूची में हेरफेर करवाई जा रही है। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर सतर्क रहें।

# सदन का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: गुप्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है और इसका दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली विधानसभा परिसर में संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने जालंधर में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के मामले में औपचारिक नोटिस जारी किया है, जो विधानसभा कार्यवाहियों की कथित छेड़छाड़ वाले वीडियो क्लिप से संबंधित है। उन्होंने कहा कि पंजाब के डीजीपी, जालंधर पुलिस कमिश्नर और स्पेशल डीजीपी साइबर सेल को नोटिस जारी किए गए हैं और उन्हें 48 घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण तथा सभी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि सदन पहले से ही इस मामले से अवगत है और वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक जांच और विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर और संवैधानिक महत्व का है तथा सीधे सदन की गरिमा, अधिकार और विशेषाधिकारों से जुड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मुद्दा किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है। गुप्ता ने कहा कि जिस वीडियो के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, वह किसी व्यक्तिगत रिकॉर्डिंग नहीं, बल्कि सदन



■ सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति होती है: दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष

की आधिकारिक रिकॉर्डिंग है, जो पूरी तरह से दिल्ली विधानसभा की संपत्ति है। सदन की संपत्ति का इस प्रकार दुरुपयोग करना और इस आधार पर किसी मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि अत्यंत गंभीर और निदनीय भी है।

विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है। उन्होंने यह प्रश्न उठाया कि इस एफआईआर को किस अधिकार और किस आधार पर दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण में जालंधर के पुलिस कमिश्नर की भूमिका अत्यंत चिताजनक है और यह प्रथम दृष्टया सदन के विशेषाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होता है। इसलिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का स्पष्ट मामला बनता है, जिसे सदन गंभीरता से देखेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि विपक्ष की मांग पर और पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक साइंस लैब भेजा गया। हालांकि, सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग को 'छेड़छाड़ की गई' बताना स्वयं में सदन की गरिमा पर हमला है।

गुप्ता ने कहा कि यह केवल झूठा आरोप नहीं है, बल्कि एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है, जिसका उद्देश्य सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस साजिश में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल पाए जाने वाले सभी लोग सदन की कठोरतम कार्रवाई का सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि सदन अपने अधिकारों और विशेषाधिकारों की रक्षा करना जानता है और किसी भी कीमत पर सदन की गरिमा, उसकी संपत्ति और संवैधानिक मर्यादा के साथ समझौता नहीं करेगा। सदन ने इस पूरे मामले का विधिवत संज्ञान लिया है और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। गुप्ता ने यह भी कहा कि बार-बार बुलाने के बावजूद विपक्ष की नेता आतिशी सदन में उपस्थित नहीं हुई और प्रदूषण पर चर्चा में भाग नहीं लिया। जब चर्चा चल रही थी, विपक्ष के सदस्य सदन से उठकर चले गए। सुश्री आतिशी से केवल संक्षिप्त माफी मांगने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने माफी नहीं मांगी, अन्यथा यह मामला वहीं समाप्त हो जाता।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के समापन सत्र को संबोधित करेंगे मोदी

नई दिल्ली, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर यहां भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के समापन सत्र में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री देश भर के लगभग 3,000 युवाओं के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय 'डायस्पोरा' का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे।

चुने हुए प्रतिभागी दस थीम वाले ट्रैक पर प्रधानमंत्री को अपनी प्रस्तुति देंगे, जिसमें राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख क्षेत्रों पर युवाओं के नेतृत्व वाले दृष्टिकोण और कार्रवाई योग्य विचार साझा किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के लिए निबंध संकलन जारी करेंगे, जिसमें भारत की विकास प्राथमिकताओं और राष्ट्र निर्माण के दीर्घकालिक लक्ष्यों पर युवा प्रतिभागियों के चुनींदा निबंध शामिल



■ चुने हुए प्रतिभागी दस थीम वाले ट्रैक पर प्रधानमंत्री को अपनी प्रस्तुति देंगे

होंगे। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग, एक राष्ट्रीय मंच है, जिसे भारत के युवाओं और राष्ट्रीय नेतृत्व के बीच व्यवस्थित संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह अब अपने दूसरे संस्करण में प्रवेश कर चुका है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के उस आह्वान के अनुरूप है, जिसमें एक लाख युवाओं को बिना किसी राजनीतिक जुड़ाव के राजनीति में शामिल करना और उन्हें विकसित भारत के लिए अपने विचारों को हकीकत बनाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। नौ से 12 जनवरी तक आयोजित हो रहे विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026,में देश भर के 50 लाख से अधिक युवाओं ने विभिन्न स्तरों पर भाग लिया है। राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में भाग लेने वाले युवा नेताओं का चयन एक कठिन, योग्यता-आधारित तीन-चरणीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है, जिसमें देशव्यापी डिजिटल क्विज, एक निबंध चुनौती और राज्य-स्तरीय विजन प्रेजेंटेशन शामिल हैं। डायलॉग का दूसरा संस्करण अपने पहले संस्करण की सफलता पर आधारित है, जिसमें कई नए प्रमुख बदलाव किए गए हैं, जिसमें 'डिजाइन फॉर भारत, टेक फॉर विकसित भारत -हैक फॉर ए सोशल कॉज', विस्तारित थीम वाले जुड़ाव और पहली बार अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी शामिल है, जो डायलॉग के दायरे और प्रभाव को और मजबूत करता है।

# गोयल ने ब्रुसेल्स यूरोपीय संघ के साथ की उच्चस्तरीय व्यापार समझौता वार्ता

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर ब्रुसेल्स में दो दिन की बातचीत एक आधुनिक, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौता शीघ्र संपन्न करने पर दोनों पक्षों की ओर से नए सिरे से दृढ़ संकल्प व्यक्त करने के साथ सम्पन्न हुई है।

वाणिज्य मंत्री आठ-नौ जनवरी को एफटीए वार्ताओं के लिए ब्रुसेल्स में थे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में गोयल की इस यात्रा समझौते की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आठ-नौ जनवरी की इस यात्रा के दौरान गोयल ने ईयू के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफकोविच के साथ कई बार बाचतीत की और दोनों नेताओं ने वार्ता टीमों को लंबित मुद्दों को हल करने और समझौते को शीघ्रता से आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। मंत्रालय ने कहा है कि वाणिज्य मंत्री की इस यात्रा के साथ दोनों पक्षों के बीच ब्रुसेल्स में एक सप्ताह तक चला गहन राजनयिक और तकनीकी बैठकों का दौर पूरा हुआ। यह बातचीत भारत और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित व्यापक एफटीए को साकार करने के लिए दोनों पक्षों के राजनीतिक संकल्प को रेखांकित करता

■ वाणिज्य मंत्री आठ-नौ जनवरी को एफटीए वार्ताओं के लिए ब्रुसेल्स में थे

है। श्री गोयल और शेफकोविच के बीच मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और यूरोपीय आयोग की व्यापार महानिदेशक सबाइन वेयंड के बीच 6-7 जनवरी को उच्च स्तरीय चर्चाएं हुई विभिन्न मुद्दों पर व्यापार वार्ताओं में हुई प्रगति का जायजा लिया गया।

अधिकारियों ने मतभेदों को कम करने और लंबित मुद्दों पर स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए काम किया, जिससे मंत्रिस्तरीय वार्ता का मार्ग प्रशस्त हुआ। विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री गोयल और शेफकोविच ने प्रस्तावित समझौते के प्रमुख विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने वस्तुओं के लिए बाजार में प्रवेश, माल की उत्पत्ति के नियम, सेवाओं आदि सहित विभिन्न वार्ता क्षेत्रों में हुई प्रगति पर गौर किया। दोनों पक्षों ने एक निष्पक्ष, संतुलित और महत्वाकांक्षी समझौते को अंतिम रूप देने के रणनीतिक महत्व पर बल दिया जो उनके साझा मूल्यों, आर्थिक प्राथमिकताओं और नियम-आधारित व्यापार ढांचे के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप हो।

# अंकिता मामले की सीबीआई जांच छह माह में पूरी हो: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने अंकिता भंडारी हत्याकांड की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच छह माह में पूरी करने और अपराधियों को न्याय प्रक्रिया से दूर रखने की मांग करते हुए कहा है कि जिन लोगों ने रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाकर सबूतों को नष्ट करने का काम किया है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लाम्बा तथा पार्टी के संचार विभाग में सचिव वैभव वालिया ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि राज्य के मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी ने शुरु से ही इस मामले में लीपापोती करने का प्रयास किया है। धामी ने जनता के दबाव में विशेष जांच दल-एसआईटी गठित किया, लेकिन इस जांच में जिन वीआईपी के नाम लिए गए उनसे पूछताछ तक नहीं की गई। उनका कहना था कि जिस रिजॉर्ट में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई वह भाजपा के मंत्री का था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मामले में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई,



■ अपराधियों को न्याय प्रक्रिया से दूर रखने की व सबूत मिटाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए: अलका लाम्बा

जबकि उन्हें इस पर माफी मांगनी चाहिए थी। हत्याकांड की घटना का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी, भाजपा नेता विनोद आर्या के रिजॉर्ट में नौकरी करती थी। उसकी नौकरी को महीना भी नहीं हुआ था कि उस पर गत वर्ष 18 सितम्बर को वीआईपी मेहमानों को अनैतिक सेवाएं देने का दबाव बनाया गया लेकिन अंकिता ने मना कर दिया। इसके बाद अंकिता की हत्या कर उसका शव नहर में फेंक दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में 19 से 22 सितम्बर तक सिर्फ गुमशुदगी की रिपोर्ट ली गई और 23 सितम्बर को स्थानीय भाजपा विधायक रेनू बिष्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलवाया गया। इस कारवाई का साफ मकसद रिजॉर्ट से सारे सबूत नष्ट करना था क्योंकि अंकिता रिजॉर्ट में ही रहती थी। फिर 24 सितम्बर को अंकिता का शव नहर से बरामद किया गया तब उसके माता-पिता अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। मामले ने तूल पकड़ा, तो भाजपा नेता विनोद आर्या के बेटे पुलकित आर्या, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता की गिरफ्तारी हुई। इस गिरफ्तारी के बाद जनता सड़कों पर उतरी, तो मुख्यमंत्री ने दबाव में एसआईटी का अक्टूबर 2022 में गठन कर दिया। इस मामले में तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा हुई, लेकिन अंकिता पर दबाव बनाने वाला वीआईपी कौन था इसका अब तक पता नहीं चला। सुश्री लाम्बा ने श्री मोदी से सवाल किया कि यदि वह एक दिन में ही नोटबंदी की घोषणा कर सकते हैं, तो 3 साल से अंकिता को न्याय दिलाने में दिक्कत क्यों हो रही है जबकि अंकिता के पिता भाजपा नेता अजय कुमार और दुष्यंत कुमार का लगातार नाम ले रहे हैं, लेकिन एसआईटी ने उनसे पूछताछ तक नहीं की। उन्होंने रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाने पर भी सवाल उठाए और कहा कि बिना न्यायिक आदेश के स्थानीय भाजपा विधायक ने रिजॉर्ट पर बुलडोजर क्यों चलवाया। एसआईटी की जांच में वीआईपी का नाम क्यों नहीं आया और यदि आरोप गलत था, तो इसका खंडन क्यों नहीं किया गया। उनका कहना था कि इस मामले में भाजपा नेताओं का नाम आने पर सिर्फ निष्कासन ही पर्याप्त नहीं था और यदि मंत्री के बेटे का नाम आया था, तो मोदी माफी मांगनी चाहिए थी। उन्होंने इस मामले में वीआईपी एंगल की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि सबूत नष्ट करने और बुलडोजर चलाने का आदेश देने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही महिला कार्य स्थलों पर सुरक्षा कानूनों का सख्ती से अनुपालन होना चाहिए।

# तीन शातिर साइबर ठग अरेस्ट

## नजीबाबाद की महिला को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद की महिला को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। दो आरोपी फिलहाल फरार है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना नजीबाबाद क्षेत्रान्तर्गत निवास करने वाली एक महिला द्वारा साइबर थाना पर लिखित तहरीर दी गई थी। एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके मोबाइल नंबर पर वीडियो कॉल की गई। वीडियो कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को टेलीकॉम कंपनी व सीबीआई का अधिकारी बताते हुए वादिया को एक फोटो दिखाया और कहा कि उसके नाम से एक संदिग्ध मोबाइल नंबर संचालित हो रहा है। इसके उपरान्त आरोपी द्वारा तथाकथित 'डिजिटल अरेस्ट' का भय दिखाकर वादिया को मानसिक रूप से दबाव में लिया गया तथा विभिन्न तिथियों में ऑनलाइन यूपीआई ट्रांजेक्शन एवं आरटीजीएस के माध्यम से कुल 28,95,602 रुपए की धनराशि की धोखाधड़ी की गई। तहरीर के आधार पर थाना साइबर क्राइम पर मुकदमा अपराध संख्या 0027/25 धारा 318 (4)/308 (2)/3 (5) बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट में पंजीकृत किया गया। अभियोग में साइबर एवं सर्विलांस टीम को अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा वादिया से धोखाधड़ी द्वारा प्राप्त धनराशि की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के क्रम में जनपदीय साइबर सेल, सर्विलांस टीम व थाना साइबर क्राइम द्वारा गहनता से विवेचना करते हुए अभियुक्तों के मोबाइल नम्बरों व बैंक ट्रांजेक्शन तथा अन्य तकनीकी डेटा का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया। तकनीकी साक्ष्यों एवं डिजिटल ट्रेल के आधार पर कार्यवाही करते हुए आज अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र रूपराम सिंह निवासी ग्राम दुर्गागढ़, थाना पथरी, जनपद हरिद्वार, आफताब आलम पुत्र मौहम्मद यासीन निवासी बी-21/टी-4 दिलशाद कॉलोनी, झिलमिल, थाना दिलशाद गार्डन, जनपद पूर्वी दिल्ली व हरिओम वर्मा पुत्र राम वकील निवासी ग्राम नंगला चक, थाना पटियाली, जनपद कासगंज, को कुल 23,500 रुपए, तीन मोबाइल फोन, छह फर्जी आधार कार्ड, एक डेबिट कार्ड के साथ



गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित हैं।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वह तीनों कुछ दिन पूर्व गाजियाबाद में अपने साथी जसपाल सिंह रावत से मिले थे। जसपाल सिंह रावत के साथ एक अन्य व्यक्ति इमरान भी था, जो दिल्ली का रहने वाला है। इमरान द्वारा अभियुक्तों को बताया गया कि उसके पास एक करोड़ रुपए का टारगेट है तथा यदि किसी कम्पनी के खाते की व्यवस्था हो जाए, तो उक्त धनराशि उस खाते में डलवाकर मोटा पैसा कमाया जा सकता है। इमरान की उक्त बातों के झांसे में आकर अभियुक्तों द्वारा आफताब की सहायता से जसपाल सिंह रावत को मालिक दर्शाते हुए 'गोल्डन रियल स्टेट सोल्यूशन एंड डेवलपर' नामक एक फर्जी फर्म रजिस्ट्रर्ड कराई गई। उक्त फर्म का बैंक खाता शिवालिक बैंक, गाजियाबाद में जसपाल सिंह रावत एवं अनिल द्वारा संयुक्त रूप से खाता संख्या 101512250243 खुलवाया गया। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि 29 दिसम्बर को उक्त खाते में फ्राड के 25 लाख रुपए प्राप्त हुए। जिसे इमरान एवं जसपाल सिंह रावत द्वारा अन्य खातों में स्थानांतरित कर दिया गया। अभियुक्तों ने बताया कि इस प्रकार के कार्य मोटे कमीशन के लालच में किए जाते हैं तथा इसमें कई व्यक्तियों की टीम शामिल रहती है। टीम के कुछ सदस्य टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से जुड़े रहते हैं, जिससे एक-दूसरे की वास्तविक पहचान छिपाई जा सके। अभियुक्तों के अनुसार इमरान ही टीम का वह व्यक्ति है, जो अन्य सदस्यों से संपर्क में रहता है तथा आगे की विस्तृत जानकारी वही दे सकता है। अभियुक्तों ने बताया कि उन्हें इस कार्य के एवज में मात्र 60 हजार रुपए कमीशन के रूप में प्राप्त हुए थे। जसपाल सिंह रावत एवं इमरान द्वारा अपने पास कितनी धनराशि रखी गई, इसकी जानकारी अभियुक्तों को नहीं है।

अभियुक्तों ने यह भी बताया कि इसके पश्चात इमरान द्वारा आफताब को व्हाट्सएप कॉल कर यह कह गया कि टारगेट के अनुसार केवल 25 लाख रुपए ही प्राप्त हो पाए हैं तथा क्या वे और पैसा नहीं कमाना चाहते। इमरान ने यह भी बताया कि अभी उस महिला के पास बैंक में लगभग 75 लाख रुपए शेष हैं तथा अभियुक्तों को बिजनौर जाकर यह जानकारी करने को कहा कि संबंधित महिला द्वारा कहीं कोई शिकायत तो दर्ज नहीं कराई गई है। उक्त जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से वह नजीबाबाद क्षेत्र में आए थे, जहां पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपीगण अपने साथियों के साथ मिलकर आमजन को फोन कॉल अथवा वीडियो कॉल के माध्यम से संपर्क कर भोले भाले लोगों को चिन्हित कर स्वयं को पुलिस, सीबीआई, ईडी अथवा अन्य सरकारी एजेंसियों का अधिकार बताकर फर्जी आपराधिक मामले, मनी लॉन्ड्रिंग अथवा अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने का भय दिखाकर मानसिक रूप से दबाव में लिया जाता है। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर पीड़ित को डराकर परिवार के अन्य सदस्यों से अलग कर दिया जाता है तथा गिरफ्तारी से बचाने का झांसा देकर उससे बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी, केवाईसी विवरण अथवा ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के माध्यम से धनराशि ट्रांसफर करवा ली जाती है। भय और दबाव की स्थिति उत्पन्न कर आरोपी पीड़ित पर लगातार निगरानी में रखने का भ्रम पैदा करते हैं, जिससे पीड़ित किसी अन्य व्यक्ति से संपर्क न कर सके और उक्त साइबर धोखाधड़ी को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जा सके।

## एक नजर

### करंट लगने से मौत



**राजा का ताजपुर।** ग्राम तेलीपुरा निवासी भगा सिंह के पुत्र रतन सिंह (60 वर्ष) की करंट लगने से मौत हो गई। वह अपने पशुओं के लिए चारा काटने के वास्ते जंगल गए थे। वह जैसे ही पानी के कुआं के पास पहुंचे, तो उन्हें करंट लग गया। बिजली का तार नीचे पड़ा हुआ था। उसमें करंट आ रहा था। पशुओं का चारा काटते समय अचानक तार हाथ में आ गया। रतन सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। काफी देर तक वह खेत में पड़े रहे। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों की उन पर नजर पड़ी, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उनका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### नाबालिग से रेप में अरेस्ट



**अफजलगढ़।** स्थानीय पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के गंभीर मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 64 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार छह जनवरी को एक व्यक्ति ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान और साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में पहले लगी धारा 69 बीएनएस को हटाते हुए धारा 64 बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 की वृद्धि की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम इनायतपुर, थाना बढ़ापुर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि नाबालिगों से जुड़े अपराधों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### अमर पाल ने दिया इस्तीफा

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला मीडिया प्रभारी संदीप त्यागी ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन के नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल सिंह ने अपनी मर्जी से पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने निजी कार्यों को इसकी वजह बताते हुए कहा कि वह संगठन में एक कार्यकर्ता के रूप में हमेशा कार्य करते रहेंगे।

### नाबालिगों की उम्र बढ़ाकर भरे फार्म

**बिजनौर।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुबारकपुर कलां में बीएलओ परवेंद्र कुमार ने ग्राम प्रधान पद के संभावित प्रत्याशी फाजिल को नए वोट बनवाने के लिए प्रारूप-दो के 24 फार्म दिए थे। उन्होंने फार्म भरकर इसके साथ पैनकार्ड व आधार कार्ड की कॉपी लगाई। तहसील स्तर पर हुई जांच में सभी आधार कार्ड एवं पैनकार्ड में अंकित जन्मतिथि संदिग्ध पाई गई। रजिस्ट्रार कानूनगो व निर्वाचन कार्यालय ने इसकी आख्या दी। इन सभी फार्मों को बीएलओ ने अस्वीकृत कर दिया है। वोट बढ़ाने के लिए प्रारूप-दो में आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में संशोधन कराकर दस्तावेज लगाने पर दोषी के विरूद्ध एफआईआर के लिए तहरीर दी गई है। जांच में सामने आया कि जिन 24 फार्म में उम्र बढ़ाकर दस्तावेज लगाए गए हैं, हकीकत में उनकी उम्र 18 साल से कम है। दूसरे लोगों के पैनकार्ड व आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल करके वोट बढ़वाने की मंशा से फार्म भरे गए। मगर जांच में फर्जी वोट बनवाने का मामला पकड़ा गया। एसडीएम सदर रितु रानी ने बताया कि कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर सौंपी गई है।

### एसबीआई के दो प्रबंधकों पर मुकदमा

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम लालपुर सोजिमल निवासी सौरभ पाल की शिकायत पर कोर्ट ने बैंक अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। पीड़ित सौरभ ने बताया कि पिता जगराम सिंह ने तीन दिसंबर 2019 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को मेन मार्केट नजीबाबाद शाखा से ऋण लिया था। उन्हें 5,538 रुपए प्रति माह की 60 मासिक किस्तें अदा करनी थी। लेकिन बैंक ने बिना अनुमति और समझौते की शर्तों के विपरीत 72 माह तक प्रति माह की दर से 5,800 रुपये वसूल किए। उसके पिता के खाते से अवैध रूप से अतिरिक्त राशि भी काटी गई। ऋण के साथ-साथ पांच साल की अवधि की जीवन बीमा पॉलिसी के लिए भी धन वसूल किया। लेकिन वास्तव में केवल एक साल की पॉलिसी ही दी गई और बीमा कवर भी समझौते की शर्तों से कम था। पिता का निधन 11 फरवरी 2023 को हो गया था, लेकिन उनकी मौत के बाद भी बैंक उनके पेंशन खाते से किश्तें काटता रहा। बीमा राशि भी अभी तक वारिसों को उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके अलावा पिता की मौत के बाद बैंक ने बिना किसी वैध उत्तराधिकार दस्तावेज के अवैध रूप से मां का नाम खाते में जोड़ दिया, जो न केवल गंभीर जालसा. जी है, बल्कि बैंकिंग नियमों और उत्तराधिकार कानून का भी घोर उल्लंघन है। बैंक ने उसके पिता की पेंशन पर्ची में पीपीओ नंबर गलत तरीके से अंकित किया। विभाग से हमसाज होकर मौत की जानकारी छुपाई और नवंबर 2023 तक खाते में पेंशन जारी करना और जमा करना जारी रखा। इस दौरान बैंक ने एक फर्जी बीमा पॉलिसी भी जारी की, जबकि पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। सौरभ ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक गौरव त्यागी और क्षेत्रीय प्रबंधक ऋषि कुमार श्रीवास्तव एवं अधिकारियों पर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बैंक प्रबंधक सहित अन्य कर्मचारियों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आकिब हुसैन ने की शिकायत

**नजीबाबाद।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राहूखेड़ी कोरा से प्रधान पद के भावी उम्मीदवार आकिफ हुसैन ने ग्रामवासियों के साथ एसडीएम शैलेंद्र सिंह से मुलाकात कर उन्हें एक शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया है कि ग्राम राहूखेड़ी कोरा एक छोटी सी पंचायत है। हाल ही में ग्राम पंचायत की वर्ष 2025 की नयी मतदाता सूची जारी हुई है। जिसमें जरूरत से ज्यादा मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है, जो शंका पैदा करती है। जब इस बाबत उन्होंने अपनी पंचायत में बीएलओ से बात की, तो उन्होंने जवाब दिया कि जितने भी नए मतदाता सूची में जोड़े गए हैं, उनका मौजूदा ग्राम प्रधान व प्रधान पद के दावेदारों की मौजदूगी में उनसे बात करके जोड़े गये है। इस पर उन्होंने बीएलओ से घर-घर जाकर सर्वे करने की मांग की, तो बीएलओ पल्ला झाड़ते नजर आए। उन्हें यकीन है कि नई मतदाता सूची में ग्राम पंचायत से बाहर का इधर-उधर का फर्जी वोटर जोड़ा गया है। एसआईआर के बाद जो मतदाता सूची जारी हुई है, उसमें लगभग 850 मतदाता है, जबकि पंचायत की वर्ष 2021 की मतदाता सूची लगभग 1015 की थी।

## एक नजर

### नगीना देहात क्षेत्र में लाश बरामद



**बुंदकी।** संदिग्ध परिस्थितियों में नगीना देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत टांडा माईदास पुलिस चौकी के क्षेत्र में सुखरो नदी के पुल के पास झाड़ियों में से एक युवक की लाश पड़ी मिली। लगभग तीस वर्षीय युवक की लाश देख कर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। बाद में लाश की शिनाख्त शमशुल हक पुत्र लईक अहमद निवासी लकड़ी पड़ाव, कोटद्वार के रूप में हुई। पुलिस ने लाश को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक यहां पर कैसे पहुंचा और उसकी हत्या क्यों की गई, इसकी जांच पुलिस कर रही है।

### स्योहारा का महबूब आलम अरेस्ट



**बिजनौर।** थाना नूरपुर में वादिनी ने तहरीर दी थी कि स्योहारा के ग्राम मंसूर सराय पित्थापुर निवासी महबूब आलम पुत्र मौहम्मद युसूफ के द्वारा उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की गई थी। नूरपुर पुलिस ने धारा 74, 351 (3) बीएनएस व धारा 7/8 पोक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर महबूब आलम को गिरफ्तार कर लिया है।

### सांसद खेल स्पर्धा योजना

**बिजनौर।** खेल निदेशालय के निर्देशों तथा जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में सांसद खेल स्पर्धा योजना के अन्तर्गत जनपद में विभिन्न खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने बताया कि प्रतियोगिताएं 12 एवं 13 जनवरी को नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगी। सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबॉल, बैडमिन्टन, भारोत्तोलन, कुश्ती एवं फुटबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### नूरपुर में गौरव गिरफ्तार

**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने मौहल्ला ब्रह्मपुरी निवासी गौरव पुत्र राजू वर्मा को चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। मौहल्ला गांधी नगर निवासी अनिल कुमार पुत्र मंगू सिंह ने उसके खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# बूथों को मजबूत करे सपा कार्यकर्ता

## पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद के आवास पर आब्दी का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के राष्ट्रीय सचिव मौलाना जावेद आब्दी ने कार्यकर्ताओं से बूथों पर संगठन मजबूत करने का आह्वान किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री मौलाना जावेद आब्दी का पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन के आवास काजीपाड़ा में कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। मौलाना जावेद आब्दी अली डे के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यहां आए थे। वह लगभग एक घंटे तक पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन के आवास पर रुके और संगठन एवं पार्टी की मजबूती व आने वाले चुनाव की



रणनीति पर विशेष चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। प्रदेश में अपराध व भ्रष्टाचार चरम पर है। महिलाएं व बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। भाजपा सरकार का जीरो टालरेंस का वादा अब शून्य में बदल गया है। सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। आने वाले समय में समाजवादी सरकार बनने जा रही है और इस सरकार में सभी का सम्मान होगा।

इस अवसर पर प्रवक्ता अखलाक पप्पू, पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष वी.के. कश्यप एड., युवजन सभा के जिलाध्यक्ष हनी फैसल, जिला उपाध्यक्ष राधा सैनी, महिला सभा की जिलाध्यक्ष प्रभा चौधरी, हाजी फैसल, देवानन्द भुईयार, हाजी जावेद राईन, कृपा रानी प्रजापति, विमलेश चौधरी, रागिब शहजादा, सुहेब भूरा आदि मौजूद रहे।

# अकीदत के साथ मनाया अली-डे

## मौलाना जावेद आब्दी ने रोशन की शमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हजरत अली (अ.स.) के जन्म दिन के सिलसिले में उर्दू लिटरेरी एण्ड कल्चरल सोसायटी के तत्वावधान में 'अली-डे' का जश्न बिजनौर इंटर कॉलेज में पूरे जोशों जज़्बे एवं अक़ीदत के साथ मनाया गया।

समारोह का उद्घाटन मौलाना जावेद आब्दी व अतिथियों के संयोजन से शमा रोशन कर किया गया। कार्यक्रम में प्रथम चरण में सेमिनार का शुभारम्भ कारी गुलजार अहमद फुरकानी की तिलावते कलामे पाक व शफक बिजनौरी की नाते पाक से हुआ। जबकि शुरूआती संचालन खुर्शीद मोहसिन जैदी एड. द्वारा किया गया। पूर्व मंत्री व सपा के राष्ट्रीय सचिव मौलाना जावेद आब्दी ने हजरत अली (अ.स.) की धार्मिक सेवाओं और सभी पहलुओं पर यानि बहादुरी, नहजुल बलाग़ा, इल्म आदि



पर विस्तार से रोशनी डाली। शहर काजी माजिद अली ने हजरत अली की शख्सियत पर रोशनी डालते हुए खैबर की जंग में अली (अ.स.) की बहादुरी और शुजाअत को बयान किया। सूर्यमणि रघुवंशी ने कहा कि हजरत अली के विद्वान होने के साथ एक दूर अंदेश और इल्म की रोशनी फैलाने वाली महान दीनी हस्ती थे। उनके किरदार और इल्म को अपने जीवन में उतारना चाहिए और यह हिन्दू-मुस्लिम की दूरी खत्म कर आपसी भाईचारे से ही मुमकिन है।

इस मौके पर शफक बिजनौरी, जौन बिजनौरी, साहिल बिजनौरी, जुगनू औरंगाबादी, खुर्शीद अंसारी, शहंशाह बिजनौरी, नय्यर जैदी, सज्जाद मौलाई, फखरी मेरठी, सलीम अमरोहवी, हैदर किरतपुरी व खुर्शीद मुजफ्फरनगरी ने हजरत अली (अ.स.) की शान में कलाम पेश किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गुलशन बिजनौरी ने किया। जबकि अध्यक्षता मौलाना खुर्शीद अब्बास ने की। मौलाना ने मुल्क की खुशहाली और अमन के लिए दुआ कराई। कार्यक्रम देर रात तक कामयाबी के साथ चला। सभी ने मरहूम हसनैन नकवी (बानिए अली डे) को याद करते रहे और उनके सवाब के लिए सुरए फातेहा पढ़ी। कार्यक्रम में मौहम्मद जाफर, मौहम्मद मेहंदी, जाफर हसनैन, डॉ. शारिक, मुजफ्फर मोहसिन, नासिर अब्बास, जुगनू, शारिब और सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। मौलाना खुर्शीद अब्बास ने मुल्क में अमन व शांति के लिए दुआ कराई। खुर्शीद मोहसिन जैदी एड. ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नेशनल स्पीड हैंडबॉल चैंपियनशिप का समापन

## दिल्ली ने जीते महिला-पुरुष दोनों खिताब, विजेताओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय में चल रहे नेशनल स्पीड हैंडबाल बॉल चैम्पियनशिप 2025 का महिला एवं पुरुष वर्ग दोनों में दिल्ली ने अपनी बादशाहत दिखाते हुये चैम्पयनशिप अपने नाम की। फाइनल में महिला वर्ग में दिल्ली ने हरियाणा को 13-08 से परास्त किया। वहीं पुरुष वर्ग में दिल्ली ने हिमाचल प्रदेश को 15-13 से परा. जित किया। तृतीय स्थान पर पुरुष वर्ग में विवेक विश्वविद्यालय एकेडमी एवं महिला वर्ग मे छत्तीसगढ़ रहा। मैन ऑफ द टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश टीम हर्ष यादव रहे। वूमेन ऑफ द टूर्नामेंट दिल्ली टीम की तनिशा रही।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे विवेक विश्व. विद्यालय के चांसलर अमित गोयल, स्पीड हैडबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव अमित मान, स्पीड हैडबाल





फेडरेशन उत्तर प्रदेश के सचिव विवेक गिरि, स्पीड हैडबाल फेडरेशन संस्थापक सदस्य पप्पल गोस्वामी, प्रोचांसलर दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष डी.के. अग्रवाल, कुलपति प्रोफेसर एनके गुप्ता, कुलसचिव डा. हितेश शर्मा आदि के द्वारा संयुक्त रुप से टीमों को पुरस्कृत कर किया गया। इस अवसर पर अमित गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल भावना खेल में महत्वपूर्ण होती है जो अनुशासन और संयमित होकर खेलते है विजयी होते है। हार जीत खेल का हिस्सा होते है। नेशनल हैंड बाल के सचिव मान सिंह ने कहा कि फेडरेशन का उद्देश्य गावों में छिपी प्रतिभा को खोजना है। हमारा देश आने वाले समय में सबसे ज्यादा पदक लाने वाला बनेगा। कुल. पति एन.के. गुप्ता ने कहा कि जनपद बिजनौर में विवेक विश्वविद्यालय नेशनल चैम्पयिनशिप का आयोजन किया जाना जनपद बिजनौर के लिए सम्मान की बात है। भविष्य में विश्वविद्यालय अन्य राष्ट्रीय स्तर के खेलों को बिजनौर में आयोजित करायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी डा. मुकुल कुमार, डा. राजीव चौधरी, डा. दीप्ती डिमरी, डा. एस.के. त्यागी, डा. सर्वेश शीतल, डा. सौरभ शर्मा, डा. देवाशीष, डा. हर्ष, डा. संजय त्यागी, डा. मीना, डा. रिजवान, पंकज त्यागी एवं सभी प्रवक्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# निष्ठा गुप्ता ने तीन मेडल जीत कर प्रदेश का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर निवासी निष्ठा गुप्ता ने रांची में चल रहे स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के खेलो में स्वर्ण पदक सहित तीन पदक जीतकर जनपद तथा प्रदेश का नाम रोशन किया है।

झारखंड की राजधानी रांची में 6 जनवरी से 10 जनवरी तक आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के खेलों में रैंकिंग राउंड में स्वर्ण पदक जीता। निष्ठा ने पहले राउंड में 343 तथा दूसरे राउंड में 349 का स्कोर किया। निष्ठा ने कुल 692 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में निष्ठा गुप्ता ने फाइनल तक का सफर तय किया। फाइनल में निष्ठा को दो अंकों से हार का सामना करना पड़ा और निष्ठा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। टीम स्पर्धा में खेलते हुए उत्तर प्रदेश की टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। निष्ठा ने एक स्वर्ण पदक, एक रजत तथा एक कांस्य पदक प्राप्त किया। निष्ठा गुप्ता गत वर्ष भी एसजीएफआई खेलों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था, जिसके लिए निष्ठा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया था।


निष्ठा ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच योगेंद्र सिंह राणा को दिया। निष्ठा की जीत से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

# किशोरी से अभद्रता व छेड़छाड़

## आरोपी दुकानदार गिरफ्तार, जेल भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र में एक किशोरी से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना दोपहर करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। लगभग 17 वर्षीय किशोरी अपने सहेलियों के साथ अब्दुल्ला मार्केट स्थित टावर वाली गली के सामने एक दुकान से सामान खरीदने गई थी। आरोप है कि सामान लेते समय जब किशोरी मोलभाव कर रही थी, तभी दुकानदार ने गलत नीयत से उसके साथ छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं आरोपी ने बिना पैसे लिए सामान देने की बात कहते हुए किशोरी को जबरन दुकान के अंदर खींचने का प्रयास भी किया। किसी तरह किशोरी वहां से बचकर निकली और घर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी अपने परिजनों को दी। घटना की सूचना मिलने पर परिजन जब आरोपी की दुकान पर शिकायत करने पहुंचे, तो दुकानदार ने उनके साथ गाली-गलौज की और अभद्र व्यवहार किया। साथ ही धमकी दी कि यदि दोबारा शिकायत की गई, तो किशोरी को घर से उठवाकर जान से मरवा देगा। धमकी के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता की मां की शिकायत पर स्योहारा पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की गई है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## एक नजर

### थाना दिवस में आम रास्ता खुलवाने की मांग

**धामपुर।** ग्राम मकसूदाबाद निवासी खूब सिंह पुत्र न्यादर सिंह ने थाना समाधान में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि पानपदास जी महाराज के गुरुद्वारा से चामुंडा देवी मंदिर और क्षत्रिय नगर स्थित समाधि स्थल तक जाने वाला प्राचीन आम रास्ता जबरन गेट लगाकर बंद कर दिया गया है। जिससे वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा और श्रद्धालुओं का आवागमन बाधित हो गया है। उन्होंने बताया कि वह पिछले करीब 50 वर्षों से पानपदास जी महाराज की गद्दी से जुड़े सेवक हैं और धार्मिक एवं सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं। मामले को जनहित से जुड़ा बताते हुए अधिकारियों से मार्ग की विधिवत पैमाइश कराकर उसे सार्वजनिक आम रास्ता घोषित करने तथा अवैध गेट तत्काल हटवाने की मांग की गई।

### पांच वाहन सीज किए




**शेरकोट।** गौरी शंकर पांडेय के नेतृत्व में आरटीओ विभाग द्वारा शेरकोट चुंगी नंबर पांच हाइवे पर चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ओवरलोडिंग और आवश्यक कागजात न होने पर कुल पांच वाहनों को सीज कर थाने में खड़ा कराया गया। कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। आरटीओ ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### पंचायत में संस्कृति उत्सव मनाया

**धामपुर।** शासन के निर्देशानुसार हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत विकास खण्ड अल्हैपुर की ग्राम पंचायत जित्तनपुर, मौ.पुर सादा, चकराजमल, जैतरा, अलीपुर भिक्कन, नरूलापुर चीमा, सादुल्लाखानपुर, बेरखेडा चौहान आदि पंचायतों में संस्कृति उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत घर पर प्रचारक धामीराम द्वारा भजनों के माध्यम से हमारी संस्कृति हमारी पहचान के बारे में ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ग्राम प्रधान ज्योति सिंह, संध्या देवी, सुनीता देवी, प्रीति देवी, नफीस, ग्राम पंचायत सचिव, त्रिवेंद्र कुमार, कृपाल सिंह, दिव्यांशु कुमार, नसीम अहमद, योगराज सिंह, समस्त पंचायत सहायक एवं ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

### गलियों में पहरा लगा रहे नागरिक



**नहटौर।** मौहल्ला नौधा में ठंड के मौसम चोरी की वारदातों की आशंका को लेकर मौहल्लेवासी सतर्क है। मौहल्ले वासी एकत्रित होकर टोली बनाकर पहरा दे रहे है। मौहल्लेवासी इकबाल अहमद ने बताया कि मौहल्ले के उत्तर की ओर जंगल है। ठंड के मौसम में अधिकतर लोग घरों के अंदर सो जाते है। ठंड के मौसम में चोर इसी का फायदा उठाते हैं। इसलिए मौहल्ले वासियों ने पहरा लगाने का निर्णय लिया है। उधर पुलिस भी रात के समय भी गश्त कर रही है। मौहल्ले की गलियों में पहरा लगा रहे है। पुलिस का सहयोग भी मिल रहा है।

### जसविंदर सिंह बने जिलाध्यक्ष

**नजीबाबाद।** आईआईबीए की एक बैठक का आयोजन कोतवाली मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट पर किया गया। जिसमें उत्तराखंड से आए आईआईबीए के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने उत्तराखंड में प्रस्तावित एवं स्थापित होने वाले उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जसविंदर सिंह ढिल्लो को जिलाध्यक्ष पौड़ी गढ़वाल नियुक्त किया गया। अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड में उद्योगों को स्थापित करने के दौरान जो भी समस्याएं सामने आती हैं। उनके समाधान के लिए संगठन पूरी तत्परता से कार्य करेगा।

# समाधान दिवस में आठ शिकायतें दर्ज, पांच का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना कोतवाली प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने क्षेत्र वासियों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान आठ शिकायतें दर्ज करायी गयी, जिनमें से पांच शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। यदि किसी विवाद से कोई शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें। समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों को सम्मान के साथ जल पान कराया गया। कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार ने कहा कि राजस्व सम्बंधित समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह के आलावा एसएसआई श्रीपाल सिंह, कासमपुरगढ़ी चौकी इंचार्ज मनबीर सिंह, उपनिरीक्षक कमरूल इस्लाम, उप निरीक्षक हरवीर सिंह, उपनिरीक्षक शिवम तायल, पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी सहित कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार, कानूनगो कासमपुरगढ़ी नरेश कुमार, लेखपाल गौरव चौहान, लेखपाल अनिरुद्ध चौहान, जितेन्द्र प्रताप सिंह, ऋषिपाल सिंह, नागेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, संजीव कुमार, जितेन्द्र कुमार, फूल सिंह, लेखपाल तेजपाल सिंह तथा लेखपाल सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

### सिकेड़ा में सत्संग का आयोजन

**कोतवाली देहात।** संत निरंकारी मंडल बरूकी के तत्वाधान में ग्राम सिकेड़ा में पतराम सिंह के आवास पर सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विचार रखते हुए संजीव अग्रवाल ने कहा कि परमात्मा ने इस संसार को बहुत ही सुंदर बनाया है। संत हमेशा सबकी भलाई के लिए कार्य करते हैं। उनकी भावना परोपकारी होती है। संतों ने हमेशा से ही लोगों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य किया है। हमें मनुष्य तन में आने का मौका मिला है और इसी मानव योनि के माध्यम से हमें मुक्ति मिल सकती है। कार्यक्रम का संचालन कृपाल सिंह त्यागी ने किया।

# उद्यमी संवाद एवं समाधान कार्यक्रम

## प्रभारी मंत्री ने की शिरकत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा आयोजित 'उद्यमी संवाद एवं समाधान' कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शिरकत की।

प्राप्त समाचार के अनुसार बिजनौर क्लब में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के उद्यमियों, उद्योग प्रति. निधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की उपस्थिति रही। प्रभारी मंत्री कपिलद.व अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों के विकास, कौशल उन्नयन, निवेश प्रोत्साहन एवं रोजगार सृजन के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बिजनौर जैसे संभावनाशील जनपदों में उद्योग, पर्यटन एवं कौशल विकास को एकीकृत दृष्टिकोण से आगे बढ़ाया जाएगा। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, त्वरित समाधान एवं प्रभावी समन्वय का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकास में जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। कार्यक्रम के दौरान उद्यमियों द्वारा कई महत्वपूर्ण विषय उठाए गए। जिन पर सकारात्मक चर्चा एवं सहमति बनी। जनपद में राज्य व राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे उपयुक्त स्थान पर वृहत औद्योगिक क्षेत्र व एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप की स्थापना की आवश्यकता पर सहमति बनी। जिससे बड़े निवेश, औद्योगिक विस्तार एवं व्यापक रोजगार सृजन को गति मिल सके।

दूसरी तरफ कांवड़ यात्रा के दौरान औद्योगिक इकाइयों को होने वाली परिवहन बाधाओं पर गंभीर चर्चा हुई। इस विषय पर औद्योगिक वाहनों को सशर्त परिवहन छूट, वैकल्पिक मार्ग, समयबद्ध पास व्यवस्था तथा एक व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार किए जाने पर सहमति बनी। जनपद में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए विदुरकुटी, अमानगढ़ वन क्षेत्र एवं अन्य धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों के विकास पर विशेष जोर दिया गया। इस क्रम में जनपद में पर्यटन विभाग का पृथक कार्यालय खोले जाने की आवश्यकता पर सहमति बनी। जिससे पर्यटन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्थानीय स्तर पर बेहतर समन्वय सुनिश्चित हो सके। प्रस्तावित औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए स्थानीय युवाओं के लिए उद्योग-आधारित कौशल प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना तथा एमएसएमई इकाइयों से जोड़कर रोजगार सृजन पर बल दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन आईआईए डिवीजनल चेयरमैन विकास अग्रवाल द्वारा किया गया। प्रतीक जैन ने कौशल विकास विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, महिला आयोग सदस्य श्रीमती संगीता जैन अग्रवाल, श्रीमती हरजिंदर कौर, विनय राणा सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे।

आईआईए बिजनौर के चेयरमैन अवनीश अग्रवाल व सचिव दीपक अग्रवाल ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सदस्यों एवं उद्यमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवादात्मक मंच उद्योग एवं प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं और जनपद को एक सशक्त औद्योगिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगे।

पारस अग्रवाल, महेश अग्रवाल, आशीष जैन, दीपक गर्ग, प्रतीक जैन, मनीष गोयल, निशांत अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अंशुल सिंहल, नितिन सिंघल, सचिन गुप्ता, गौरव अग्रवाल, प्रसून अरोड़ा, मयंक अग्रवाल, मोहित महिंद्रा, मनोज अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, सुंदर गोयल, हर्षित अग्रवाल, भोलू, हसन, अर्जुन गुप्ता, अंकित गोयल आदि भी मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से आम का पेड़ गिरा

## सड़क के दोनों ओर लम्बा जाम लगने से परेशानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** कोटद्वार रोड पर शनिवार को दोपहर लगभग 3 बजे एक अज्ञात ट्रक की टक्कर से सड़क किनारे लगा आम का पेड़ टूटकर गिर गया। इससे सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि एक अज्ञात ट्रक पेड़ में टक्कर मारकर फरार हो गया। पेड़ सड़क पर गिरने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने का प्रयास किया। वन विभाग को भी घटना की जानकारी दी गई। सामाजिक वानिकी विभाग के कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने गिरे हुए पेड़ को सड़क से हटाने का कार्य किया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका।

# शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने किया पैदल गश्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देशन में हीमपुर दीपा पुलिस ने थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के उद्देश्य से एसएसआई कर्मवीर सिंह तालान के नेतृत्व में पैदल गश्त किया।

थाने से निकली पुलिस ने हीमपुर दीपा सहित ग्राम रतनपुर में भी पैदल गश्त किया। साथ ही पुलिस ने संदिग्ध लोगों पर नजर रखते हुए इधर-उधर खड़े लोगों से न केवल खड़े होने की वजह पूछी, बल्कि उनका नाम-पता भी मालूम किया और वेवजह न खडे होने की हिदायत दी।

# दुकान में चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** 6 दिन पहले जूते चप्पल कारोबारी की दुकान पर हुई 70 हजार रुपए नगदी की चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक नाबालिग सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किये गये कुल 56982/- रुपये व घटना में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की है।

यह मामला 05 जनवरी 2026 का है। जब मनोज कुमार पुत्र जितेन्द्र कुमार निवासी मौहल्ला मानकचंद नगीना ने थाने में लिखित तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि अज्ञात अभियुक्तों ने उनकी दुकान की पीछे एग्जास्ट फैन तोड़कर 70000 रुपये चोरी कर लिये थे। इस तहरीर के आधार पर थाना नगीना में मु.अ.सं. 03/26 धारा 331 (4)/305 (I) बीएनएस पंजीकृत किया गया और जांच पड़ताल के लिए टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व अन्य सबूतों के आधार पर अभिषेक उर्फ लब्बू पुत्र रविन्द्र निवासी मौहल्ला जोशियान कस्वा व थाना नगीना, अंकित पुत्र फूलमेघराज उर्फ छोटे निवासी ग्राम फतेहपुर थाना नगीना, लक्ष्य पुत्र कुलदीप जोशी निवासी मौहल्ला जोशियान थाना नगीना को चोरी के कुल 52650/- रुपये और लाल रंग की एक टीवीएस अपाची मोटर साईकिल रजि. नं. UK0437020 के साथ गिरफ्तार कर लिया। इनके अलावा एक नाबालिग को चोरी के कुल 4332/- रुपये के साथ नियमानुसार हिरासत में ले लिया।

# ग्राम पंचायतों सहित अपशिष्ट केंद्रों का बुरा हाल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** ग्राम पंचायत को कूड़ा और गंदगी मुक्त करने और इस कूड़े को खाद्य आदि के रूप में प्रयोग करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी ग्राम पंचायतों में अपशिष्ट केंद्र बनवाए थे। ताकि गांव के सभी सफाई कर्मचारी गांव के कूड़े को अपशिष्ट केंद्रों में डालें। साथ ही ग्रामीण भी अपने कूड़े को इधर-उधर ना फेंककर अपशिष्ट केंद्रों में जमा करें, जिससे ग्राम पंचायत न केवल स्वच्छ नजर आएंगी बल्कि ग्राम पंचायतो में बीमा. रियां भी नहीं बढ़ेंगी परंतु जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते प्रदेश सरकार के द्वारा प्रति पंचायत में खर्च किए गए लाखों रुपए पंचायत का हाल देखकर ठप नजर आ रहे हैं।

ताजा मामला जनपद बिजनौर की ग्राम पंचायत राजोपुर बहमन उर्फ पिपली में सामने आया है। जहां अपशिष्ट केंद्र के बाहर बेतहाशा कूड़ा और गंदगी जमा है। वहीं अपशिष्ट केंद्र के अंदर और भी बुरा हाल है, जिसे देखकर यह साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मचारी ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव कितने जिम्मेदार होंगे। यही केवल एकमात्र पंचायत नहीं है, बल्कि इससे थोड़ा दूर चलने पर ग्राम तिगरी के अपशिष्ट केंद्र का हाल इससे भी बुरा है जहां साफ-साफ लिखा तो दिखाई दे रहा है, परंतु सफाई कोसो दूर है। अपशिष्ट केंद्र के बाहर बेतहाशा गंदगी है। वहीं अपशिष्ट केंद्र के अंदर बने ब्लॉक में भी प्लास्टिक की जगह-कूड़ा, गंदगी की जगह- बैग, जूते और सब मिक्स है, जिसे देखकर यह तो साफ है कि जिले में बैठे जिम्मेदार कितने लाप. रवाह और गैर जिम्मेदार हैं और उन्ही का गैरजिम्मेदार होना नीचे स्तर पर बैठे जिम्मेदारों को गैर जिम्मेदार बना रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के लाखों रुपए और दूरगामी सोच को पलीता लगाने के लिए ऐसे जिम्मेदारों को पलीता अवार्ड से नवाजा जाना चाहिए।



## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम अल्लादिया उर्फ अतीकुर्रहमान व जन्म तिथि 15.11.1981 है। मौहल्ले व परिवार में मुझे लोग अतीकुर्रहमान के नाम से जानते व पहचानते है। इस कारण मेरे बच्चों की वल्दियत स्कूल में प्रवेश के समय अतीकुर्रहमान नाम लिखा गया था जो आज भी उसी प्रकार चला आ रहा है, किन्तु अन्य दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट व विद्युत पानी कनेक्शन आदि में मेरा नाम अल्लादिया पुत्र अब्दुल सलाम लिखा है। वास्तव में अतीकुर्रहमान पुत्र अ. सलाम तथा अल्लादिया पुत्र अब्दुल सलाम एक ही व्यक्ति हैं कोई दो अलग-अलग व्यक्ति नहीं है। अत: स्कूल में बच्चों की वल्दियत सही कराने के लिए यह सूचना प्रकाशित कराई है। **-अल्लादिया उर्फ अतीकुर्रहमान पुत्र अब्दुल सलाम निवासी मौ. लोहारी सराय, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर मो.नं. 9897139244**

## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री नसीम अहमद** द्वारा **संस्था जामा मस्दिज सुआवाला इन्तेजामिया कमेटी, ग्राम व पोस्ट सुआवाला तहसील धामपुर, जिला बिजनौर** का **सेक्रेट्री** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. मौहम्मद यामीन- सदर, 2. इरशाद अहमद- नायब सदर, 3. नसीम अहमद- सेक्रेट्री, 4. अनीसुर्रहमान- नायब सेक्रेटरी, 5. जहांगीर आलम- खजांची, 6. मौ. हाशिम- सलाहकार, 7. पीरू- सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। विदित हो कि उक्त नोटिस सो. रजि. एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से ( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबन्ध**

# धर्म परिवर्तन के प्रयास का आरोप

## हिंदू धर्म जागरण मंच के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** चंगाई सभा के माध्यम से धर्म परिवर्तन के प्रयास का आरोप लगाते हुए हिंदू धर्म जागरण मंच के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और सभा में शामिल लोगों को फटकार लगाते हुए समझाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भनौटी स्थित हिंदू धर्म जागरण मंच के निधि प्रमुख टिकम सिंह फौजी ने बताया कि ग्राम भनौटी निवासी हरी सिंह सैनी के घर पर ईसाई मिशनरियों का सत्संग चल रहा था, जिसमें उनकी पत्नी आशा सहित कई लोग मौजूद थे। आरोप है कि चंगाई सभा के नाम पर ईसाई मिशनरी गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। यह सत्संग ग्राम सिपाहियोंवाला निवासी पास्टर अरुण कुमार सैनी द्वारा संचालित किया जा रहा था।

सूचना मिलने पर धर्म जागरण मंच की टीम मौके पर पहुंची और सत्संग कर रहे लोगों को समझाया। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मामले की जांच की। इस संबंध में आलोक सिंह ने बताया कि धर्म परिवर्तन कराने की सूचना मिली थी, लेकिन जांच में धर्म परिवर्तन जैसी कोई गतिविधि नहीं पाई गई। पुलिस के अनुसार वहां केवल ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से सत्संग किया जा रहा था।

मौके पर हिंदू धर्म जागरण मंच के विभाग सह संयोजक संजय कुमार, जिला प्रशासनिक प्रमुख मनोज चौहान, शेर सिंह भगत, मातृशक्ति से उमेश चौहान, दीपा बहन एवं मंचल देवी सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में विश्व हिंदी दिवस मनाया

**धामपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर में विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त स्टाफ द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है, उसके उत्थान और विकास की ओर हम सबको ध्यान देना चाहिए, क्योंकि बिना हिंदी के हम अपने विचारों को व्यक्त नहीं कर सकते। निज भाषा उन्नति है, निज उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के मिटे न हिय के शूल। इस अवसर पर विद्यालय में हिंदी वर्णमाला से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें समस्त स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पिस्टल निशानेबाजी में सेंटमेरी का छात्र देवांग राय क्वालीफाई

## विद्यालय और नगर का नाम किया रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा सेंट मेरी धामपुर के कक्षा आठवीं के छात्र देवांग राय ने अपने विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया है।

नई दिल्ली में आयोजित चैंपियनशिप में देवांग राय ने 10 मीटर पिस्टल इवेंट में शानदार निशानेबाजी द्वारा नेशनल चैंपियनशिप क्वालीफाई किया है। देवांग राय के पिता लेफ्टिनेंट देवानंद राय ने बताया कि वह बचपन से ही निशानेबाजी में रुचि रखते हैं और देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। देवांग राय वर्तमान में धामपुर शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विनोद कुमार जिला मंत्री उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद बिजनौर तथा समस्त विद्यालय स्टाफ ने छात्र देवांग को सफल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया कि आप भविष्य में हमारे शहर का नाम रोशन करेंगे।

## क्रिसेंट में सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों ने चलाया जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शिक्षक सरीम फरहत, तजीम हाशमी, रिंकू सिंह एवं आसिम खान के निर्देशन में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने राहगीरों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा रिफ्लेक्टर लाइट निःशुल्क वितरित की गईं, जिससे विशेषकर रात्रि के समय सड़क पर चलने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के इस सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करते हैं।

# चीनी मिल के क्रय केंद्रों का निरीक्षण

## किसानों को पंचामृत और जैविक खेती अपनाने का दिया मंत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा बिंदल पेपर्स शुगर मिल लिमिटेड के अंतर्गत गन्ना खरीद प्रक्रिया, विभागीय विकास कार्यों के सत्यापन और बसंतकालीन बुवाई की तैयारियों को लेकर क्षेत्र का भ्रमण किया।

भ्रमण के प्रथम चरण में चीनी मिल के क्रय केंद्र तंगरौला, फेना और नवादा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर गन्ने की तौल सही पाई गई और व्यवस्था संतोषजनक मिली। इसके उपरांत ग्राम तंगरौला में प्रगतिशील कृषक अरविंद कुमार पुत्र शमशेर सिंह के खेत का निरीक्षण किया गया। कृषक द्वारा ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई कर उसके साथ सह-फसली के रूप में सरसों और जौ की खेती की जा रही है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने इसे 'किसानों की आय दोगुनी' करने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया और अन्य किसानों से भी इस मॉडल को अपनाने की अपील की। भ्रमण के अंतिम पड़ाव में ग्राम रामपुर में बसंतकालीन बुवाई को लेकर एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने 'पंचामृत खेती और जैविक खेती पर विशेष बल दिया। उन्होंने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति और फसल की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए रसायनों का प्रयोग कम करें और जैव उत्पादों को प्राथमिकता दें।

किसानों को गन्ने की खेती में पंचामृत विधि के सभी अवयवों को अपनाने की सलाह दी गई। ट्रेंच विधि से बुवाई, सह-फसली खेती, ड्रिप सिंचाई का प्रयोग, पेड़ी प्रबंधन, ट्रेश मल्चिंग, उन्नत प्रजातियां जैसे 0118, 13235, 17231, 18231, 19231, 14201, 16202 की बुवाई करें। जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए और 13231 का चयन करें।

बुवाई से पूर्व बीज को थियोफिनेट मिथाइल से शोधित अवश्य करें। साथ ही भूमि जनित रोगों से बचाव और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए सभी खेतों में ट्राइकोडर्मा का प्रयोग सुनिश्चित करें। इस गोष्ठी में चीनी मिल के डेवलपमेंट हेड इंद्रबीर सिंह, गन्ना प्रबंधक सुरूर आलम जैदी सहित लगभग 35 प्रगतिशील किसानों ने प्रतिभाग किया और नवीन तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया।

# युवा अधिवक्ताओं की बड़ी सफलता

## अखिल भारतीय विधि परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया क्षेत्र का मान






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र के लिए यह गर्व और खुशी का अवसर है कि यहां के होनहार युवा अधिवक्ताओं ने अखिल भारतीय विधि परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और जनपद बिजनौर का नाम रोशन किया है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि से स्योहारा समेत आसपास के इलाकों में खुशी की लहर दौड़ गई है और युवाओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। स्योहारा क्षेत्र के युवा अधिवक्ता फहमी खान, इंजमाम अहमद एवं सादिक सिद्दीकी और सहसपुर नगर के समाजसेवी व युवा अधिवक्ता जीशाने आलम उर्फ शान सहसपुरी ने भारतीय बार परिषद द्वारा आयोजित अखिल भारतीय विधि परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। यह परीक्षा 30 नवंबर 2025 को आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम 7 जनवरी 2026 को घोषित हुआ। देशभर से बड़ी संख्या में विधि स्नातकों ने इस कठिन परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 69.21 रहा।

फहमी खान वर्तमान में जिला न्यायालय बिजनौर में सक्रिय रूप से वकालत कर रहे हैं जबकि जीशाने आलम उर्फ शान सहसपुरी धामपुर तहसील में अधिवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं इंजमाम अहमद और सादिक सिद्दीकी भी न्यायिक क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहते हुए आम जनता को न्याय दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। सभी ने कड़ी मेहनत, निरंतर अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता हासिल की। अपनी सफलता पर युवा अधिवक्ताओं ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए एक नई शुरुआत है। उन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता परिवारजनों, गुरुओं और शुभचिंतकों को देते हुए कहा कि वे आगे भी पूरी ईमानदारी निष्ठा और समर्पण के साथ न्याय व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य करेंगे और समाज की सेवा में जुटे रहेंगे स्थानीय बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने सभी सफल अधिवक्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे मेहनती और प्रतिभाशाली युवा न्यायिक क्षेत्र की सच्ची पूंजी हैं और भविष्य में अपनी अलग पहचान बनाएंगे। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय विधि परीक्षा कानून स्नातकों के लिए अनिवार्य परीक्षा होती है, जिसके उत्तीर्ण होने के बाद अधिवक्ता को विधिक प्रैक्टिस का प्रमाण पत्र प्राप्त होता है। इन युवाओं की सफलता से स्योहारा, सहसपुर और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को यह प्रेरणा मिलेगी कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# शिक्षकों की सभी मांगें न्यायोचित पूरी होनी चाहिए: हेमा मालिनी



## राज्य सम्मेलन की सफलता से गदगद माध्यमिक शिक्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) का 58वां राज्य सम्मेलन मथुरा के किशोरी रमन इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ। सम्मेलन में प्रदेश भर से हजारों की संख्या में शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

मथुरा सम्मेलन से लौटकर माध्यमिक शिक्षक संघ बिजनौर के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि सम्मेलन के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि मथुरा की सांसद श्रीमती हेमा मालिनी ने अपने संबोधन में माध्यमिक शिक्षकों की सभी मांगें को न्यायसंगत बताए हुए कहा कि शासन को उनकी मांगों को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक की उन्नति के बिना कोई भी राष्ट्र विकास के मार्ग पर अग्रसर नहीं हो सकता, शिक्षक राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी होता है उसकी समस्याओं को समझना आवश्यक है।

दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि आगरा से सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि वह भले ही आज केंद्र में मंत्री हैं, किंतु उन्हें आज भी अपने शिक्षक होने पर गर्व होता है। ज्ञात हो कि अपने करियर के प्रारंभिक दौर में श्री बघेल आगरा कॉलेज आगरा में शिक्षक रह चुके हैं। श्री बघेल ने शिक्षकों की सभी समस्याओं को न्याय उचित और आवश्यक बताते हुए कहा कि 13 जनवरी को मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ जी के साथ उनकी भेंट वार्ता है और वह उन समस्याओं पर उनके साथ गंभीर चर्चा करेंगे। इसके पूर्व मुख्य अतिथि तथा अन्य उपस्थित पदाधिकारीगण ने सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक संघ के अध्यक्ष तथा टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा, मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलपति पीके दशोरा, विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता तथा शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, पूर्व एमएलसी जगवीर किशोर जैन, सुभाषचंद्र शर्मा, डा. प्रमोद मिश्रा, इंद्रासन सिंह ठाकुर प्रसाद आदि प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचे व कारतूसों के साथ एक गिरफ्तार

**नांगल सोती।** नांगल पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और कारतूसों के गिरफ्तार कर उसका आर्म्स एक्ट में चालान कर दिया। आरोपी युवक पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज है।

नांगल पुलिस बरकतपुर मिल तिराहे के समीप नांगल चंदक मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक किसी घटना को अंजाम देने के इरादे से मिल तिराहे के पास खाली कालोनी के प्लाट में खड़ा है, जिसके बाद दरोगा गौरव सिरोही, आरक्षी सोनू और आमिर ने उक्त युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पकड़े गए युवक के पास से एक 315 बोर तमंचा 2 जिंदा कारतूस मिले। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपना नाम देशराज उर्फ लक्की पुत्र रामकुमार निवासी गांव लालपुर मान थाना नांगल जनपद बिजनौर बताया। नांगल पुलिस ने बताया कि उक्त युवक पर उत्तराखंड और नांगल थाने में गैंगस्टर सहित कई अपराध दर्ज है। गिरफ्तार करने के बाद आरोपी का संबंधित अपराध में चालान कर दिया गया।

# एस.एम. गुडविल एकेडमी में वार्षिकोत्सव

## विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोहा






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एस.एम. गुडविल एकेडमी स्कूल के 20वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को केंद्र में रखा गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लक्ष्मी जैन ने विद्यार्थियों को समय की कीमत, शिक्षा की भूमिका और भारत के उज्ज्वल भविष्य पर प्रेरक संदेश दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के हरेवली तीराहा स्थित एक बैंक हॉल में एस.एम. गुडविल एकेडमी स्कूल के 20 वे वार्षिकोत्सव के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम के माध्यम से सोशल मीडिया, 26/11, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों, उड़ान सोन्ना तथा उनके समाधन को लेकर सकारात्मक संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों स्कूल के एमडी अंकुर जैन, अनामिका जैन, लक्ष्मी जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल एमडी अंकुर जैन ने सभी अतिथियों अभिभावकों एवं क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एस.एम. गुडविल एकेडमी के इतिहास में एक अत्यंत विशेष भावनाओं से भरा और गौरवपूर्ण है। इस संस्थान के संस्थापक हमारे आदरणीय बाबूजी स्व. श्री गुलाबचंद जैन का विश्वास था कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्कारों, मूल्यों और चरित्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने जिस दीप को ज्ञान के रुप मे जलाया वह आज भी अनेक जीवनों को प्रकाशित कर रहा है।

उनका सपना था कि यह विद्यालय हर बच्चे को एक उड़ान दे। हर प्रतिभा को पहचान दे और समाज को सशक्त शिक्षित व संस्कारी नागरिक प्रदान करे।

स्कूल की एमडी अनामिका ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए जनसहयोग और अभिभावकों के मार्गदर्शन से एस.एम. गुडविल एकेडमी में 20 वर्षो से गुणवत्तापूर्ण और सार्थक शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सबके सामने हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लक्ष्मी जैन ने कहा कि शिक्षा के इन मंदिरों से निकलकर युवा देश को नई दिशा देंगे और भारत को उन्नति की ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

इस अवसर पर सूची शर्मा, मो. निका यादव, लक्ष्मी रावल प्रधानाचार्य पीजी कॉलेज धामपुर, मुकेश रस्तोगी, अनुभाव अग्रवाल, प्रभात शर्मा, नीता शर्मा, शरद चन्द्र शर्मा, मोनिका रुस्तम, लक्ष्मी जैन, उर्मिला पाल धामपुर, शुभम जैन, शुभराश जैन, हर्ष जैन, डा. उर्मिला पाल, मोनिका रुस्तम, लक्ष्मी रावल, अनामिका जैन, अंकुर जैन, शुभम जैन, अर्चित जैन, शरद चन्द्र शर्मा, सूची शर्मा, प्रभात शर्मा, मुकेश रस्तोगी, हरचित जैन, अर्चित जैन, अनुभाव अग्रवाल, प्रधानाचार्य नवनीत शर्मा, संगीता चौहान आदि स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी जैन व संचालक एस. भारती, साहिला, सीजा परवीन, वंश कुमार, दर्श प्रताप ने संयुक्त रुप से किया।

कार्यक्रम के दौरान एम.डी. अंकुर जैन, अनामिका जैन ने डा. शहनावाज, सुहैल इदरीसी, अमिष रस्तोगी, नवनीत चौहान, अबरार अहमद, एस. भारती, मौहम्मद खालिद, अदनान राईन, गुफरान राजा, विजय वर्मा आदि पत्रकारों सहित अतिथियों को शॉल व शील्ड देकर सम्मानित किया।

## एक नजर

### समाधान दिवस में छह शिकायतें दर्ज



**नहटौर।** थाने में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा व सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय ने फरियादियों की समस्या सुनी। कुल 6 शिकायते दर्ज की गई। तीन शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग की टीम व पुलिस मौके पर पहुंची। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार राजकमल सिंह, थानाध्यक्ष धीरज नागर, कानूनगो ओमवीर सिंह, हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, गगनदीप सिंह, परवेज, अक्षय त्यागी, शकील अहमद, दुष्यंत कुमार, कैलाश चंद, निशा, वंदना, दीप्ति आदि मौजूद रहे।

### दिल्ली ने फाइनल में जगह बनाई



**बिजनौर।** नैशनल स्पीड हैंडबॉल का फाइनल दिल्ली और हिमाचल के बीच में होगा। नेशनल स्पीड हैंडबाल चैम्पियनशिप के तीसरे दिन पुरुष वर्ग के सेमी फाइनल में हिमाचल प्रदेश ने विवेक विश्वविद्यालय 32-30 से परास्त किया। उत्तर प्रदेश को दिल्ली ने 27-26 से परास्त कर फाइनल में अपनी जगह बना ली। महिला वर्ग का फाइनल दिल्ली और हरियाणा के बीच ही होगा। क्वार्टर फाइनल पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश ने राजस्थान को 24-16 से पराजित किया। दिल्ली ने हरियाणा को 31-04 से टक्कर मुक. ाबले में हरा दिया। विवेक विश्वविद्यालय ने उत्तराखण्ड को 18-13 से हरा दिया। हिमाचल प्रदेश ने गोपी अकेडमी को 31-25 से हरा दिया। महिला वर्ग में सेमी फाइनल में दिल्ली ने हिमाचल प्रदेश को 16-12 से पराजित किया। हरियाणा ने छत्तीसगढ़ को 20-05 से परास्त किया। क्वार्टर फाइनल में दिल्ली ने उत्तर प्रदेश को 31-04 से हरा दिया। छत्तीसगढ़ ने गोपी एकेडमी को 20-05 से हरा दिया। हिमाचल प्रदेश ने राजस्थान के 08-04 से परास्त किया। हरियाणा ने उत्तराखण्ड को 23-01 से परास्त किया। इस अवसर पर चीफ रैफरी चेयरपर्सन पंकज शर्मा, चीफ टैक्नीकल कम्युनिटि चेयरमैन रोहित सिंह, टैक्नीकल कम्युनिटी बाइस चेयरमैन प्रकाश मिश्रा, ऑग्रेनाइजिंग सैक्रटी विवेक गिरि, दिल्ली सचिव पुनित डबास, चीफ जज मनीष मीणा उत्तर प्रदेश स्पीड हैडबाल के सचिव पप्पल गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

### राजा नाहर सिंह के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम




**हल्दौर।** ग्राम बाटपुरा के दा रॉयल कोर्ट बैंक्वेट हॉल में महान किसान नेता छोटू राम एवं अमर बलिदानी राजा नाहर सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सतपाल सिंह चौधरी ने किसान नेता छोटू राम व अमर बलिदानी राजा नाहर पर प्रकाश डालते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ग्राम प्रधान आशुतोष कुमार उर्फ टीटू द्वारा किया गया। अध्यक्षता चौधरी बलवीर सिंह व संचालन योगेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू ने किया। इस अवसर पर रोहित जाखड़, अदित चौधरी, मनोज सिंह दोहन, विनोद प्रमुख, वीरेंद्र सिंह चौधरी, बलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### पशु चोर गिरफ्तार



**चांदपुर।** ग्राम हैजरपुर निवासी छत्रपाल सिंह पुत्र सीताराम ने 8 जनवरी को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि उसके घेर में बंधी उसकी एक कटिया को चोरों ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 14/26 धारा 303(2) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया था। जबकि दूसरे वादी रईस पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला सराय रफी फीना कॉलोनी ने कहा कि उसके घर में बंधी उसकी भैंस चोरों ने चोरी कर ली है। वादी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना के जरिये पशु चोर को चोरी की कटिया व एक भैंस के साथ गिरफ्तार करते हुए धारा 317(2) की वृद्धि करते हुए मौहम्मद फाहद पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला शाहचंदन चांदपुर के विरुद्ध कार्यवाही प्रचलित बताई है।

### वनवास गमन की मर्मस्पर्शी कथा सुनाई



**नहटौर।** श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा व्यास सुदर्शन जी महाराज ने व्याख्यान करते हुए बताया कि जब राजा दशरथ ने रानी कैकेयी के दो वचनों को स्वीकार किया, तो मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने सहर्ष राजपाट त्याग कर पिता के वचनों को निभाने के लिए वनवास स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि राम कथा केवल एक कहानी नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। जब राम, लक्ष्मण और माता सीता वन की ओर प्रस्थान करने लगे, तो उस समय का अयोध्या का दृश्य अत्यंत कारुणिक था। उन्होंने बताया कि रामायण में प्रभु राम ने सत्ता के मोह को त्याग कर पितृ-भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया और भरत का प्रेम और लक्ष्मण का भाई के प्रति समर्पण हमें रिश्तों की अहमियत सिखाता है। कथा में अशोक चंद्रा, विपिन वर्मा, रमन गोयल, मुकेश अग्रवाल बॉबी, सुमित अग्रवाल, मुकेश चंद्रा, विशाल वर्मा, मोनू अग्रवाल, अमन वर्मा, दयाराम सैनी, आरव वर्मा, भूपेंद्र चौधरी, सचिन कुमार, जतिन चंद्रा आनन्दपाल सिंह, गौरव कुमार, प्रियांशु कुमार, आकांश सैनी, निकुंज वर्मा, कान्हा, अंगद कुमार, लकी चंद्रा, निश्चल त्यागी, प्रदीप अग्रवाल, रतन सिंह सैनी, पवन अग्रवाल, उमाशंकर शर्मा, वंश वर्मा, आर्यन चंद्रा, हीरो गुप्ता, विकास वर्मा, पवन कुमार आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## उपजिलाधिकारी ने धनारी मे विद्युत टीम साथ की छापेमारी

# क्षेत्र के बिजली चोरों में हड़कंप



**बबराला।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव धनारी में तड़के उपजिलाधिकारी ने बिजली टीम के साथ छापामार कार्यवाही की।जिससे हड़कम्प मच गया।

शनिवार को अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला व उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश वर्मा के नेतृत्व में बिजली चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां विद्युत विभाग की टीम को बड़ी मात्रा में कटिया डालकर की जा रही विद्युत चोरी पकड़ी। बिजली चोरी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में उपजिलाधिकारी ने स्वयं गुन्नौर तहसील के धनारी गांव में विद्युत टीम के साथ छापेमारी अभियान चला।बिजली अधिकारियों ने बताया कि गांव में कटिया डालकर चोरी से बिजली चलाई जा रही थी।गांव पहुंचने पर अधिकारियों ने देखा कि चोरी की बिजली लोग चला रहे हैं। विद्युत विभाग ने बकाया बिल जमा नहीं करने पर काफी समय पहले विद्युत कनेक्शन काट दिए हैं उसके बाद भी घरों के अंदर निरंतर बिजली की आपूर्ति हो रही थी। अधिकारियों ने विद्युत चोरी में पकड़े गए लोगों के खिलाफ कार्यवाही को निर्देशित किया गया। अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि 43 उपभोक्ताओं पर 60 किलोवॉट की विधुत चोरी करते पाए गए। इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। विद्युत चोरी के अभियान में उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश वर्मा,तहसीलदार, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला व विद्युत टीम मौजूद रही।

## मजदूरों के हक पर हमला बर्दाश्त नहीं: ओमकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करना ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी, महिलाओं व भूमिहीनों को सशक्त करने का काम किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सैदनगली स्थित कैंप कार्यालय पर मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने 45 दिन तक चलने वाले आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा साझा की। इसे समाप्त या कमजोर करने की कोशिश कांग्रेस किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि आंदोलन के तहत 11 जनवरी को अमरोहा में गांधी मूर्ति पर सत्याग्रह, 12 से 29 जनवरी तक ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम तथा 30 जनवरी को महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर ब्लॉक और वार्ड स्तर पर धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे।

# फुलसिंहा में 11000 बिजली लाइन का तार टूटा, लोग परेशान

■ **दो दर्जन दलितों के घर अंधेरे और पानी की समस्या से परेशान बिजली विभाग लापरवाह**



**संभल।** थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र गांव फूलसिंहा में 24 घंटे से ज्यादा 11000 बिजली लाइन का तार रास्ते मे टूटा पड़ा है। लेकिन अभी तक संभल बिजली विभाग नहीं जाग रहा है।

कारण क्या है गांव में 11000 बिजली लाइन के तार नंगे हैं और आए दिन तार टूटकर कोई ना कोई हादसे होते रहता हैं। गांव के मेन रास्ते पर बिजली लाइन का तार टुटे 24 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं। अभी तक कोई बिजली कर्म चारी वहां पर नहीं पहुंचा है। इसी रास्ते से स्कूल को बच्चे भी पढ़ने जाते हैं। आने जाने वाले भी इसी रास्ते से जाते हैं। काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। और 24 घंटे से पानी भरने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। मोबा. इल चार्जिंग के लिए भी समस्या हो रही है। रात को अंधेरे में रहना पढ़ रहा है। पूरे मोहल्ले ज्यादातर यहां पर दलित लोग रहते हैं। दलितों की संभल में नहीं हो रही है। कोई सुनवाई जनता के प्रतिनिधि आंखें बंद करें बैठे है आज गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ गांव में ही प्रदर्शन किया प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों के नाम अंकुर कुमार गौतम मोहम्मद अनस मोहम्मद यूसुफ ख्रषपाल इरशाद हुसैन दिनेश अशोक पप्पू प्रेम सिंह अंकित कुसमा और अन्य लोक शामिल रहे ।

# 355 वाहनों का चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर की सड़कों पर शराब पीकर बेलगाम गति से वाहन दौड़ाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और परिवहन विभाग सक्रिय हो गया है। शनिवार को पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने एल्कोमीटर से वाहन चालकों की जांच की, तीन वाहन चालकों के शराब पीकर गाड़ी चलाने पर चालान काटे गए। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर जनपद भर में 355 चालान काटे गए।

शनिवार को उप परिवहन आयुक्त बरेली जोन कमल गुप्ता, आरटीओ मुरादाबाद संदीप कुमार पंकज, एआरटीओ अमरोहा महेश शर्मा एवं यातायात प्रभारी अनुज कुमार मलिक ने एल्कोमीटर से वाहन चालकों की जांच की, तीन बाइक चालक ऐसे पाए गए जो कि शराब पीकर गाड़ी चला रहे थे। तीनों के विरूद्ध चालान की कार्रवाई की गई, इनमें से दो बाइकें सीज भी की गईं। इसी के साथ साथ एक पटाखा छोड़ने वाली बुलेट बाइक को भी सीज किया गया। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 355 वाहन चाल. कों के चालान काटे गए। इसी के साथ ही जिन वाहन चालकों ने हेलमेट और सीट बेल्ट पहने थे, उन्हें फूल देकर सम्मानित भी किया गया। वहीं इससे पूर्व सभी अधिकारियों ने हाइवे प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ रोडवेज बस स्टैंड तक जाने के लिए कट बनाने को लेकर भी मंथन किया।

## सैनिक स्कूल परीक्षा में बीएसडी का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल लखनऊ एवं गोरखपुर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में बीएसडी एकेडमी के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के कक्षा छह के 14 तथा कक्षा नौ के 20 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुल 34 बच्चों के चयन से विद्यालय में खुशी का माहौल है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में चयनित विद्यार्थियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक नितिन धारीवाल एवं निर्देशिका सुशीला देवी ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधक नितिन धारीवाल ने कहा कि बीएसडी एकेडमी के छात्र-छात्राएं लगातार शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है, जिससे क्षेत्र और जिले का नाम रोशन हो रहा है। वहीं निर्देशिका सुशीला देवी ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में निशान्त, अंश चौधरी, कार्तिक, शुभ अड़ाना, अक्षित, असद चौधरी, ईशान्त चौधरी आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई का गठन

## हर्षित शर्मा हनी अध्यक्ष एवं प्रतीक गुप्ता बने महामंत्री



**संभल।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक शंकर कॉलेज चौराहा स्थित सर्वेश पेंट स्टोर पर आयोजित की गई जिसमें संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिये युवा व्यापारियों के प्रतिनिधित्व देने के लिए युवा तहसील इकाई का गठन किया गया जिसमें प्रदेश संगठन मंत्री गौरी शंकर चौधरी व जिला उपाध्यक्ष एवं तहसील प्रभारी संभल/असमोली अजय अग्रवाल के निर्देशन में सर्व सहमति से हर्षित शर्मा हनी को अध्यक्ष एवं प्रतीक गुप्ता को महामंत्री नियुक्त किया गया है, जो व्यापारियों के हितों की रक्षा और क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित रहेगी प्रदेश संगठन मंत्री गौरीशंकर चौधरी ने कहा की नवीन कार्यकारिणी व्यापारियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और नए अवसरों की तलाश करने में महत्पूर्ण भूमिका निभाएगी। तहसील प्रभारी संभल एवं असमोली अजय अग्रवाल ने कहा कि युवा इकाई स्थानीय युवा व्यापारियों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा और सरकारी नीतियों में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगी अध्यक्ष हर्षित शर्मा 'हनी' एवं महामंत्री प्रतीक गुप्ता द्वारा सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया गया और कहा कि नवीन इकाई व्यापारिक परिख्रश्य को बदलने और सभी सदस्यों के लिए एक समृद्ध भविष्य बनाने के लिए काम करेंगी इस दौरान बैठक में गौरी शंकर चौधरी, अजय अग्रवाल, हर्षित शर्मा 'हनी', प्रतीक गुप्ता, दीपक गुप्ता, रजत रेवड़ी, अंकित गुप्ता, पुष्कल गुप्ता, आकाश अग्रवाल, हर्ष गुप्ता, वैभव अग्रवाल, दिशु अग्रवाल,अक्षय गुप्ता, पुलकित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति नारी शक्ति का नया आयाम

■ **जनपद सम्भल पुलिस की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति फेज-5' अभियान**

**सम्भल।** महिलाओं एवं बलिकाओं को वितरित किये गये पम्पलेट व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों से अवगत कराया गया।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल सुअनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही हमिशन शक्ति 5. 0 अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी.एम. हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# पशु स्वास्थ्य शिविर में होडिंग से ढका अफसर का नाम

## होर्डिंग विवाद ने घेरा पशुपालन विभाग, अफसर का नाम व तस्वीर ढकने पर मचा बवाल



कार्यक्रम स्थल पर लगे होर्डिंग बैनर पर ढका हुआ अधिकारी का फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** धनौरा तहसील के दारानगर गांव में पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित पशु स्वास्थ्य शिविर जनसेवा से ज्यादा विवादों के कारण सुर्खियों में आ गया है। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए एक होर्डिंग में विशिष्ट अतिथि का नाम और तस्वीर सफेद कागज/कपड़े से ढके जाने का मामला सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया है। लोग इसे महज चूक नहीं, बल्कि जानबूझकर किया गया अपमान मान रहे हैं।

6 जनवरी को आयोजित शिविर में विधानसभा क्षेत्र 39 के विधायक राजीव तरारा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा दत्त समेत अन्य अधिकारी का नाम शामिल था। कार्यक्रम के दौरान मंच पर सभी औपचारिकताएं सामान्य रूप से चलती रहीं, लेकिन परिसर में लगे होर्डिंग ने पूरे आयोजन की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में दो अलग-अलग होर्डिंग सामने आए हैं। एक होर्डिंग में केवल विधायक राजीव तरारा और डॉ. आभा दत्त की तस्वीरें दिखाई दे रही हैं, जबकि दूसरे होर्डिंग में मुख्य अथिति विधायक राजीव तरारा के साथ विशिष्ट अतिथि मे एक अधिकारी और सीवीओ डॉ. आभा दत्त का नाम व फोटो दर्ज है। इसके बावजूद, कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए वास्तविक होर्डिंग में एक अधिकारी का नाम और चेहरा पूरी तरह ढका हुआ नजर आ रहा है। मामले पर भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि सरकारी और सामूहिक कार्यक्रम में किसी अधिकारी का फोटो ढकवाना घटिया मानसिकता और सरकार विरोधी कदम है। अच्छे अधिकारी को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना हीन भावना को दर्शाता है। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। हरपाल सिंह के बयान के बाद विवाद और गहरा गया है। सोशल मीडिया पर लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या अब सरकारी कार्यक्रमों में सम्मान भी चयन के आधार पर तय होगा। फिलहाल पशुपालन विभाग की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस विवाद को गंभीरता से लेकर जांच कराता है या मामला केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित रह जाता है।

### राजनीतिक बयान से गर्माया मामला

**अमरोहा।** भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हरपाल सिंह ने इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा सामूहिक एवं सरकारी कार्यक्रम में किसी अधिकारी का फोटो ढकवाना घटिया मानसिकता और सरकार विरोधी कदम है। अच्छे अधिकारी की अपेक्षा करना और उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमा. नित करना नेता की हीन भावना को दर्शाता है। उन्होंने सरकार से इस पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है।

# तिगरी को पर्यटन के रूप में विकसित कराने की मांग

■ **लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले धनौरा विधायक राजीव तरारा**



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मंडी धनौरा के विधायक राजीव तरारा ने शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान में विधायक ने गजरौला में ट्रॉमा सेंटर की आवश्यकता, तिगरी गंगा का पर्यटन की द्रष्टि से विकास और पक्के घाट का निर्माण, जनपद अमरोहा के अन्तर्गत बदायूं से बिल्सी मार्ग के लगभग बीस किलोमीटर क्षेत्र के चौड़ीकरण की मांग, शेरपुर से ठेट तक अवशेष तटबंध के निर्माण आदि मांगों को उठाया। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इन मांगों को लेकर सकारात्मक रुख दिखाते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि इन सभी मांगों को शीघ्रता से पूरा किया जाएगा। विधायक ने बताया कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कराना उनकी प्राथमिकता है। वे लगातार क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए तत्पर हैं। भाजपा सरकार अंतोदय तक विकास कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत किये जाते है। निविदा की कीमत धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या: 285-DRM-MB-25-26 Date - 10.01.2026 | |
| कार्य का नाम: | Supplying & Loading, leading, unloading & stacking of 115000 cum machine crushed stone ballast of 65 mm gauge size as per Railway Specification including loading of ballast into Rly. wagons/ hoppers at Khurja city depot. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक: | 03.02.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय: | 16:00 |
| अनुमानित लागत: | 15,71,92,350.00 |
| धरोहर राशि: | 9,36,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि: | 10 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि: | 20.01.2026 |

टेन्डर नं.: Sr. DEN-C/Publication/25-26 दिनांक: 10.01.2026 116/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## विश्व हिन्दी दिवस पर जीएमएस में कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर।** जीएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल में विश्व हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों व शिक्षकों में हिंदी भाषा के प्रति सम्मान, प्रेम व जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने हिंदी कविता-पाठ, भाषण, निबंध वाचन एवं विचार-प्रस्तुति के माध्यम से हिंदी भाषा की ऐतिहासिक महत्ता, उसकी समृद्ध परंपरा तथा वैश्विक स्तर पर उसकी उपयोगिता पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर संस्थान चेयरमैन शाहनवाज अली ने कहा कि विश्व हिंदी दिवस प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विश्व पटल पर हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और सम्मान को बढ़ावा देना है।

# मेरठ प्रकरण में राजनैतिक बयानबाजी न करे विपक्ष

■ **योगी सरकार में अपराधियों को रियायत की संभावना नहीं: आचार्य प्रमोदकृष्णम**



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य श्री प्रमोदकृष्णम ने कहा कि मेरठ के सरधना में हुई घटना में विपक्ष को संवेदनशीलता का परिचय देते हुए राजनैतिक बयानबा. जी नहीं करनी चाहिए।

नगर के शुक्लपुरी में शनिवार की देर शाम को भाजपा नेता डॉ.राजीव शुक्ल के आवास पर पहुंचे आचार्य श्री प्रमोदकृष्णम का स्वागत किया गया। यहां पर पत्रकारों से हुई बात. चीत में उन्होंने कहा कि मेरठ सरधना में हुई घटना बहुत दुखद है। विपक्ष को विरोध करना चाहिए मगर हत्या, दुष्कर्म और दलित उत्पीड़न जैसे संवे. दनशील विषय पर विपक्ष को संवे. दनशीलता का परिचय देते हुए राजनैतिक बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि शासन प्रशासन प्रकरण में सही कार्रवाई करते हुए दूध का दूध और पानी का पानी होगा और पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। उन्होंने इस कांड को वीभत्स और घिनौना बताते हुए कड़े शब्दों में निंदा की। कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में किसी भी अपराधी को रियायत मिलने की कोई संभावना नहीं है। विपक्ष को इस प्रकरण पर राजनीति करने की बजाए संवेदनशील होना चाहिए। इस मौके पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह, डॉ. राजीव शुक्ल, डॉ.रविन्द्र शुक्ल, प्रमा. ेद कुमार, सचिन बंसल, राकेश जिंदल, अंकुश त्यागी, विकास चौहान, मनोज चौहान मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/ III/ मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चौक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 270-DRM-MB-25-26 Date 08.01.2026 | 276-DRM-MB-25-26 Date 08.01.2026 | 277-DRM-MB-25-26 Date 08.01.2026 | 282-DRM-MB-25-26 Date 08.01.2026 | 283-DRM-MB-25-26 Date 08.01.2026 |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of Gang Tools Cum Rest Room in the the Section of SSE/ W/ SPN & RAC under ADEN/SPN | Misc. P.way works in connection with track maintenance in the section of SSE/ P.way/ BE (Except BE Yard) under ADEN/BE | Misc. P. Way works in C/W Track maintenance of the Section of SSE/P. way/RMU under ADEN/BE | Civil work in C/w maintenance of Bridges, FOB, ROB/ RUBS and other associate works in the section ADEN/BE | Misc. Track Work in the Section of SSE/ P.way/ BE in BE Yard & approaches under ADEN/ BE. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/ समय | 04.02.2026 at 16:00 Hrs | 04.02.2026 at 16:00 Hrs | 04.02.2026 at 16:00 Hrs | 04.02.2026 at 16:00 Hrs | 04.02.2026 at 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत (₹) | 64,98,697.48 | 89,98,661.02 | 79,99,745.05 | 1,14,98,549.73 | 64,99,154.52 |
| धरोहर राशि (₹) | 1,30,000.00 | 1,80,000.00 | 1,60,000.00 | 2,07,500.00 | 1,30,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 21.01.2026 | 21.01.2026 | 21.01.2026 | 21.01.2026 | 21.01.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 Months | 12 Months | 12 Months | 12 Months | 12 Months |

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 10.01.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 112/2026

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे

**शाह टाइम ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर प्रभावी रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मैनाठेर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हिंदू देवी-देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बिलारी के पर्यवेक्षण में थाना मैनाठेर पर पंजीकृत मुकदमा के अंतर्गत आरोपी तालिब अली पुत्र छुन्नन, निवासी अलीनगर, थाना सोनकपुर, जनपद मुरादाबाद को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, दिनांक 9 जनवरी को शिकायतकर्ता राहुल चौधरी पुत्र राजवीर सिंह, निवासी नसीरपुर, थाना मैनाठेर द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म x-com ट्विटर पर "TALIBALI" नामक हैंडल से हिंदू देवी देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक और आपराधिक सामग्री प्रसारित की जा रही है, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन भी बरामद कर अपने कब्जे में लिया है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।




# करूला इलाके में ठंड से बचाव को अलाव तापते समय आग से झुलसा युवक, गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र स्थित करूला इलाके में ठंड से बचाव के दौरान एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। बढ़ती ठंड से राहत पाने के लिए अलाव जलाना एक युवक के लिए भारी पड़ गया। इस घटना में करूला निवासी फुरकान गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, फुरकान अपने कुछ दोस्तों के साथ अमन शादी मंडप के पास अलाव ताप रहा था। इसी दौरान उसके एक दोस्त ने लाप. रवाही बरतते हुए जलती आग में अचानक थिनर की बोतल डाल दी। थिनर डालते ही आग की लपटें तेजी से भड़क उठीं और चारों ओर फैल गईं। अचानक भड़की आग की चपेट में आकर फुरकान बुरी तरह झुलस गया।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दोस्तों और स्थानीय लोगों की मदद से फुरकान को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि फुरकान के शरीर का काफी हिस्सा झुलस चुका है, जिसके चलते उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मामले की जानकारी में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि यह हादसा लापरवाही के कारण हुआ है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाते समय ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें और पूरी सावधानी बरतें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।



# पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न सर्वसम्मति से चुने गए पदाधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक चुनाव शनिवार को पंचायत भवन में प्रांतीय आह्वान पर सम्पन्न हुआ।



नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होते ही संघ के विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल किए गए। जनपद मुरादाबाद के आठों विकास खंडों से आए सफाई कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से सभी नामांकन कर्ताओं को निर्वाचित घोषित किया।चुनाव अधिकारी के समक्ष जिला अध्यक्ष पद पर राजपाल सिंह, जिला महामंत्री पद पर कपिल कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर मुन्नू सिंह, संगठन मंत्री पद पर सत्यप्रकाश सिंह तथा जिला सम्प्रेक्षक पद पर सुदेश मसीह ने नामांकन दाखिल किया। प्रत्येक पद के लिए एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने के कारण सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।यह निर्वाचन प्रांतीय संघ के आदेश के अनुपालन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में चुनाव प्रभारी चरन सिंह सहित जसपाल सिंह वाल्मीकि, विनेश कुमार राही, आशीष शौरी, संजय कुमार, मुकेश कुमार, प्रेमच. ंद, राकेश कुमार, सुनील कुमार, अखिलेश कुमार, पंकज कुमार, विपिन कुमार एवं रमौतार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।इसके अतिरिक्त विभिन्न विकास खंडों के ब्लॉक अध्यक्ष, पूर्व पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। निर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा, समस्याओं के समाधान तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# तीन दिवसीय केस स्टडी कार्यशाला का सफल समापन शिक्षकों ने उद्योगों में जाकर समझीं वास्तविक समस्याएं

**मुरादाबाद।** टिमिट के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय केस स्टडी आधारित कार्यशाला का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली से जोड़ना तथा कक्षा शिक्षण को अधिक व्यावहारिक, प्रासंगिक और उद्योगोन्मुख बनाना रहा। कार्यशाला के दूसरे दिन शिक्षकों ने विभिन्न मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस सेक्टर से जुड़े उद्योगों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने उद्योगों में प्रबंधन, उत्पादन, विपणन, मानव संसाधन, गुणवत्ता नियंत्रण एवं नवाचार से संबंधित व्यावहारिक चुनौतियों को नजदीक से समझा। उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवाद कर शिक्षकों ने इन समस्याओं का विश्लेषण किया तथा उन्हें केस स्टडी के रूप में विकसित किया, जिससे विद्यार्थियों को वास्तविक उद्योग परिदृश्यों पर आधारित अध्ययन का अवसर मिल सके। कार्यशाला में तीसरे एवं अंतिम दिन इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि उद्योगों से प्राप्त अनुभवों को कक्षा शिक्षण में किस प्रकार प्रभावी रूप से शामिल किया जाए। तैयार की गई केस स्टडीज से विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, समस्या समाधान क्षमता और निर्णय लेने के कौशल को विकसित करने में मदद मिलेगी।



कार्यशाला के समापन अवसर पर तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करती हैं और शिक्षण को केवल सैद्धांतिक न रखकर व्यावहारिक बनाती हैं। उन्होंने इस केस स्टडी कार्यशाला की सफलता के लिए सभी संबंधित विभागों के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। प्रोफेसर विपिन जैन ने इस अवसर पर टीएमयू के माननीय वाइस चांसलर प्रोफेसर विनोद जैन एवं डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर मंजुला जैन का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से इस प्रकार की अकादमिक एवं उद्योगोन्मुख गति. विधियों का सफल आयोजन संभव हो सका। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री अजय अग्रवाल (राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त एचआर इंटरवेंशनिस्ट एवं कॉर्पोरेट ट्रेनर), डॉ. नीरज कुमार (उपाध्यक्ष, इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन), प्रोफेसर माइमूना अख्तर (मानद सचिव, इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन) तथा डॉ. राजेश अग्रवाल (कोषाध्यक्ष, इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि तीर्थंकर महावीर विश्व. विद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर विनोद जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट टिमिट प्रोफेसर विपिन जैन, डिप्टी -डीन एकेडमिक्स टीएमयू डॉ अमित कंसल, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य प्रोफेसर आशु मित्तल, उप-प्राचार्य प्रोफेसर मयूरी पुरोहित जी गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। समापन सत्र में प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और इस कार्यशाला को ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया।

आयोजकों ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस प्रकार की गति. विधियों के माध्यम से विश्वविद्यालय में नवाचार आधारित शिक्षण को और अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा।

## एक नजर

### बजरंग दल ने शौर्य दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन



**मुरादाबाद।** बजरंग दल द्वारा शौर्य दिवस के अवसर पर खुशहालपुर रोड स्थित चॉइस वेंकट हॉल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को सनातन धर्म के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराना और उनमें राष्ट्र व धर्म के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बजरंग दल के महानगर विद्यार्थी प्रमुख शुभम देशभक्त ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बजरंग दल का गठन राष्ट्र और धर्म की सेवा व सुरक्षा के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा साप्ताहिक मिलन और सत्संग के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति, संस्कार और सकारात्मक सोच विकसित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।शुभम देशभक्त ने कहा कि यदि युवाओं को नकारात्मकता से दूर रखकर संस्कारवान बनाया जाए तो समाज में बढ़ते अपराधों पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने विक. सित भारत के स्वप्न पर बोलते हुए कहा कि आज जिस विकसित भारत की कल्पना की जा रही है, वह युवा पीढ़ी की सक्रिय सहभागिता के बिना अधूरी है। इसलिए युवाओं को देश और धर्म के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा।कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार के तहत कुछ नए दायित्वों की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद जी ने किया। इस अवसर पर कुणाल, प्रशांत, शिवम, प्रियम, अमित, प्रियांशु, अमन, दीपक सहित बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में छात्रों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी



**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में महात्मा गांधी मेमोरियल डिग्री कॉलेज एवं हिंद इंटर कॉलेज, संभल में छात्रों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिसकर्मियों ने छात्र-छात्राओं को सड़क पर सुरक्षित चलने, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, तेज गति से वाहन न चलाने तथा यातायात संकेतों का पालन करने के महत्व के बारे में बताया।

इसके साथ ही सभी छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। रैली में शामिल छात्रों ने हाथों में जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर सुरक्षित यातायात अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं आम लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। यातायात पुलिस ने सभी से नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा करने की अपील की।


### शनिवार को निकली धूप, कड़ाके की सर्दी से मिली लोगों को राहत

**चन्दौसी।** बीते कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच शनिवार को मौसम ने कुछ राहत दी। सुबह से ही आसमान साफ रहा और दिन चढ़ने के साथ तेज धूप निकलने से लोगों को सर्दी से काफी हद तक निजात मिली। धूप निकलते ही लोग घरों से बाहर निकले और खुले स्थानों, छतों व बाजारों में धूप का आनंद लेते नजर आए। ठंड के कारण पिछले दिनों जहां जनजीवन प्रभावित था, वहीं शनिवार को तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई। धूप निकलने से विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और राहगीरों को राहत मिली। बाजारों में भी रौनक दिखाई दी और दुकानों पर चहल-पहल बढ़ गई। लोग धूप सेंकते हुए आपस में बातचीत करते नजर आए। मौसम साफ रहने से वाहन चालकों को भी राहत मिली, क्योंकि कोहरे के कारण होने वाली दृश्यता की समस्या से छुटकारा मिला। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना है, जिससे ठंड का असर कुछ कम हो सकता है। हालांकि सुबह और रात के समय ठंड बनी रहने की संभावना जताई गई है।

# टीएमयू संवादकास्ट वैश्विक स्तर पर बनेगा अकादमिक आवाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने कहा, शिक्षा क्लास रूम की चाहर दीवारों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संवाद और अनुभव से विकसित होती है। इंटरनेट के इस युग में हम सबके पास प्रचुर जानक. ारी सुलभ तो है, लेकिन गंभीर और सार्थक संवाद दुर्लभ हो गया है। श्री अक्षत तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के आधिकारिक पॉडकास्ट- टीएमयू संवादकास्ट- वेयर एवरी वॉइस लाइट्स द पाथ के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री जैन बोले, टीएमयू संवादकास्ट का उद्देश्य स्टुडेंट्स को केवल कंटेंट नहीं, बल्कि संदर्भ और दृष्टिकोण प्रदान करना है, जिससे व्यक्तिगत विकास और निरंतर सीख को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई, यह संवादकास्ट शिक्षा के संग-संग नवाचार, नेतृत्व और सामाजिक सरोकारों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे पूर्व स्पॉटिफाई की एशिया पैसिफिक गवर्नमेंट अफेयर्स की रीजनल डायरेक्टर सुश्री विनीता दीक्षित ने बतौर मुख्य अतिथि तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के आधिकारिक पॉडकास्ट- टीएमयू संवादकास्ट- वेयर एवरी वॉइस लाइट्स द पाथ का विधिवत उदघाटन किया। स्पॉटिफाई की रीजनल डायरेक्टर सुश्री विनीता दीक्षित ने बतौर मुख्य अतिथि ऑनलाइन कहा, भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पॉडकास्ट बाजार है। यह क्षेत्र तीव्र गति से उड़ान भर रहा है। उन्होंने बताया, वर्ष 2024 में भारतीय पॉडकास्ट उद्योग का बाजार लगभग 900 मिलियन डॉलर रहा और 2030 तक इसके 4.5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पॉडकास्ट स्टोरीटेलिंग का एक प्रभावी और आत्मीय माध्यम है। यह श्रोता और वक्ता के बीच सीधा जुड़ाव स्थापित करता है। टीएमयू संवादकास्ट को उन्होंने अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। पूर्व सेना अधिकारी, टीईडीएक्स वक्ता और राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्मों के अभिनेता मेजर (डॉ.) मोहम्मद अली शाह ने बतौर विशिष्ट अतिथि ने वर्चुअली टीएमयू की सकारात्मक संस्कृति और अकाद. मिक वातावरण का श्रेय यूनिवर्सिटी की टॉप लीडरशिप को देते हुए कहा, यूनिवर्सिटी की असली ताकत उसकी इमारतों में नहीं, बल्कि उसके छात्रों, शिक्षकों और कारिंदों में होती है। मेजर शाह बोले, टीएमयू संवादकास्ट छात्रों के लिए प्रेरणा, संवाद और नेतृत्व विकास का सशक्त मंच बनेगा। टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने आशा जताई, टीएमयू संवादकास्ट छात्रों, शिक्षकों और समाज के लिए ज्ञान का प्रकाशस्तंभ बनेगा। साथ ही यह मंच वैश्विक स्तर तक टीएमयू की आवाज पहुंचाएगा। डीन एकेडमिक्स, डॉ. मंजुला जैन ने कहा कि संवादकास्ट केवल एक पॉडकास्ट नहीं, बल्कि विश्व को टीएमयू की अकादमिक आवाज के तौर पर पहचान दिलाएगा। इसके पश्चात टीएमयू संवादकास्ट के पहले एपिसोड की रिकॉर्डिंग आरंभ हुई, जिसमें मेजर (डॉ.) मोहम्मद अली शाह ने एंकर की भूमिका निभाई। मेजर शाह ने सुश्री विनीता दीक्षित से नेतृत्व, संवाद, भविष्य की शिक्षा, पॉडकास्ट की भूमिका और युवाओं के लिए आवश्यक कौशलों पर गहन चर्चा की। सुश्री दीक्षित ने युवाओं को जिज्ञासु, संवे. दनशील, नैतिक और अनुक. ूलनशील बनने की सलाह दी। अंत में असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनंद ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रो. हरबंश दीक्षित, प्रो. एमपी सिंह, प्रो. प्रवीन जैन, प्रो. सुशील कुमार सिंह, प्रो. राजुल रस्तोगी, डॉ. अमित कंसल, डॉ. ज्योति पुरी, अवनीश पवारिया, प्रो. प्रदीप तांगड़े, डॉ. अं. कता जैन, प्रो. आशु मित्तल, प्रो. नवनीत कुमार, डॉ. रत्नेश जैन आदि की भी गरिमामयी मौजूदगी रही।




# उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन का 15वां तीन दिवसीय सम्मेलन महानगर में हुआ शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन का 15वां तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन मुरादाबाद में शुरू हो गया है। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि खेत मजदूरों की समस्याओं के साथ-साथ देश और प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर विचार-विमर्श कर रहे हैं।सम्मेलन के पहले दिन सिविल लाइंस स्थित अम्बेडकर पार्क में खुले सत्र के तहत एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। खुले सत्र की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कॉमरेड शाकिर हुसैन ने की, जबकि संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष कॉमरेड थान सिंह ने किया। जनसभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड वी. वेंकट ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकारें दलित, महिला, आदिवासी और अल्पसंख्यक विरोधी नीतियां अपना रही हैं। खेत मजदूरों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित संघर्ष को तेज करना होगा। उन्होंने मनरेगा के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कहा कि नई योजनाएं मजदूरों के साथ धोखा हैं। साथ ही केरल मॉडल का जिक्र करते हुए पूरे देश में समान मजदूरी लागू करने की मांग की।संगठन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कॉमरेड विक्रम सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खेत मजदूरों, दलितों और आदिवासियों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। उनके खिलाफ बढ़ते हमलों के विरोध में संयुक्त आंदोलन की जरूरत है।जनसभा को प्रदेश अध्यक्ष कॉमरेड सतीश कुमार, महासचिव कॉमरेड बृज लाल भारतीय और कॉमरेड राजीव शांत ने भी संबोधित किया। इसके अलावा किसान सभा, ए आई एल यू ,सी टी यू , जनवादी नौजवान सभा और माकपा के नेताओं ने सम्मेलन को शुभकामनाएं देते हुए खेत मजदूरों के साथ एकजुटता का संकल्प दोहराया।

# आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद की चैरिटेबल ट्रस्ट के स्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिक्षा के माध्यम से समाज के अंधकार को दूर करने के संकल्प के साथ चौरिटेबल ट्रस्ट "आओ हाथ बढ़ाएं" की स्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राधिका फार्महाउस में एक गरिमामय, प्रेरणादायक और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करना रहा। "आओ हाथ बढ़ाएं, ज्ञान की लौ जलाएं" की भावना पूरे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिखाई दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ. एस.के. वर्मा शिक्षा निदेशक, दिल्ली, प्रोफेसर बीएमयू रोहतक एवं भारत निदेशक व प्रबंधक माता स्कूल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. इंदु वर्मा (पूर्व आचार्य, राष्ट्रीय सलाहकार , सामाजिक कार्यकर्ता एवं लर्निंग कॉर्नर काउंसलर) उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का शुभारंभ कटघर स्थित श्री रामकृष्ण वेद विद्यालय के बच्चों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। इस अवसर पर आचार्य अखिलेश पांडेय की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 60 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग एवं स्टेशनरी किट वितरित की गई, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास झलकता नजर आया।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और आकर्षक बना दिया।अभीशा द्वारा गणपति वंदना, पार्कर म्यूजिक वर्ल्ड के बच्चों द्वारा भरतनाट्यम, आओ हाथ बढ़ाएं ट्रस्ट के बच्चों तथा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों द्वारा पावर योगा डांस, वहीं बढ़ते कदम एनजीओ के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम में सामा. जिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली अनेक संस्थाओं और व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम बताया और भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। अंत में ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय ने सभी अतिथियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।




**नामपरिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम
ZAMIRUDDIN SIDDIQIU
से बदलकर ZAMIRUDDIN
पुत्र श्री MOHAMMED
IQBALSIDDIQIU
रख लिया है।
आगे मुझे इसी नाम से जाना जाए।
**मोहल्ला विश्नोई सराय,**
**नगीना, जिला बिजनौर।**

**नामपरिवर्तन सूचना**

मेरे पति का नाम
MOHAMMAD ANVAR
पासपोर्ट संख्या: **N-3438853**
लिखा है जो कि गलत है।
सही नाम आधार कार्ड में
**MOHAMMAD ANWAR**
है। अब इसी नाम से जाना जाए
पत्नी शैला नि. हमसफर हाल
जमा मस्जिद, मुरादाबाद।

# कूड़ी हटाने को लेकर विवाद, मारपीट की आशंका जताते हुए ग्रामीणों ने एसपी से मांगी पुलिस मदद

शाह टाइम्स संवाददाता

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम रूपपुर टंडोला के ग्रामीणों ने कूड़ी (कचरे के ढेर) को लेकर उत्पन्न विवाद में मारपीट की आशंका जताते हुए पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद को प्रार्थना पत्र देकर पुलिस सहायता की मांग की है। प्रार्थना पत्र में पिंकी पत्नी दिनेश कुमार, सत्यपाल सिंह पुत्र मलखान सिंह और मुकेश पुत्र श्री महाराज सिंह निवासी ग्राम रूपपुर टंडोला, थाना ठाकुरद्वारा ने बताया कि वे अपने गांव में स्थायी रूप से निवास करते हैं और अपने मकान का निर्माण करा रहे हैं। इसी दौरान गांव में गजराम व जारा द्वारा कूड़ी डाल दी गई, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में उन्होंने पहले भी उपजिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत की थी, जिस पर लेखपाल व कानूनगो द्वारा जांच की गई और कूड़ी को गलत स्थान पर पाया गया। अब जब वे कूड़ी हटाने की बात कर रहे हैं तो गजराम पुत्र मुरली मारपीट पर उतारू हो रहा है और झगड़ा करने को तैयार रहता है। पीड़ितों ने आशंका जताई है कि कूड़ी हटाने के दौरान कोई अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि 10 जनवरी 2026 को थाना दिवस के अवसर पर पुलिस बल भेजकर कूड़ी हटवाई जाए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि वे अपने मकान का निर्माण शांतिपूर्ण ढंग से कर सकें। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** नाबालिग छात्रा के अपहरण के आरोप में परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उत्तराखंड के काशीपुर थाना कुंडा ग्राम बाबरखेड़ा निवासी दीपमाला पत्नी स्वर्गीय प्रदीप कुमार, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 1। वर्षीय पुत्री अपने नाना ग्राम फरीदनगर,में रहकर नगर के एक स्कूल में कक्षा छह की पढ़ाई कर रही थी। 08 जनवरी की शाम लगभग 7.30 बजे छात्रा घर से अचानक गायब हो गई। आसपास और रिश्तेदारों में तलाश करने पर जानकारी मिली कि विनीत पत्र, गजेंद्र निवासी ग्राम पपटपुरा थाना मझौली, आशीष, दीक्षा गौतम पुत्री सुरेश सिंह, शुभम पुत्र सुरेश सिंह, प्रशांत पुत्र नरेश तथा अन्य साथियों ने मिलकर नाबालिग छात्रा का अपहरण किया है। पुलिस ने प्रार्थिनी की तहरीर के आधार पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सड़क हादसे में घायल ट्रैक्टर चालक की इलाज के दौरान मौत

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर हमीर निवासी ट्रैक्टर चालक मोहम्मद असीम की सड़क हादसे में घायल होने के करीब एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात मौत हो गई। असीम पिछले आठ दिनों से मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती था। जानकारी के अनुसार मोहम्मद असीम शाहबाद से मुरादाबाद गोशाला के लिए उड़द का भूसा लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से आ रहा था।



रास्ते में अचानक ट्रॉली का हिच टूट गया। इसके चलते ट्रॉली ट्रैक्टर से अलग होकर सड़क पर घिसटने लगी और ट्रॉली पर रखा उड़द के भूसे से भरा बोरा चालक असीम के ऊपर गिर पड़ा। हादसे में असीम बुरी तरह दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हो सका। शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान असीम ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। उसके परिवार में पत्नी मुस्कलीन और चार बच्चे दो बेटे व दो बेटियाँ हैं।

## टेंट का सामान ले जाते समय आपसी विवाद, जमकर चले लाठी-डंडे

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव चकफाजलपुर में शनिवार की सुबह टेंट का सामान ले जाते समय आपसी विवाद हिंसक हो गया। बताया गया कि गांव का एक युवक टेंट का सामान लेकर जा रहा था, इसी दौरान कुछ लोगों से उसकी कहासुनी हो गई। जो थोड़ी ही देर में मारपीट में बदल गई। आरोप है कि विवाद के दौरान लाठी-डंडे चले, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना में युवक के सिर में गंभीर चोट आई। जानकारी के अनुसार, यह विवाद कुछ दिन पहले हुई कहासुनी को लेकर दोबारा भड़क उठा। घायल युवक थाने पहुंचा जहां उसने घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने युवक का मेडिकल परीक्षण कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# टैक्सी स्टैंड मुंशी ने मरने से पहले लिखा सुसाइड नोट, चार लोगों पर लगाया आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

### मृतक मुंशी की पत्नी की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** वाहनों के मुंशी द्वारा आत्महत्या करने के मामले में उसके पास मिले सुसाइड नोट में चार लोगों द्वारा उत्पीड़न करने की बात कही। सुसाइड नोट मिलने के बाद पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो उसका अंतिम संस्कार किया गया। जिसके बाद मृतक की पत्नी ने सुसाइड नोट के आधार पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी।

जिसके बाद पुलिस ने तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक मुकदमे की जांच चल रही है और सुसाइड नोट की भी जांच की जा रही है। उसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। जिला संभल के थाना हजरतनगर गढ़ी के गांव अकबरपुर निवासी उपेंद्र चौधरी वाहनों का मुंशी था। वह मौजूदा समय में बिलारी के देव धाम कॉलोनी में पत्नी इंदु के अलावा दो बेटे आयुष और डेविड के साथ रह रहा था। कुछ दिन पूर्व एक मारपीट के मामले में बस के मुंशी पर मुकदमा हुआ, इसके अलावा व्यापारियों के साथ अभद्रता करने के मामले में व्यापारी कोतवाली भी पहुंचे थे। जिसके बाद से आरोपी बस मुंशी बुरी तरह से तनाव में था। बीती शुक्रवार की शाम 4 बजे करीब महाराणा प्रताप चौक स्थित ऑफिस में फांसी पर लटककर उसने अपनी जान दे दी। परिवार के लोग इलाज के लिए पहले बिलारी के निजी अस्पताल उसके बाद मुरादाबाद के अस्पताल में ले गए। पुलिस मौके पर पहुंची तो तलाशी ली। मृतक की जेब में एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें आरोप लगाया कि उसे बिलारी निवासी जूता कारोबारी प्रदीप गुप्ता, अधिवक्ता राजू गुप्ता व उसने भाई राजेश उर्फ दुईया के अलावा मारुति वैन मालिक बबलू सक्सेना परेशान कर रहे हैं। जिसके कारण वह अब बुरी तरह से परेशान हो चुका है और ज्यादा परेशानी नहीं झेल सकता। अपनी मौत का जिम्मेदार चारों को बताया। सुसाइड नोट मिलने के बाद मृतक की पत्नी इंदु चौधरी ने कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें कहा कि वह पति और बच्चों के साथ देवधाम कॉलोनी में रहती हैं। उनके पति कुछ व्यक्ति द्वारा परेशान करने की बात कही थी और वह अक्सर आत्महत्या करने की बात कहते थे। उनके जेठ ने बीती 4 बजे उनके पति को फोन किया और समझाया कि मैं बिलारी आ रहा हूं। आत्महत्या जैसी बात नहीं सोचना, जब उसके जेठ गांव से यहां आए तो उनके पति ने शाहबाद रोड पर ऑफिस में गले में रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली और सुसाइड नोट छोड़ा। मामले में तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 40 वर्षीय विवाहिता ने नीम के पेड़ पर लटक कर दी जान

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव रामनगर गंगपुर में पप्पू मौर्य की चालीस वर्षीय पत्नी द्रोपा ने गांव के बाहर खेत में खड़े नीम के पेड़ पर लटककर आत्महत्या कर ली और चार रोते बिलखते बच्चों को छोड़ दिया। शनिवार की सवेरे देर सबेरे जब खेतों पर गए लोगों ने शव लटकते देखा तो गांव में खबर दी। इस पर गांव के लोग घटनास्थल पर गये। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पप्पू मौर्य की पत्नी द्रोपा को ग्रामीणों ने सवेरे खेतों की ओर जाते देखा परंतु कुछ देर बाद उन्हें पता चला उसका शव रस्सी से नीम के पेड़ पर लटका हुआ है। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतका ने दो बेटे और दो बेटियां रोते बिलखते छोड़े हैं।पति बंटाई पर खेती किसानी करता है घटना के समय में सोंडारा गांव में खाद लेने गया था जो गेहूं में लगाना था उसके पीछे उसने घटना को अंजाम दे दिया मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह भी गए थे। फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

# थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी जनता की समस्या



**कांठ ( शाह टाइम्स )** थाना समाधान दिवस का आयोजन सर्कल के थाना छजलैट और कांठ में किया गया जिसमें एसडीएम संत दास पवार ने छजलैट में क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराए जाने के निर्देश दिए। बतादे की समाधान दिवस का आयोजन एक शनिवार तहसील में और दूसरे शनिवार को थाने में क्रमानुसार किया जाता है जिसमें लोग अपनी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचते हैं मगर वहां पर ज्यादातर राजस्व से जुड़े मामले सामने आते हैं जिनका निस्तारण राजस्व विभाग की टीम करने का प्रयास करती है। आज भी इसी तरह के मामले थाने पहुंचे एसडीम ने समय रहते उनके निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर थाना प्रभारी कानून गो लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर कार्य से त्रस्त होकर जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को समाजवादी पार्टी ने दी 2 लाख की आर्थिक मदद

**कांठ ( शाह टाइम्स )** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांठ विधानसभा क्षेत्र के निवासी स्वर्गीय सर्वेश जाटव द्वारा एसआई आर से संबंधित कार्य के दौरान उत्पन्न गंभीर मानसिक दबाव के कारण की गई आत्महत्या की अत्यंत दु:खद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए, अपने पूर्व घोषित आश्वासन के अनुरूप पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। कांठ विधानसभा के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर की उपस्थिति में स्वर्गीय सर्वेश जाटव की धर्मपत्नी श्रीमती बबली देवी जी को दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया, जिससे शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में आर्थिक संबल मिल सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं और यह आवश्यक है कि ऐसे मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से कहा कि पीड़ित परिवार की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से घ1 करोड़ (एक करोड़ रुपये) की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाए, ताकि परिवार को भविष्य में किसी भी प्रकार की असहनीय कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। समाजवादी पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह पीड़ित परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है तथा न्याय, सम्मान और सहायता दिलाने के लिए हर स्तर पर अपना संघर्ष जारी रखेगी।



## पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**कांठ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने सड़क सुरक्षा माह जनवरी के अंतर्गत आज वाहन चालकों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और मुख्य मार्ग से



अस्थाई अतिक्रमण को हटवा दिया। टीम प्रभारी उपनिरीक्षक गंगा शरण मोहन सिंह यातायात उप निरीक्षक मनोज कुमार द्वारा आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने मुख्य मार्ग पर जाकर बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट और सड़क पर वाहन खड़े करने वालों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान है उन्होंने इस दौरान 20 वाहनों के चालान भी काटे सड़कों पर वाहन खड़े करने वालों को चेतावनी देकर छोड़ दिया और ठेला आदि लगाकर सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण कर रहे लोगों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

## सऊदी की जेल में बंद भूदेव सिंह की रिहाई के लिए समाज सेवी अजय प्रताप सिंह ने विदेश मंत्रालय को लिखा पत्र

**सूरजन नगर।** चौकी क्षेत्र के ग्राम दुल्हापुर पट्टी जाट निवासी भूदेव सिंह की सऊदी अरब की जेल से तत्काल रिहाई और स्वदेश वापसी के लिए समाजसेवी व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह ने भारत सरकार के विदेश मंत्री को पत्र लिखकर मानवीय हस्तक्षेप की मांग की है। घ्सड़क दुर्घटना के बाद से जेल में हैं भूदेव सिंह प्राप्त घ्जानकारी के अनुसार, भूदेव सिंह (पासपोर्ट नं. 4805696) रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब गए थे, जहाँ एक दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना के बाद उन्हें जेल में निरुद्ध कर दिया गया। अजय प्रताप सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि मृतक के कानूनी वारिसों ने 11 जुलाई 2019 को ही एक शपथ पत्र के माध्यम से भूदेव सिंह को पूर्णत: क्षमा कर दिया है और उनकी रिहाई पर कोई आपत्ति नहीं जताई है। इसके बावजूद तकनीकी कारणों से वह अब भी जेल में बंद हैं। घ्भूदेव सिंह की अनुपस्थिति में उनके परिवार की स्थिति अत्यंत हृदयविदारक हो चुकी है। पत्र में बताया गया है कि भूदेव के जेल में रहने के दौरान ही उनकी पत्नी का कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से निधन हो गया। घर में अब दो छोटे मासूम बच्चे हैं जिनके सिर से माँ का साया उठ चुका है और पिता सात समंदर पार जेल में बंद हैंऔर बच्चों के दादा का भी देहांत हो चुका है। घर में अब केवल भूदेव की वृद्ध माता जी हैं, जो बच्चों की देखभाल करने और परिवार चलाने में पूरी तरह असमर्थ हैं। घ्अजय प्रताप सिंह ने विदेश मंत्री से विनम्र निवेदन किया है कि भारतीय दूतावास (सऊदी अरब) को इस मामले में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि मासूम बच्चों के भविष्य और परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए भूदेव सिंह की जल्द से जल्द वतन वापसी सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि उन अनाथ हो रहे बच्चों को उनके पिता का सहारा मिल सके।

## गाँधी स्मारक महाविद्यालय में रासेयो के सौजन्य से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सुरजननगर।** स्थानीय गाँधी स्मारक महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों, विशेषकर युवाओं को सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात नियमों के प्रति सचेत करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कुलदीप कुमार और एस. पी. शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं और स्थानीय मोटरसाइकिल चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क पर सावधानी ही दुर्घटनाओं से बचाव का एकमात्र उपाय है। घ्सड़क सुरक्षा के नियमों को बताया घ्दुपहिया वाहन चलाते समय गुणवत्तापूर्ण हेल्मेट पहनना जीवन रक्षक साबित होता है। निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाना न केवल स्वयं के लिए बल्कि दूसरों के लिए भी सुरक्षित है। महत्वपूर्ण दस्तावेजों की उपलब्धता वाहन चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस और आवश्यक कागजात साथ रखने की सलाह दी गई। स्वयंसेवकों ने पोस्टर और नारों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षाष का संदेश दिया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि हेलमेट को बोझ न समझें, बल्कि इसे अपनी सुरक्षा का कवच मानें। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यापक और प्रीति सुमन कंचन रेशम तहजीवा अर्जुनाज हिमांशी अभिषेक प्रदीप सुमित कुणाल रोहित आदि छात्र-छात्राएं व वाहन चालक उपस्थित रहे।

## गोरक्षक रो रहे हैं अव्यवस्थाओं का रोना, जिम्मेदार आज भी खामोश

**कांठ ( शाह टाइम्स )** गौरक्षक आज भी गौशालाओं में चल रही है व्यवस्थाओं का रोना रो रहे हैं लेकिन जिम्मेदार लगातार खामोश बने हुए हैं। हमेशा की तरह आज भी गोरक्षकों ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से किए जाने की बात कही है। संघ के जिला संयोजक विकास शर्मा सादकपुर खिचड़ी की गौशाला में पहुंचे और इन्होंने वहां बीमार गोवंशों का हाल देखा उन्होंने बताया कि गौशाला में 350 से ज्यादा पशु संरक्षित हैं लेकिन जिलाधिकारी द्वारा जोड़ी गई 10 ग्राम पंचायत का सहयोग गौशाला को नहीं मिल पा रहा है उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा गोवंश को हरा चारा उपलब्ध न कराए जाने का आरोप लगाया कहा कि कुछ ग्राम पंचायत उक्त जमीन पर हरा चारा उगा ही नहीं है जिससे गौशाला में हरे चारे की कमी है गोवंश को सूखा भूसा और चोकर दिया जा रहा है। बीमार गोवंशों को उठाने के लिए कैटल लिफ्ट अवनी गैस एजेंसी द्वारा दी गई थी लेकिन रखरखाव न होने कारण वह भी खराब पड़ी है उन्होंने आज फिर इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से किए जाने की बात कही है।



## एलआईसी के विकास अधिकारी डॉ ववीस वाराणसी में सम्मानित

**कांठ ( शाह टाइम्स )** एलआईसी के विकास अधिकारी डॉ ववीस कुमार को वाराणसी में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। बताया गया कि यह पुरस्कार उन्हें बीमा सखी योजना को सशक्त बनाने और महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने बीमा सखी भर्ती प्रशिक्षण एवं उनके सुनियोजित सुरक्षित और सम्मानजनक कैरियर निर्माण में किए गए अतुलनीय समर्पित एवं प्रेरणादायक कार्य के लिए प्रदान किया गया है। उन्होंने इस दौरान मुरादाबाद जनपद में 500 बीमा सखी भर्ती करने का भी अधिकारियों को आश्वासन दिलाया। उन्होंने बताया कि इस योजना का शुभारंभ हरियाणा के पानीपत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले वर्ष किया गया था और इस योजना का 1 वर्ष पूरा होने पर वाराणसी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में एलआईसी के सीईओ एवं अध्यक्ष दोरईस्वामी उत्तर मध्य क्षेत्र के जोनल मैनेजर पीएस नेगी और आर एम मार्केटिंग आशुतोष कुमार सहित काफी लोग मौजूद रहे।



## एसएसपी के आदेश से बाल अपचारी पर एफआईआर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कांठ( शाह टाइम्स )** एसएसपी के आदेश पर महिला की शिकायत से बाल अपचारी के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली और आज उसे गिरफ्तार भी कर लिया। बताया गया की घटना निकटवर्ती नगर पंचायत की करीब ढाई महीने पहले की है पीड़िता का कहना है की उसके खलेरे भाई ने निकाह करने का झांसा देकर उसे फंसा लिया,24 अक्टूबर को उसके माता-पिता घर से बाहर गए हुए थे तभी उसका खलेरा भाई घर पर आ गया और उसे अकेला देखकर उसके साथ गलत कार्य किया दूसरा युवक घर की रखवाली करता रहा उसने शोर मचाया तो पड़ोस के लोग आ गए जिन्हें देखकर वह चला गया।

लेकिन इस बीच उसने वीडियो क्लिप बना ली और उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। इसके बाद उसने वीडियो को वायरल कर दिया और निकाह से इनकार करते हुए धमकी देने लगा। पीड़िता ने एसएसपी से इस मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश से पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर एक को गिरफ्तार किया है।

## जमीन में हिस्सा मांगने पर मिल रही धमकी

**बिलारी।** जिला रामपुर के तहसील शाहाबाद के ऊंचागांव की रहने वाली मन्नू पत्नी कोतवाली में तहरीर दी कि उसका मायका बहोरनपुर नरौली का है, उसकी माता कैलाशो, पिता विचित्रपाल की मृत्यु हो चुकी है। जो माता-पिता की संपत्ति थी उसकी बहन सन्नू पत्नी दीपक निवासी अलीपुर, मूला पत्नी सतीश निवासी बरौली ने अपना कब्जा कर लिया है। उसे कोई हिस्सा नहीं दे रहे। वह हिस्सा मांग रही है तो उसे के साथ गाली-गलौज की जा रही है और मारपीट पर आमादा है। तहरीर देकर कार्यवाही की मांग उठाई।

## किसान के घेर में लगी भीषण आग

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मधूपुरी निवासी किसान ओमप्रकाश सिंह को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। शनिवार को उनके घेर (झोपड़ी) में अचानक आग लग गई, जिसमें हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना तब हुई जब गांव के कुछ बच्चे घेर के पास खेल रहे थे। अचानक आग की लपटें उठने लगीं, जिसे देखकर ग्रामीण बाल्टी-डोल आदि लेकर मौके पर पहुंचे। आसपास के नलों और ट्यूबवेल से पानी लेकर उन्होंने आग बुझाने का भरपूर प्रयास किया और अंतत: आग पर काबू पा लिया। हालांकि, तब तक किसान ओमप्रकाश सिंह के घेर में रखा कृषि उपकरण, व अन्य सामान नष्ट हो चुका था।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एस आई आर 2026 के संबंध में जिला अधिकारी के निर्देश पर प्रशिक्षण के कार्यक्रम आयोजित

**कुंदरकी।** एस आई आर 2026 के संबंध में जिला अधिकारी के निर्देशानुसार शनिवार को पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी गति. विधियों के लिए विकास खंड कुंदरकी कार्यालय के सभागार में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आगामी गतिविधियों के संबंध में सभी बीएलओ को प्रशिक्षित किया गया। कुंदरकी विधानसभा के आर ओ अभय कुमार सिंह ने प्रशिक्षण प्रदान करते हुए सभी बीएलओ को बताया की कुंदरकी विधानसभा में लगभग 33000 वोटर का एस आई आर के अंतर्गत 2003 की मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है जिनको बीएलओ उनसे निजी रूप से संपर्क स्थापित कर उन्हें नोटिस प्रदान करेंगे। इस कार्य के लिए कुंदरकी विधानसभा को 11 सेक्टरों में बाटते हुए इसके लिए 11 ए आर ओ नियुक्त किए गए हैं। कुंदरकी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ब्लॉक कुंदरकी के सभी मतदाताओं को अपने नोटिस का जवाब देने तथा साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए तीन ए आर ओ विकास खंड कार्यालय कुंदरकी तथा तीन ए आर ओ खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कुंदरकी में रहेंगे। जिन मतदाताओं के नाम एस आई आर 2026 की सूची में नहीं है,उन्हें अपने साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 13 पहचान पत्र में से कोई एक पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ए आर ओ कमलेश कुमार, त्रिलोकीनाथ तथा कुंवर पाल, वी आर सी ओमनंदन सुपरवाइजर ऋषि राम, मोहम्मद फराज खान,राकेश कुमार तथा सभी बीएलओ उपस्थित रहे।

## ग्राम समाज की खाद के गड्ढों की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम विजय विजयपुर रामपुर के ग्रामीणों ने कोतवाली में आयोजित थाना दिवस के दौरान ग्राम समाज की खाद के गड्ढों की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान सहित कुछ अन्य लोगों ने ग्राम समाज में दर्ज आरक्षित भूमि पर कब्जा कर लिया है और वहां निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों अकील अहमद पुत्र जमील अहमद, राजकुमार सिंह पुत्र टंगल सिंह, चौबे सिंह पुत्र विक्रम सिंह सहित अन्य ने बताया कि संबंधित भूमि ग्राम समाज के अभिलेखों में दर्ज है तथा सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित है। जब उन्होंने अवैध कब्जे का विरोध किया तो कब्जाधारियों ने उनके साथ मारपीट करने की धमकी दी और झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कही। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम विजयपुर रामपुर मे स्थित गाटा संख्या 174, रकबा 0.0410 हेक्टेयर (आराजी 6-4) ग्राम समाज की भूमि है। आरोप है कि उक्त भूमि पर नियमों को ताक पर रखकर अवैध कब्जा किया जा रहा है, ग्राम समाज की भूमि से तत्काल अवैध कब्जा हटवाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। थाना दिवस प्रभारी ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पति पर मारपीट का आरोप, पत्नी घायल पुलिस जांच में जुट

**कुंदरकी।** कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव चिड़ियाठेर में घरेलू कहासुनी का मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने पति के खिलाफ थाने में



शिकयत पत्र देकर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है और कई बार उसे घर से बाहर भी निकाल चुका है। शनिवार को विवाद के दौरान पति ने गाली-गलौच करते हुए डंडे से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। मारपीट के दौरान महिला बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। पीड़िता का आरोप है कि होश में आने के बाद भी पति का रवैया नहीं बदला और उसने उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद महिला ने थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खाद वितरण को लेकर विवाद, दुकानदार और युवक में मारपीट

**कुन्दरकी।** नगर में सैफी वाली पुलिया के पास शनिवार को खाद वितरण के दौरान दुकानदार और एक युवक के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुकान पर मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को शांत कराया। जानकारी के अनुसार सैफी वाली पुलिया के समीप खुर्शीद हुसैन की दुकान पर इफको खाद वितरण केंद्र संचालित है, जहां किसानों को उनकी भूमि के रकबे के अनुसार खाद दी जाती है। दुकानदार के अनुसार संबंधित युवक को पहले ही तय सीमा के तहत 20 कट्टे खाद दिए जा चुके थे, इसके बाद उसने दो कट्टे और ले लिए। आरोप है कि तीसरी बार फिर से खाद लेने पहुंचने पर दुकानदार ने नियमों का हवाला देते हुए मना कर दिया, जिस पर विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई।

घटना के बाद आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर दोनों को समझाया और स्थिति को नियंत्रित किया।



## नवीनीकरण न कराने वाले श्रमिकों के कार्ड होंगे निष्क्रिय

**कांठ ( शाह टाइम्स )**उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य श्रमिकों एवं उनके परिवारों को सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक सुरक्षा देना है।अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव के मुताबिक जिन श्रमिकों ने पिछले 4 वर्ष या उससे अधिक समय से अपने पंजीकरण कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराया है उन्हें 31 जनवरी के पश्चात निष्क्रिय सूची में डाल दिया जाएगा।

इससे उन्हें योजनाओं के लाभ नहीं मिल पाएंगे। उन्होंने समय से कार्ड के नवीनीकरण की अपील की है। बोर्ड द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं में कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, सन्त रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना तथा अटल आवासीय विद्यालय योजना, किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए निर्माण श्रमिक का बोर्ड में पंजीकृत होना तथा पंजीकरण का समय से नवीनीकरण होना अनिवार्य है। श्रमिक अपने लेबर/श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण नजदीकी सीएससी, ई-डिस्ट्रिक्ट सेंटर अथवा बोर्ड की वेबसाइट से करा सकते हैं।

## परिषदीय स्कूलों में द्वितीय सत्रीय परीक्षा 24 से 31 जनवरी तक होगी

**कांठ( शाह टाइम्स )** बेसिक शिक्षा परिषद के परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2025-26 की द्वितीय सत्रीय परीक्षा 24 जनवरी से 31 जनवरी के बीच होगी। बेसिक शिक्षा निदेशक ने सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

परीक्षा का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया जाएगा। प्रश्नपत्रों का निर्माण प्रधानाध्यापक या प्रभारी प्रधानाध्यापक करेंगे। प्रश्नपत्र कक्षावार मासिक पाठ्यक्रम विभाजन के आधार पर तैयार होंगे और इनमें दिसंबर 2025 तक पढ़ाए गए पाठ्यक्रम से ही प्रश्न पूछे जाएंगे। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन संबंधित कक्षा अध्यापक या विषय अध्यापक करेंगे। सत्रीय परीक्षा और मूल्यांकन से जुड़े सभी अभिलेख विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखे जाएंगे। परीक्षा आयोजन पर होने वाला आवश्यक खर्च विद्यालय को प्राप्त कंपोजिट ग्रांट से होगा।

## थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी जनता की समस्या

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना समाधान दिवस का आयोजन सर्कल के थाना छजलैट और कांठ में किया गया जिसमें एसडीएम संत दास पवार ने छजलैट में क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराए जाने के निर्देश दिए। बतादे की समाधान दिवस का आयोजन एक शनिवार तहसील में और दूसरे शनिवार को थाने में क्रमानुसार किया जाता है जिसमें लोग अपनी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचते हैं मगर वहां पर ज्यादातर राजस्व से जुड़े मामले सामने आते हैं जिनका निस्तारण राजस्व विभाग की टीम करने का प्रयास करती है। आज भी इसी तरह के मामले थाने पहुंचे एसडीम ने समय रहते उनके निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर थाना प्रभारी कानून गो लेखपाल आदि मौजूद रहे।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## चोट के कारण वस्त्रकर दो हफ्ते के लिए डब्ल्यूपीएल से बाहर हुई

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और आरसीबी की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकर हैमस्ट्रिंग चोट के कारण विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले दो हफ्ते नहीं खेल पाएंगी। आरसीबी ने 2026 सीजन का अपना पहला मैच शुक्रवार रात को खेला, जिसमें उन्होंने डिफेंडिग चैंपियन मुंबई इंडियंस को एक रोमांचक आखिरी ओवर में तीन विकेट से हराया। आरसीबी के हेड कोच मालोलन रंगराजन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुझे लगता है कि बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से रिलीज होने से दो दिन पहले, दुर्भाग्य से उनकी हैमस्ट्रिंग में खिचाव आ गया। अभी हमारे पास जो जानक. ारी है, उसके अनुसार उन्हें दो हफ्ते और लगेंगे।

## पीठ की चोट के कारण जोआओ फोन्सेका एडिलेड में नहीं खेल पाएंगे

**एडिलेड, वार्ता।** जोआओ फोन्सेका ने एडिलेड इंटरनेशनल से नाम वापस लेने के बाद अपने 2026 सीजन की शुरुआत और टाल दी है। 19 साल के ब्राजीलियाई खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से नाम वापस ले लिया था, और अब वह इसी वजह से एडिलेड में एटीपी 250 में भी नहीं खेलेंगे। फोन्सेका ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दुर्भाग्य से मैं यहां नहीं खेल पा रहा हूं। यह फैसला लेना मुश्किल है। मुझे लगा कि जिन दिनों हम प्रैक्टिस कर रहे थे, हर दिन थोड़ा बेहतर महसूस हो रहा था, लेकिन यह कहना मुश्किल है कि मैं सौ प्रतिशत ठीक हूं। उन्होंने कहा कि हम ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए सौ प्रतिशत ठीक होने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, जो हमारा मुख्य लक्ष्य है। वह फैसला अभी नहीं लिया गया है।

## ओलंपियन दविंदर सिंह गरचा का निधन

**जालंधर, वार्ता।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी का हिस्सा रहे विजेता दविंदर सिंह गरचा का शनिवार को निधन हो गया। सुरजीत हॉकी सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी इकबाल सिंह संधू ने दविदर सिंह के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि उनके अंतिम संस्कार की तारीख और समय अभी तय नहीं हुआ है। सुरजीत हॉकी सोसाइटी के सभी सदस्यों ने शोक. ाकुल परिवार के सदस्यों के साथ संवेदना प्रकट करते हुए भगवान से प्रार्थना की कि इस अपूरणीय क्षति को सहने की हिम्मत और शक्ति दे और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। सात दिसम्बर 1952 को जन्मे गरचा उस भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा थे जिसने 1980 के समर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। इस टूर्नामेंट में उन्होंने कुल छह ओलंपिक मैचों में आठ गोल किए थे और सिर्फ तीन टूर्नामेंट खेलकर 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे, जिसमें उन्होंने 19 गोल किए थे।

# भारत को न्यूजीलैंड से मिलेगी कड़ी चुनौती




### आज कोटाम्बी स्टेडियम में दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा पहला वनडे

**वडोदरा, वार्ता।** भारत का न्यूजीलैंड के साथ घरेलू हालात में खेलना, खासकर वनडे फॉर्मेट में, एक तरह से जाना-पहचाना एहसास है। रविवार को कोटाम्बी स्टेडियम में दोपहर 1-30 बजे शुरू होने वाला पहला वनडे , भारत को यह दिखाने का एक और मौका देगा कि वे अपनी जमीन पर इतनी मजबूत ताकत क्यों रहे हैं।

न्यूजीलैंड को भारत का अपना पिछला वनडे दौरा ज्यादा याद नहीं रहेगा। 3-0 से व्हाइटवॉश ने अपनी कहानी खुद बयां की, और यह पैटर्न जारी रहा, जिसमें भारत ने दोनों टीमों के बीच पिछले पांच वनडे में से हर एक जीता। नंबर झूठ नहीं बोलते, और क्रिकेट में, वे अक्सर पहली गेंद फेंके जाने से पहले ही कहानी बता देते हैं।

भारत इस सीरीज में एक मजबूत होम रन के दम पर आ रहा है। हाल ही में चार घरेलू वनडे सीरीज जीत चमक के बजाय कंसिस्टेंसी की बात करती हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ, भारत ने दम और मैच्योरिटी दोनों दिखाई – दो बार 300 पार किया और फिर आखिरी मैच में नौ विकेट हाथ में रहते हुए शांति से 271 का टारगेट चेज किया। इस तरह का परफॉर्मेंस बताता है कि बैटिंग यूनिट को पता है कि कब अटैक करना है और, इससे भी जरूरी बात, कब पीछे हटना है। विराट कोहली, एक बार फिर डटे रहे। उस सीरीज में उनके 302 रन, जिसमें दो सेंचुरी और एक नाबाद हाफ सेंचुरी शामिल थी, यह याद दिलाते हैं कि क्लास, जब भूख के साथ मिल जाए, तो खतरनाक चीज होती है। कोहली उन फेज में से एक में दिखते हैं जहां दिमाग के फैसला करने से पहले ही बल्ला बीच में आ जाता है। भारत को वनडे वाइस-कैप्टन श्रेयस अय्यर की वापसी से भी बढ़ावा मिला है, जो स्प्लीन इंजरी से ठीक होकर वापस आए हैं। उनकी मौजूदगी मिडिल ऑर्डर को मजबूती देती है, जो शुरुआती विकेट गिरने पर बहुत कीमती हो जाती है। मोहम्मद सिराज की वापसी से पेस अटैक मजबूत हुआ है, जबकि शुभमन गिल के शामिल होने से भारत को टॉप और मिडिल में एलिगेंस और भरोसा दोनों मिला है। हालांकि, न्यूजीलैंड सिर्फ नंबर बनाने के लिए नहीं आ रहा है। 2025 में भारत से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल हारने के बाद से, उन्होंने चुपचाप मोमेंटम बनाया है, और अपने पिछले नौ वनडे में बिना हारे रहे हैं। पाकिस्तान, इंग्लैंड और वेस्ट इंडीज के खिलाफ लगातार तीन 3-0 की सीरीज जीत ने उन्हें इस टूर से पहले कॉन्फिडेंस दिया है, भले ही पक्का नहीं। डेवोन कॉनवे का फॉर्म विजटिर्स का हौसला बढ़ाएगा। वह वेस्ट इंडीज के खिलाफ बैटिंग चार्ट में टॉप पर रहे, जबकि काइल जैमीसन के उस सीरीज में सात विकेट ने दिखाया कि जब कंडीशन ज्यादा मददगार नहीं होतीं, तब भी वह बाउंस और मूवमेंट निकालने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। कई नए चेहरों को लाने से पता चलता है कि न्यूजीलैंड आगे की सोच रहा है, सिर्फ जाने-पहचाने नामों पर निर्भर रहने के बजाय गहराई बना रहा है। एसए20 कमिटमेंट्स की वजह से केन विलियमसन के न होने पर, माइकल ब्रेसवेल ने कप्तानी की, यह रोल उन्होंने शांति से और अच्छे से निभाया है।

पिछली बार जब ए दोनों टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में मिली थीं, तो न्यूजीलैंड ने डेरिल मिशेल और ब्रेसवेल की हाफ-सेंचुरी की वजह से 7 विकेट पर 251 रन बनाए थे।

भारत ने जल्दबाजी के बजाय सोच-समझकर जवाब दिया, जिसमें रोहित शर्मा के शांत 76 रन ने चार विकेट से जीत की नींव रखी। यह सोच की साफ सोच पर आधारित चेज था, जो इस भारतीय टीम की पहचान बन गई है। रविवार के मैच में, भारत यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा के साथ ओपनिग करने की उम्मीद है। जायसवाल की हालिया नाबाद सेंचुरी एक युवा बल्लेबाज के बढ़ते कॉन्फिडेंस को दिखाती है, जबकि रोहित के नंबर एक ऐसे खिलाड़ी की बात करते हैं जो पारी को ज्यादातर लोगों से बेहतर तरीके से चलाता है।

## गुजरात ने यूपी वॉरियर्ज को दिया 208 रनों का लक्ष्य

**नवी मुम्बई, वार्ता।** कप्तान एश्ले गार्डनर (65), अनुष्का शर्मा (44) और सोफी डिवाइन (38) की शानदार पारियों की बदौलत गुजरात जायंट्स महिला ने शनिवार को वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज महिला को जीत के लिए 208 रनों का लक्ष्य दिया। यहां यूपी वॉरियर्ज महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स महिला के लिए बेथ मूनी और सोफी डिवाइन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। सोफी एकल्सटोन ने बेथ मूनी (13) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अनुष्का शर्मा और कप्तान एश्ले गार्डनर की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। 17वें ओवर में डिएंड्रा

# प्रसन्ना बेंद्रे ने टांडिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

**● प्रसन्ना बेंद्रे ने दीव के घोघला बीच पर हुए फाइनल में मणिपुर के रोहित मैतेई को हराया**

**दीव, वार्ता।** दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के स्टार पेंचक सिलाट खिलाड़ी प्रसन्ना बेंद्रे ने खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में अपने घरेलू मैदान पर टांडिग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

प्रसन्ना बेंद्रे अपने स्वर्ण पदक बचाने की तैयारी कर रहे थे, तभी वजन वर्गों में हुए अंतिम समय के बदलाव ने उनके सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी। या तो उन्हें अधिक ऊंचे वजन वर्ग में उतरना था या फिर खेलों से बाहर रहना था। प्रतियोगिता में सिर्फ 20 दिन शेष थे और प्रसन्ना को 40-45 किग्रा से सीधे 50-55 किग्रा वजन वर्ग में जाना पड़ा। इसका मतलब था कि उन्हें खुद से कहीं ज्यादा भारी और ताकतवर खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करना था। 23 वर्षीय प्रसन्ना बेंद्रे ने हार मानने के बजाय चुनौती को स्वीकार किया और दीव के घोघला बीच पर हुए फाइनल में मणिपुर के रोहित मैतेई को हराकर लगातार दूसरी बार टांडिग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

मैच के बाद प्रसन्ना ने कहा कि खेलों से पहले मैं श्रीनगर में नेशनल कैंप में था। लौटने के बाद पता चला कि मेरा नियमित वजन वर्ग (40-45 किग्रा) केआईबीजी 2026 में नहीं है और खेल शुरू होने में सिर्फ 20 दिन बचे हैं। मेरे पास विकल्प नहीं था, इसलिए मुझे अगले वजन वर्ग के लिए तैयारी करनी पड़ी। सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मेरे प्रतिद्वंद्वी उसी वजन के अभ्यस्त थे और स्वाभाविक रूप से ज्यादा मजबूत थे। वजन बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने आहार में बदलाव किया।

# स्विट्जरलैंड पहली बार फाइनल में

**● बेलिडा ने बेल्जियम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विट्जरलैंड को उसके पहले यूनाइटेड कप फाइनल में पहुंचाया**

**सिडनी, वार्ता।** बेलिडा बेंसिक ने शनिवार को सिडनी की चिलचिलाती गर्मी में बेल्जियम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विट्जरलैंड को उसके पहले यूनाइटेड कप फाइनल में पहुंचाया।

एलिस मर्टेंस के खिलाफ शुरुआती सिगल्स में तीसरे सेट के टाई-ब्रेक में जीतने के बाद, बेंसिक ने जैकब पॉल के साथ मिलकर टूर्नामेंट का अपना तीसरा निर्णायक मिक्स्ड डबल्स मैच जीता, जिसमें उन्होंने मर्टेंस और जजिू बर्ग्स को 6-3, 0-6, 10-5 से हराया। दूसरे सेट में सिर्फ 12 अंक जीतने के बाद उन्होंने वापसी की। 28 साल की बेंसिक, जो 21 महीने की बेटी बेला की मां हैं, ने इस इवेंट में सभी चार सिगल्स और सभी चार मिक्स्ड डबल्स मैच जीते हैं। शनिवार के मिक्स्ड डबल्स के पहले सेट में, बेंसिक ने अपनी सर्विस पर दोनों निर्णायक अंक जीते, जब मर्टेंस रिटर्न को कोर्ट में नहीं डाल पाईं। डबल्स वर्ल्ड नंबर 81 पॉल, जिन्होंने पिछले साल सिर्फ छह टूर-लेवल डबल्स मैच जीते थे, ने मौके का फायदा उठाया, आत्मविश्वास के साथ पोचिग की और महत्वपूर्ण पलों में कई डाउन-द-लाइन विनर्स लगाए।

रविवार को केन रोजवॉल एरिना में होने वाले फाइनल में, स्विस टीम का मुकाबला आज रात के दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा, जो डिफेंडिग चैंपियन यूनाइटेड स्टेट्स और दो बार के फाइनलिस्ट पोलैंड के बीच होगा। आठ जीत के साथ टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने के बावजूद, बेंसिक ने अपनी टीम के अन्य सदस्यों, खासकर अपने अनजाने मिक्स्ड पार्टनर पॉल की तारीफ की। बेंसिक ने कहा कि टीम स्पिरिट बहुत अच्छी है और यह कप्तान से शुरू होती है। वह मेरे पूरे मैच में मेरा सपोर्ट कर रहा था और फिर वह अपना मैच खेलने गया और फिर डबल्स में सपोर्ट करने के लिए वापस आ गया। यह उससे शुरू होता है लेकिन फिर हमारे बेंच से मिली एनर्जी से हमें जीतने की ऐसी भावना मिलती है। इससे पहले, बर्ग्स ने सिडनी की 41 डिग्री की भीषण गर्मी में स्टैन वावरिका को 6-3, 6-7(4), 6-3 से हराकर बेल्जियम-स्विट्जरलैंड यूनाइटेड कप सेमीफाइनल को निर्णायक मिक्स्ड डबल्स में पहुंचा दिया। दिन के पहले मैच में, बेंसिक ने यूनाइटेड कप में अपने अजेय सीजन-ओपनिग रन को नाटकीय अंदाज में बरकरार रखा, क्योंकि उन्होंने एलिस को 6-3, 4-6, 7-6(0) से हराकर स्विट्जरलैंड को 1-0 से आगे कर दिया।

## हम ऐसा दिखाते हैं कि जैसे कोई भी विवाद हमें प्रभावित नहीं कर सकता : नजमुल हुसैन शांतो



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो ने कहा है कि अक्सर बड़े टूर्नामेंटों से पहले और उसके दौरान होने वाले विवादों से निपटने के लिए उनके खिलाड़ियों को एक तरह का ऐक्ट करना पड़ता है, जैसे कि सबकुछ सामान्य है। जब शांतो से भारत और श्रीलंका में फरवरी-मार्च में होने वाले टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर चल रहे विवाद पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि हम किसी भी विश्व कप में अच्छा नतीजा नहीं ला पाए हैं।

पिछली बार (टी-20 विश्व कप 2024 में) हमारे पास अच्छा मौका था, लेकिन हम नहीं भुना पाए। लेकिन आप देखेंगे कि हर विश्व कप से पहले कोई न कोई घटना जरूर होती है। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी के तौर पर इसका असर हम पर पड़ता है। लेकिन हम ऐसे दिखाते हैं कि जैसे हमें ए सब चीजें प्रभावित नहीं कर रहीं, क्योंकि हम प्रोफेशनल क्रिकेटर हैं। आप भी जानते हैं कि इसका असर होता है। यह आसान नहीं है। बेहतर होता कि ऐसी चीजें न हों। मुझे लगता है कि खिलाड़ी फिर भी कोशिश करते हैं कि सब चीजें एक तरफ रखकर अच्छा प्रदर्शन करें।

# सबालेंका लगातार तीसरे साल फाइनल में



**● मुचोवा को हराने के बाद आज ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में अपना टाइटल बचाने के लिए खेलेगी आर्याना सबालेंका**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका शनिवार को सेमीफाइनल में कैरोलिना मुचोवा को हराने के बाद रविवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में अपना टाइटल बचाने के लिए खेलेंगी।

सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के वार्म-अप इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी को एक घंटे 29 मिनट में 6-3, 6-4 से हराकर लगातार तीसरे साल बिना कोई सेट गंवाए ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में जगह बनाई। शनिवार की इस जीत ने सबालेंका का 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में खेले गए सभी सात टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बनाए रखा है और इस दौरान देश में उनके रिकॉर्ड में 37 जीत और दो हार का सुधार हुआ है। सबालेंका, जो चार साल बाद जनवरी में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीतने का लक्ष्य बना रही हैं, ने शनिवार को ब्रिस्बेन में अब तक का अपना सबसे अच्छा टेनिस खेला, जिसमें उन्होंने 32 विनर लगाए और अपनी पहली सर्व पर 88 प्रतिशत पॉइंट जीते।

मैच के बाद कोर्ट पर सबालें. का ने कहा कि मैंने सच में बहुत मेहनत की है और उसके खिलाफ हर मैच जीतने का एक और मौका है, और मैं बहुत खुश हूं कि आज वो दिन था जब मैं जीत पाई। सबा. लेंका रविवार के फाइनल में मार्टा क्वोयुक से खेलेंगी। यूक्रेन की दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी क्वोयुक ने सेमीफाइनल में छठी रैंक वाली जेसिका पेगुला को 55 मिनट में 6-0, 6-3 से हराया। यह गुरुवार और शुक्रवार को क्रमश: राउंड ऑफ 16 और क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर तीन अमांडा एनिसिमोवा और नंबर नौ मीरा एंड्रीवा पर क्वोयुक की सीधे सेटों में जीत के बाद हुआ है। क्वोयुक ने पेगुला के खिलाफ पहले 19 में से 17 अंक जीते, जिसमें लगातार 13 अंकों की एक स्ट्रीक भी शामिल थी, जिससे वह 10 मिनट में 4-0 की बढ़त बनाने में कामयाब रहीं। पेगुला को अगले गेम में मैच का पहला ब्रेक पॉइंट मिला, लेकिन क्वोयुक ने नेट पर बैकहैंड ड्रॉप शॉट से इसे बचा लिया। क्वोयुक दूसरे सेट में फिर से 3-0 से आगे हो गईं, इससे पहले कि पेगुला पहली बार अपनी सर्विस बचा पाईं, हालांकि अमे. रिकी खिलाड़ी मैच में वापस आने के लिए सर्विस ब्रेक नहीं कर पाईं क्योंकि क्वोयुक ने अपने चौथे ऐस के साथ अपना पहला मैच पॉइंट जीता।

# मलेशिया ओपन में सिंधु सेमीफानइल में हारी



**● हार के साथ सीजन के पहले बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हुआ**

**मलेशिया, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को शनिवार को मलेशिया ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

इसी के साथ सीजन के पहले बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में खेले गए सेमीफाइनल में विश्व बैडमिटन रैंकिंग में नंबर 18 पर मौजूद पीवी सिंधु महिला एकल में दूसरे नंबर पर मौजूद चीन की वांग झेई से 21-16, 21-15 से हार गईं। पहला गेम में दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती पलों में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। लेकिन पीवी सिंधु की बिना वजह की गलतियों ने वांग झेई को 14-14 से आगे बढ़कर 18-14 की बढ़त बनाने का मौका दिया और फिर उन्होंने जीत के साथ गेम खत्म कर दिया। दूसरे गेम की शुरुआत में वांग झेई ने थोड़ी बढ़त बनाई, लेकिन भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी ने वापसी करते हुए मिड-गेम ब्रेक में 11-6 की बढ़त ले ली। ब्रेक के बाद वांग झेई ने फिर से वापसी की, क्योंकि सिंधु की कई बिना वजह की गलतियों ने चीनी शटलर को मैच में पकड़ बनाने का मौका दिया और उन्होंने सीधे गेम में मैच खत्म कर दिया। यह वांग झेई के खिलाफ छह मैचों में पीवी सिंधु की तीसरी हार है। सिंधु की हार के साथ ही बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। पीवी सिंधु, बाकी भारतीय दल के साथ मंगलवार को इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले इंडियन ओपन 2026 में एक्शन में दिखेंगी।

## मेदवेदेव ब्रिस्बेन खिताब से दो कदम दूर



**● मेदवेदेव, जो 2019 ब्रिस्बेन में अपनी एकमात्र पिछली उपस्थिति में चैम्पियनशिप मैच में पहुंचे थे**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव शुक्रवार को धीमी शुरुआत से उबरने के बाद ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में अपने खिताब की दौड़ में बने रहे। टॉप सीड खिलाड़ी को शुरू में पहले सेट में लकी लूजर कामिल माजच्रजाक ने पछाड़ दिया था, लेकिन उन्होंने 6-7(4), 6-3, 6-2 से जीत हासिल करने और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए अधिक आक्रामक तरीका अपनाया।

मेदवेदेव, जो 2019 में ब्रिस्बेन में अपनी एकमात्र पिछली उपस्थिति में चैम्पियनशिप मैच में पहुंचे थे, 2025 के शानदार अंत के बाद इस सप्ताह अपनी 22वीं टूर-लेवल ट्रॉफी का पीछा कर रहे हैं।

एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी मेदवेदेव ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक उच्च गुणवत्ता वाला मैच था। मैं ईमानदारी से कहूंगा कि शॉट बनाने के मामले में यह टॉप 10 मैच था।मैं खुद से खुश हूं, मैं शांत रहने और मैच जीतने के लिए कुछ बेहतरीन शॉट लगाने में कामयाब रहा। हार्ड कोर्ट पर अपने 52वें टूर-लेवल सेमीफाइनल में पहुंचकर, मेदवेदेव ने सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरे सबसे अधिक सेमीफाइनल के लिए गाएल मोंफिल्स के साथ अपनी बराबरी तोड़ दी, जो केवल नोवाक जोकोविच (127) से पीछे हैं।

माजच्रजाक के खिलाफ, मेदवेदेव ने निर्णायक सेट में सर्व पर सिर्फ पांच अंक गंवाए। मेदवेदेव अब एलेक्स मिशेलसेन से खेलेंगे, जिन्होंने हमवतन सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 7-6(7) से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपनी 50वीं टूर-लेवल जीत हासिल की। मिशेलसेन सर्व के पीछे बहुत मजबूत थे, उन्होंने जिस एकमात्र ब्रेक प्वाइंट का सामना किया, उसे बचाया, लेकिन एक घंटे, 39 मिनट के उनके मुकाबले के दौरान कोर्डा की 37 अनफोर्स्ड गलतियों से उन्हें काफी मदद मिली।

# भारतीय अंडर-19 टीम ने बनाए 374/8




**● वैभव, विहान, ऐरन और कुंडु की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत टीम ने अभ्यास मुकाबले में विशाल स्कोर बनाया**

**बुलावाया, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी (96), विहान मल्होत्रा (77), ऐरन जॉर्ज (61) और अभिज्ञान कुंडु (55) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारतीय टीम ने शनिवार को अंडर-19 विश्वकप अभ्यास मुकाबले में स्कॉटलैंड के खिलाफ आठ विकेट पर 374 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

यहां टॉस जीतकर स्कॉटलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की अंडर-19 के लिए आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करे हुए पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। सातवें ओवर में ओली जोन्स ने आयुष म्हात्रे 19 गेंदों में 22 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। भारत का दूसरा विकेट 17वें ओवर में वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा, जब वह शतक से महज चार रन पीछे थे। उन्हें मनु सारस्वत ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 50 गेंदों में नौ चौके और सात छक्के लगाते हुए 96 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में जॉर्ज कटलर ने ऐरन जॉर्ज 58 गेंदों में (61) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद विहान मल्होत्रा और अभिज्ञान कुंडु ने 95 रन जोड़े। ओली जोन्स ने विहान मल्होत्रा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। विहान मल्होत्रा ने 81 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 77 रन बनाए। अभिज्ञान कुंडु 48 गेंदों में 55 और कनिष्क चौहान तीन रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ओली जोन्स ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय रनों पर रोक लगाई और उनके विकेट भी झटके।

## कर्नाटक चैंपियन, तमिलनाडु दूसरे और मणिपुर तीसरे स्थान पर

**दीव, वार्ता।** कर्नाटक की अश्मिता चंद्रा और ध्रुपद रामकृष्ण ने शनिवार को यहां घोघला बीच पर आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में क्रमश: महिलाओं और पुरुषों की पांच किमी ओपन वॉटर स्विमिग स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य को पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया। खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 का आयोजन दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा किया गया, जबकि प्रतियोगिताएं भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और राष्ट्रीय खेल महासंघों की तकनीकी देखरेख में संपन्न हुईं। खेलो इंडिया बीच गेम्स के दूसरे संस्करण में 1,100 से अधिक खिलाड़ियों ने आठ खेलों वॉलीबॉल, सॉकर, सेपक टकरॉ, कबड्डी, पेंकाक सिलाट, ओपन वॉटर स्विमिग, मल्लखंब और रस्साकशी में भाग लिया।

# एसपी सिटी ने थाना कटघर का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**मुरादाबाद।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने क्षेत्राधिकारी कटघर के साथ थाना कटघर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी ने पूरे थाना परिसर का गहनता से जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण की शुरुआत थाना परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था से की गई। एसपी सिटी ने स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी के निर्देश दिए। इसके उपरांत थाना कटघर में प्रचलित अभिलेखों का निरीक्षण किया गया, जिसमें रजिस्टरों के रख-रखाव और रजिस्टर नंबर-08 को अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक नगर ने मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, संपत्ति गृह (मालखाना), भोजनालय, बैरक, थाना कार्यालय एवं सीसीटीएनएस कार्यालय का भी निरीक्षण किया। मिशन शक्ति केंद्र और महिला हेल्प डेस्क पर महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया, रजिस्टरों और पंजिकाओं की बारीकी से जांच की गई तथा महिलाओं की समस्याओं का त्वरित व संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान थाने में स्थापित साइबर सेल का भी अवलोकन किया



गया। साइबर अपराधों से जुड़े लंबित एवं निस्तारित मामलों की समीक्षा करते हुए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त पिछले छह माह की समग्र कार्यप्रगति का विस्तृत जायजा लिया गया।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक नगर ने ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी कर उन्हें टॉर्च व सीटी वितरित की और रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

अंत में एसपी सिटी ने पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने, जनता से बेहतर संवाद स्थापित करने और शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

# थाना समाधान दिवस पर नागफनी थाने में सीओ कोतवाली ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शनिवार को जनपद मुरादाबाद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा थानों पर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन की शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना रहा।थाना समाधान दिवस के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, मारपीट, अवैध कब्जा सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुईं। संबंधित अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण कराया। शेष लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया द्वारा थाना नागफनी पर



थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। उन्होंने फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। साथ ही संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों की जांच निष्पक्षता से करते हुए गुणवत्ता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वह अपनी समस्याओं के समाधान हेतु थाना समाधान दिवस का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस पहल से पुलिस और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

# सर्राफा बाजार में उघैती पुलिस का छापा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना उघैती क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। रिपोर्ट दर्ज होने के उपरांत पकड़े गए आरोपी से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि चोरी की गई सोने की एक अंगूठी उसने चन्दौसी के सर्राफा बाजार में बेच दी है। इसके बाद उघैती पुलिस शनिवार को आरोपी को साथ लेकर सर्राफा बाजार पहुंची, जहां चोर ने संबंधित सर्राफ की दुकान की ओर इशारा किया। सर्राफा बाजार में पुलिस के पहुंचते ही व्यापारी नेता भी मौके पर एकत्र हो गए। सर्राफ दुकानदार का कहना था कि उसने अंगूठी के पूरे दाम चुकाए हैं और वह यह नहीं जानता कि अंगूठी चोरी की थी या कहां से लाई गई थी। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि दुकानदार ने नियमों के अनुसार लगभग 80 प्रतिशत मूल्य अदा किया है।

ऐसे में उसकी कोई गलती नहीं बनती। फिलहाल उघैती पुलिस चोर एवं संबंधित सर्राफ को सीतारोड पुलिस चौकी ले गई।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राह-वीर योजना के प्रति जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय के 2/24 यूपी ब्वॉयज बटालियन और 2/9 यूपी गर्ल्स बटालियन के एनसीसी कैडेट्स द्वारा शासन के निर्देशानुसार "राह-वीर योजना" के प्रति जागरूक करने की दृष्टि से एक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने जागरूकता अभियान के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि इस इस योजना का उद्देश्य आम जनता को 'नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्रों के माध्यम से' आपात स्थिति में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए प्रेरित करना और उनका मनोबल बढ़ाना है, साथ ही दूसरों को भी सड़क दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करना है। रैली के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने विश्वविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं समीपस्थ ग्राम में ग्रामीणों को सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की जान बचाने तथा इस हेतु दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की। कैडेट्स ने जानकारी दी कि इस योजना के तहत, जो भी व्यक्ति दुर्घटना पीड़ित को दुर्घटना के एक घंटे के भीतर चिकित्सा सहायता दिलाने में मदद करता है, उसे 25,000 रुपये का पुरस्कार और प्रशंसा पत्र दिया जाता है तथा




बहादुरी के ऐसे कार्यों को दोहराने पर साल में पांच बार तक यह सम्मान प्राप्त किया जा सकता है।

इस मौके पर एनसीसी की (ऑनरेरी मेजर) डॉ. राजकुमारी सिंह ने बताया कि "राह-वीर योजना" का मुख्य उद्देश्य गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को दुर्घटना के एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाना है, जिसे 'गोल्डन ऑवर' कहा जाता है। इस दौरान घायलों को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल जाए तो उनकी जान बचाई जा सकती है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनसीसी की ऑनरेरी लेफ्टिनेंट सुश्री रश्मि पाण्डेय, केयर टेकर श्री शनि मिश्रा की विशेष भूमिका रही। इस जागरूकता अभियान कार्यक्रम में 40 एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया।

## एक नजर

### कड़ाके की ठंड में यात्रियों के लिए उपयोगी बना नगरपालिका का नि:शुल्क रैन बसेरा



**चन्दौसी।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगरपालिका द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए मालगोदाम रोड पर नि:शुल्क रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है। इस रैन बसेरे में ठंड से परेशान राहगीर, फेरी वाले एवं दूर-दराज से आने वाले यात्री रुककर सुरक्षित रूप से विश्राम कर सकते हैं। रैन बसेरे में यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है, जिससे लोग रात के समय राहत महसूस कर रहे हैं। महिलाओं की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए रैन बसेरे में उनके लिए अलग कैबिन बनाए गए हैं, जिससे वे स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें।

नगरपालिका की यह पहल कड़ाके की ठंड में यात्रियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हो रही है। यात्रियों ने नगरपालिका की इस व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया है।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा एवं स्वावलंबन के प्रति किया गया जागरूक



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं-बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत शनिवार को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।

साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटीरोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

### पुलिस परिवार परामर्श केंद्र ने की बैठक समझौता कर तीन परिवारों को मिलाया

**चन्दौसी।** शनिवार को पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में आयोजित की गई। बैठक परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान पति-पत्नी के बीच उत्पन्न पारिवारिक विवादों को आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से सुलझाने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया। बैठक में कुल



65 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 16 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। वहीं 03 परिवारों को आपसी समझौते के बाद पुन: मिलाया गया। 10 पत्रावलियों को आवेदकों द्वारा पैरवी न किए जाने के कारण बंद किया गया, जबकि 03 मामलों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लवमोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, बबीता शर्मा, कंचन माहेश्वरी सहित कांस्टेबल शहजाद मलिक, एलएचसी रश्मि गहलोत व एलसी ज्योति आदि उपस्थित रहे।

# विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** तहसील चन्दौसी के अंतर्गत कुढ़फतेहगढ़ में आगामी 23 जनवरी को सर्व हिंदू समाज के सहयोग से आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कुढ़फतेहगढ़ स्थित ओपीएस इंटरनेशनल एकेडमी परिसर में संपन्न हुई, जिसमें सर्व हिंदू समाज के सम्भ्रांत नागरिकों, विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य परमेश्वर लाल सैनी ने कहा कि विराट हिंदू सम्मेलन को सफल बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन



करते हुए सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। बैठक में बताया गया कि सम्मेलन के प्रचार-प्रसार हेतु 11 जनवरी एवं 18 जनवरी को क्षेत्र में बाइक रैली निकाली जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को सम्मेलन से जोड़ा जा सके। इसके साथ ही सम्मेलन के दौरान मंच, सुरक्षा, स्वागत, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर कुलदीप चौहान, प्रदीप चौहान, रामनरेश यादव, सुमित कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, लकी मिश्रा, बंटी गोस्वामी, अंकित शर्मा, बिजेंद्र सिंह, के.पी. पाल, पुष्पेन्द्र मौर्य, आलोक चौहान, अमन कुमार, राजेन्द्र सिंह, करन सिंह, महेंद्र सिंह पाल, अरुणेश कठेरिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एमआईटी संस्थान में वार्डन व स्वयं सेवक का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निद. `शालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार एम आई टी संस्थान में आयोजित वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र के पंचम दिन दिन आज प्रशिक्षण सत्र में सर्वप्रथम 'इतनी शक्ति हमें देना दाता' प्रार्थना की गई। तत्पश्चात नीरज चक, उपनियंत्रक द्वारा अतिथि वक्ताओं का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। प्रथम सेशन में मो0 हारून, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग द्वारा ष्सर्वे संरचना और खोज आदिष को समझाया गया। दूसरे सेशन में विवेक श्रीवास्तव एस डी आर एफ के द्वारा बचाव के आपातकालीन




तरीके विस्तृत रूप से समझाया गया और उसके बाद लाइव डेमो कराते समय उपकरणों का प्रयोग भी करवाया गया। अपर जिलाधिकारी (नगर) ज्योति सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया साथ ही फीड बैक भी लिया। तदोपरांत सभी के साथ ग्रुप फोटोग्राफ भी कराया गया। कार्यक्रम में डिप्टी चीफ पंकज सक्सेना,नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, वसीम अंसारी, वसीम अख्तर, अनुज गुप्ता, राजदीप आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में रिसर्च मेथोडोलॉजी कोर्स सफलतापूर्वक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय में नॉर्दर्न रीजनल सेंटर, इण्डियन काउंसिल फॉर सोशल साइंस रिसर्च, उच्च शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के सहयोग से आईएफटीएम विश्वविद्यालय के द्वारा पांच दिन तक चलने वाला रिसर्च मेथोडोलॉजी कोर्स सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। रिसर्च मेथोडोलॉजी कोर्स के समापन समारोह पर सम्बोधित करते हुए समापन समारोह के मुख्य अतिथि, विश्वविद्यालय के कुलसा. चव व कार्यक्रम के कोर्स एडवाइजर डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में नव शोधार्थियों को उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

ताकि वे मूल्यपरक शोध पर ध्यान केंद्रित कर सकें। विशिष्ट अतिथि व गुरु गो. विंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के संकायाध्यक्ष प्रो. दुर्गेश त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दौर बेहद प्रतिस्पर्धा का है, ऐसे में नए शोधार्थियों के लिए ज्यादा चुनौती है। उन्होंने कहा कि शुरुआती दौर में अच्छे लेखकों की शोध पर आधारित पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए, साथ ही साथ



अनुभवी लोगों से निरंतर परामर्श भी करना चाहिए। इसके अलावा शोध विषय के वैश्विक वर्तमान स्थित का भी अध्ययन करना चाहिए।

कार्यक्रम के कोर्स को-डायरेक्टर व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि पांच दिनों तक चले इस रिसर्च मेथोडोलॉजी कोर्स में देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के शिक्षाविदों ने अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान यूजीसी एकेडमिक स्टाफ कॉलेज जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी नई दिल्ली की ऑनरेरी निदेशिका प्रो. भारती शर्मा, दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमृता मिश्रा, एआईएसईसीटी ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज भोपाल की डायरेक्टर रिसर्च डॉ. रचना चतुर्वेदी, देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी, इंदौर की जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन की विभागाध्यक्षा डॉ. सोनाली नारगुंडे, विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्ट्डीज, नई दिल्ली के मास कम्युनिकेशन विभाग के प्रोफेसर डॉ. रमेश कुमार शर्मा, केआईआईटी डीम्ड यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर के मास कम्युनिक. `शन के डीन प्रो. राजीव कुमार पांडा, आईआईटी पटना के सिविल इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अक्षर त्रिपाठी, रामा यूनिवर्सिटी कानपुर के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के डॉ. मनीष ढींगरा के अलावा आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल्स साइंसेज के निदेशक डॉ. सुशील कुमार, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार, साहू ओंकार सरन स्कूल ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. आर.के. यादव ने शोध से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करने के अलावा शोध के समस्याओं का निदान किया। स्कूल की निदेशिका व कोर्स डायरेटर डॉ. निशा अग्रवाल ने सभी अतिथियों को बुके और प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव व आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. राकेश कुमार यादव ने पांच दिनों तक चलने वाले रिसर्च मेथोडोलॉजी कोर्स की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि पांच दिवसीय कोर्स का 15 सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें बिहार, मध्यप्रदेश, दिल्ली, उड़ीसा, राजस्थान व देश के अन्य राज्यों के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के शिक्षाविदों ने प्रतिभागियों को अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम हाइब्रिड माध्यम से आयोजित किया गया था जिसमें 70 से अधिक शिक्षकों और शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन कोर्स संयोजक डॉ. हिमांशु गुप्ता ने किया तथा आभार ज्ञापन होटल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्षा व कोर्स की सह संयोजिका डॉ. मेघा भाटिया ने किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में कोर्स समन्वयिका डॉ. स्वाति राय एवं डॉ. आरती गर्ग, सहित सभी आयोजन समिति के सदस्यों की विशेष भूमिका रही।

इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के निद. `शक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक व प्रतिभागी उपस्थित रहे।



**अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर के दौरान घाटी में भारी ठंड और बर्फ की चादर की चादर के बीच एक इमारत से लटकती बर्फ की डंडियों के पास से गुजरता एक व्यक्ति।**

## तुर्की में तूफान संबंधी घटनाओं के कारण पांच लोगों की मौत

**इस्तांबुल।** तुर्की में पिछले दो दिनों के दौरान आए तूफान और तेज हवाओं के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। तुर्की के प्रसारक एनटीवी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विज्ञान विभाग ने तूफान, भारी बारिश और हिमस्खलन के खतरे को देखते हुए देश के 81 में से 63 प्रांतों के लिए गुरुवार को एलो अलर्ट जारी किया था। कई शहरों में शुक्रवार को भी तूफान का कहर जारी रहा। रिपोर्ट के अनुसार इन लोगों की मौत की मुख्य वजह छतों का गिरना रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने शनिवार के लिए भी देश के आधे से अधिक प्रांतों में फिर से एलो अलर्ट जारी किया है।

## तारिक रहमान बीएनपी के अध्यक्ष नियुक्त किए गए

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की स्थाई समिति ने तारिक रहमान को पार्टी का नया अध्यक्ष नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। यह निर्णय शुक्रवार रात पार्टी के गुलशन कार्यालय में हुई एक बैठक में लिया गया। बैठक के बाद पार्टी महासचिव जनरल मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में इसकी पुष्टि की। पूर्व प्रधानमंत्री एवं पार्टी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के निधन के बाद अध्यक्ष पद खाली हो गया था। पार्टी के संविधान के अनुसार, खाली पद को भरने के लिए राष्ट्रीय स्थाई समिति की एक बैठक बुलाई गई थी। समिति ने बैठक में सर्वसम्मति से तारिक रहमान को औपचारिक रूप से पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया।

# वेनेजुएला का तेल भारत को देगा अमेरिका

## रिपोर्टः ट्रम्प दुनिया की बड़ी ऑयल कंपनियों के अफसरों से मिले, तेल खरीद सकती है रिलायंस भी

**वाशिंगटन।** अमेरिका, भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदने की इजाजत दे सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के एक सीनियर अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारी के मुताबिक यह सब अमेरिका की निगरानी और शर्तों के साथ होगा।

हालांकि इससे जुड़ी शर्तें क्या हैं, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। इसका मतलब यह है कि अमेरिका के प्रतिबंधों की वजह से जो व्यापार रुका हुआ था, वह अब फिर से शुरू हो सकता है। वहीं, रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस भी चाहती है कि अमेरिका उसे वेनेजुएला का तेल खरीदने की इजाजत दे दे। दूसरी ओर ट्रम्प ने व्हाइट में दुनिया की बड़ी तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। यहां उन्होंने वेनेजुएला के तेल क्षेत्र में करीब 9 लाख करोड़ रुपए के निवेश की बात कही। वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपीईसी) का सदस्य है। उसके पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है,




**वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपीईसी) का सदस्य है**

लेकिन वह वैश्विक सप्लाई का सिर्फ करीब 1 प्रतिशत ही देता है। अमेरिका ने 2019 में वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध (सेंक्शंस) लगा दिए थे, अमेरिका ने सेकेंडरी सेंक्शंस भी लगा दिए, यानी जो भी देश या कंपनी वेनेजुएला से तेल खरीदती है, उसे अमेरिकी बाजार में व्यापार करने या बैंकिंग सुविधाओं से रोक दिया जा सकता था। इस वजह से कई देशों ने वेनेजुएला का तेल खरीदना बंद कर दिया। भारत भी वेनेजुएला से बहुत ज्यादा तेल खरीदता था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि तब भारत अपने कुल तेल आयात का लगभग 6 प्रतिशत वेनेजुएला से लेता था। अगर भारत को फिर से वेनेजुएला का तेल खरीदने की अनुमति मिल जाती है, तो उसे अलग-अलग देशों से तेल मंगाने का एक और विकल्प मिलेगा। इससे भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। अमेरिका ने कुछ समय के लिए (2023-2024 में) वेनेजुएला पर आंशिक रूप से सेंक्शंस ढीले किए, जिससे भारत ने फिर से वेनेजुएला से तेल खरीदा। 2024 में भारत का आयात औसतन 63,000 से 1 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया। इसके बाद 2025 में वेनेजुएला से भारत का तेल आयात बढ़कर करीब 1.41 अरब डालर तक पहुंच गया, लेकिन मई 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर से वेनेजुएला के तेल पर सख्ती बढ़ा दी।

# ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हमारी मजबूरीः ट्रम्प

## कहाः नहीं, तो रूस-चीन यहां काबिज हो जाएंगे, हम अपने पड़ोस में इन देशों को देखना नहीं चाहते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड पर कब्जा करना क्यों जरूरी है। उन्होंने व्हाइट हाउस में तेल और गैस कंपनियों के बड़े अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक के दौरान कहा कि अगर अमेरिका ने ऐसा नहीं किया तो रूस और चीन जैसे देश इस पर काबिज हो जाएंगे। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं है, यह रूस और चीन को दूर रखने से जुड़ा है।

हम ऐसे देशों को अपना पड़ोसी बनते देख नहीं सकते। ट्रम्प ने आगे कहा, अमेरिका अगर ग्रीनलैंड को आसान तरीके से हासिल नहीं कर पाया, तो दूसरे सख्त तरीके अपनाने होंगे। उन्होंने कहा कि हम ग्रीनलैंड के मुद्दे पर कुछ न कुछ करेंगे, चाहे उन्हें पसंद हो या न हो। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मैं चाहता हूं कि सौदा आसान तरीके से हो जाए। हालांकि, उन्होंने डेनमार्क के प्रति अपनी नरमी भी जताई और कहा, वैसे मैं डेनमार्क का बहुत बड़ा फैन हूं। वे मेरे साथ बहुत अच्छे रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका ग्रीनलैंड के लोगों को सीधे पैसे देकर उन्हें अमेरिका के साथ जुड़ने के लिए राजी करने की योजना बना रहा है। इसपर ट्रम्प ने कहा कि अभी मैं ग्रीनलैंड के लिए पैसे की बात नहीं कर रहा हूं। हो सकता है बाद में करूं। ट्रम्प ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के पास रूसी और चीनी नौसेना की बढ़ती गतिविधियों का हवाला दिया, जिसमें डिस्ट्रायर और



**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं**

पनडुब्बियां शामिल हैं। ट्रम्प ने जोर देकर कहा कि हम रूस या चीन को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वे चीन और रूस दोनों को पसंद करते हैं। उनके नेताओं व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन वह उन्हें ग्रीनलैंड नहीं दे सकते।

ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे करने के पीछे की वजह इस इलाके में रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी को बताया। जब ट्रम्प से पूछा गया कि अमेरिका का पहले से ही वहां सैन्य अड्डा है, तो पूरे कब्जे की क्या जरूरत है। इसपर ट्रम्प ने जवाब दिया कि लीज काफी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब हम मालिक होते हैं, तो हम इसकी रक्षा करते हैं। लीज की रक्षा उतनी नहीं की जाती। हमें पूरा मालिकाना हक चाहिए। ट्रम्प ने पुरानी कूटनीति की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि देश 100 साल के सौदे नहीं कर सकते, बल्कि मालिकाना हक से ही रक्षा होती है। ट्रम्प 2019 से ही यह कहते आ रहे हैं कि वह डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड को खरीदना चाहते हैं, जबकि अमेरिका और डेनमार्क दोनों नाटो सैन्य गठबंधन के सदस्य हैं। अगर ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं, तो इसका मतलब होगा कि अमेरिका नाटो के ही सदस्य देशों के खिलाफ खड़ा हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क ने जवाब दिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी थी कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे। बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है। तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। इसके लिए उन्हें किसी सीनियर अधिकारी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होती। अमेरिका के व्हाइट हाउस में यह विचार किया जा रहा है कि ग्रीनलैंड के नागरिकों को प्रति व्यक्ति 10 हजार (9 लाख रुपये) से 1 लाख डालर (90 लाख रुपये) तक का भुगतान कर उन्हें डेनमार्क से अलग होकर अमेरिका में शामिल होने के लिए राजी किया जाए। इस योजना को एक 'बिजनेस डील' के तौर पर देखा जा रहा है। सूत्रों ने रायटर्स को बताया कि अगर यह योजना लागू होती है, तो ग्रीनलैंड की करीब 57 हजार आबादी को देखते हुए इसकी कुल लागत लगभग 5 से 6 अरब डालर तक हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक, ग्रीनलैंड को अमेरिका के साथ जोड़ने के लिए पैसे का प्रस्ताव केवल एक विकल्प है। इसके अलावा कूटनीतिक समझौतों और यहां तक कि सैन्य बल के इस्तेमाल जैसे विकल्पों पर भी विचार किया गया है।

## हम अमेरिकी नागरिक नहीं बनेंगे

**ग्रीनलैंड के पांच सियासी दलों की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को दो टूक, डेनमार्क को भी सुनाया**

**ग्रीनलैंड।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को लेकर धमकी भरा लहजा अपनाया हुआ है। इतना ही नहीं अमेरिकी नेता भी ग्रीनलैंड पर नियंत्रण को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इस बीच ग्रीनलैंड की संसद के सभी पांच प्रमुख राजनीतिक दलों ने संयुक्त बयान जारी कर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को दो टूक जवाब दिया है। राजनीतिक दलों ने ट्रम्प की ग्रीनलैंड को अमेरिका के नियंत्रण में लेने की धमकियों को कड़े शब्दों में खारिज किया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि ग्रीनलैंड श्अमेरिकन नहीं होगाश् और उसका भविष्य सिर्फ ग्रीनलैंड के लोगों की तरफ से तय किया जाना चाहिए। बयान में पांचों दलों, जिसमें प्रधानमंत्री जेन्स फ्रेडरिक नीलसन सहित विपक्षी दल नालेराक के नेता भी शामिल हैं, उन्होंने कहा कि वे किसी भी अमेरिकी अधिग्रहण के गंभीर रूप से असम्मानजनक रुख के खिलाफ हैं। देर रात जारी बयान में नेताओं ने साफ कहा कि हम अमेरिकी नहीं होंगे, हम डेनिश नहीं होंगे, हम ग्रीनलैंडवासी हैं। सभी दलों की यह एकता विशेष रूप से इसलिए अहम है, क्योंकि इसमें विपक्षी पार्टी नालेराक के नेता पेले ब्रोबर्ग भी शामिल हैं, जो वाशिंगटन के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए सबसे अधिक इच्छुक रही हैं। बता दें कि कुछ ही दिन पहले ब्रोबर्ग ने ग्रीनलैंड से डेनमार्क को दरकिनार करते हुए सीधे अमेरिका के साथ बातचीत करने का आह्वान किया था। अब बयान में इस बात पर जोर दिया गया है कि ग्रीनलैंड का भविष्य खुद ग्रीनलैंड के लोगों द्वारा तय किया जाना चाहिए, अंतर्राष्ट्रीय कानून और आत्मनिर्णय के अधिकार का सम्मान होना चाहिए।

## अमेरिका ने रूस के दबाव के बाद 2 नागरिक छोड़े

**तीन भारतीय क्रू मेंबर अभी भी कैद में, यूएस ने 3 दिन में पांच तेल टैंकर जब्त किया**

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने जब्त किए गए रूसी झंडे वाले आयल टैंकर जहाज 'मैरिनेरा' से दो रूसी नागरिकों को रिहा कर दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। मारिया ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूस के अनुरोध पर लिया है। रूस ने अमेरिका पर नागरिकों को छोड़ने के लिए दबाव बनाया था।

अमेरिका ने 7 जनवरी को उत्तरी अटलांटिक महासागर में जहाज को को जब्त किया गया था। हालांकि टैंकर पर मौजूद 3 भारतीय मेंबर्स को अब तक रिहा नहीं किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरिनेरा जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। इनमें 17 यूक्रेनी, 6 जार्जियाई, 3 भारतीय और 2 रूसी नागरिक थे। दूसरी तरफ अमेरिका ने आज भी कैरेबियाई सागर में एक और आयल टैंकर ओलिना को पकड़ा है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक यह पिछले तीन दिनों में पांचवी बार है जब किसी प्रतिबंधित टैंकर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अमेरिकी बयान के मुताबिक, टैंकर ओलिना पर सवार लोगों को सुरक्षित तरीके से हिरासत में लिया गया। यह ऑपरेशन एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसै जेराल्ड आर. फोर्ड से लान्च किया गया। पूरे अभियान के दौरान किसी तरह की झड़प या नुकसान की सूचना नहीं है। फिलहाल यह साफ नहीं किया है कि टैंकर ओलिना किस देश का है या वह किस कंपनी के स्वामित्व में है। जहाज का फ्लैग, मालिकाना हक और क्रू की नागरिकता से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

अमेरिका ने वेनेजुएला पर प्रतिबंध लगाए हुए हैं। वह इन प्रतिबंधों का हवाला देकर वेनेजुएला से तेल लेकर जाने वाले जहाजों को पकड़ रहा है। अमेरिका ने पिछले महीने 10 दिसम्बर को भी वेनेजुएला के तट के पास एक आयल टैंकर को जब्त किया था। अधिकारियों का कहना है कि बुधवार को पकड़ गया मैरिनेरा टैंकर रूस की 'शैडो फ्लीट' का हिस्सा था, जो वेनेजुएला से तेल ले जा रहा था और उसने अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन किया। दूसरी तरफ रूस ने इस कार्रवाई को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून का उल्लंघन बताया। रूस के परिवहन मंत्रालय ने कहा था कि अमेरिकी सैनिकों ने इस जहाज को खुले समुद्र में रोका, जहां किसी भी देश का अधिकार नहीं होता।

## ईरान वापस लौटने की तैयारी में क्राउन प्रिंस रजा पहलवी

**तेहरान।** ईरान में चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने कहा है कि वह अब अपने वतन वापसी की तैयारी कर रहे हैं। पहलवी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि मैं भी अपने वतन लौटने की तैयारी कर रहा हूं ताकि मैं अपने लोगों के साथ, महान देश ईरान के साथ रह सकूं, हमारी राष्ट्रीय क्रांति जीतेगी। मुझे विश्वास है कि वह दिन बहुत करीब है। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों, खासकर तेल के कामकाज में लगे कर्मियों से भी हड़ताल पर जाने की अपील की। उन्होंने लिखा कि इस बारे में, मैं इकॉनमी के खास सेक्टर, खासकर ट्रांसपोर्टेशन, और तेल, गैस, और एनर्जी के वर्कर्स और कर्मचारियों से देश भर में हड़ताल शुरू करने की अपील करता हूं। ईरान के शाह पहलवी, देश में धार्मिक क्रांति का बिगुल बजने से पहले देश के प्रमुख थे पर इस्लामिक क्रांति के बाद उन्होंने भागकर अमेरिका की शरण ली थी। क्राउन प्रिंस उन्हीं के बेटे हैं और आज भी ईरान में शाह के परिवार को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। पहलवी ने यह भी कहा कि लोग प्रतीकों के साथ सड़कों पर आएं और सार्वजनिक जगहों पर कब्जा कर लें। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से यह भी कहता हूं कि आज और कल, शनिवार और रविवार (10 और 11 जनवरी) को, देश के झंडों, तस्वीरों और निशानों के साथ सड़कों पर आएं और सार्वजनिक जगहों पर कब्जा कर लें।

# ईरान में हिंसक प्रदर्शन, 217 लोगों की मौत का दावा

## ईरानी सेना बोलीः बच्चों को प्रदर्शन से दूर रखें वरना गोली लगने पर शिकायत मत करना

**तेहरान।** ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 217 लोगों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। टाइम मैगजीन ने तेहरान के एक डाक्टर के हवाले से बताया कि राजधानी के सिर्फ छह अस्पतालों में कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है, जिनमें ज्यादातर की मौत गोली लगने से हुई हैं। सुरक्षा बलों ने गुरुवार रात प्रदर्शन तेज होने पर कई जगहों पर गोलीबारी की थी, इसके बाद से लगातार कार्रवाई जारी है।

इस बीच रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक अधिकारी ने सरकारी टीवी से बात करते चेतावनी दी कि माता-पिता अपने बच्चों को प्रदर्शनों से दूर रखें, अगर उन्हें गोली लगे तो शिकायत मत करना। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले कुछ दिनों तक यह साफ नहीं था कि सरकार क्या रुख अपनाएगी। खुद एंटी राइट्स पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि



**अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं**

सुरक्षा बल भ्रम में हैं। किसी को ठीक से नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है, लेकिन शुक्रवार को सामने आई खूनी तस्वीरों और सख्त बयानों से साफ हो गया कि अब पूरी ताकत का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पहले सरकार ने देशभर में इंटरनेट और फोन सर्विस लगभग बंद कर दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों को मारा गया तो ईरानी सरकार को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अब जब प्रदर्शन मध्यम वर्गीय इलाकों तक फैल गए हैं, तो सरकार बेरहमी से कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी। उनका मानना है कि आने वाले दिनों में हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। ईरान पहले से ही इजरायल के साथ संघर्ष, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों, गिरती अर्थव्यवस्था, बिजली और पानी की किल्लत जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। सरकार के भीतर भी मतभेद हैं। राष्ट्रपति मसूद पजशकियान सार्वजनिक तौर पर नरम रुख दिखा रहे हैं, लेकिन उनके कई मंत्री सख्त कार्रवाई के पक्ष में हैं। सरकार का आरोप है कि अमेरिका और इजरायल इन प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। प्रदर्शनकारियों में से कुछ लोग पूर्व शाह के बेटे रजा पहलवी के समर्थन में नारे लगा रहे हैं, जिन्होंने विदेश से प्रदर्शन तेज करने की अपील की है। कुर्द इलाकों में भी लोग सड़कों पर उतर आए हैं। कई प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अब उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं बचा है। देशभर में ळमर्द आक्रोश में है। इसका कारण आर्थिक बदहाली रही है। दिसम्बर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डालर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। साल की शुरुआत से रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है।

## ईयू ने मर्कोसुर समझौते को दी मंजूरी

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देशों ने शुक्रवार को लंबे समय से विचाराधीन 'ईयू-मर्कोसुर साझेदारी समझौते' को हरी झंडी दे दी।ईयू सदस्यों ने व्यापारिक लाभों को बघने के लिए एक 'व्यापक साझेदारी समझौते' और 'एक स्वतंत्र अंतरिम व्यापार समझौते' की सहमति दी है। ईयू ने बताया कि यह समझौता ईयू और मर्कोसुर के संबंधों में एक मील का पत्थर है। यह एक आधुनिक साझेदारी के तहत राजनीतिक संवाद, सहयोग और व्यापार के लिए एक रूपरेखा स्थापित करता है। गौरतलब है कि लगभग 25 वर्षों से ईयू-मर्कोसुर समझौते पर बातचीत चल रही है, जो बदलती राजनीतिक स्थितियों, दक्षिण अमेरिका में पर्यावरणीय सुरक्षा पर विवादों और यूरोप के कृषि क्षेत्र के कुछ हिस्सों के विरोध के कारण बार-बार रुकती और शुरू होती रही है।

# भारत में अफगान के राजनयिक होंगे नूर अहमद नूर

## तालिबान शासन में पहली बार नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में की गई नई नियुक्ति

**काबुल।** अफगानिस्तान ने नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में नूर अहमद नूर को राजनयिक के रूप में नियुक्त किया है। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

नूर अहमद से पहले भारत में अफगानिस्तान के राजनयिक फरीद मामुंदजाय थे। वह अशरफ गनी की सरकार के समय भारत में अफगान दूत के रूप में काम कर रहे थे। तालिबान के सत्ता में आने के बाद उनकी स्थिति कमजोर हो गई और बाद में दूतावास की गतिविधियां भी काफी हद तक ठप पड़ गई थीं। उसी के बाद लंबे समय तक भारत में अफगानिस्तान की तरफ से कोई नया औपचारिक



**तालिबान के सत्ता में आने के बाद उनकी स्थिति कमजोर हो गई और बाद में दूतावास की गतिविधियां भी काफी हद तक ठप पड़ गई थीं**

राजनयिक नहीं भेजा गया था। इसलिए नूर अहमद की नियुक्ति को भारत-अफगानिस्तान रिश्तों में एक नए चरण की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में नूर अहमद को राजनयिक नियुक्त करने का मतलब यह है कि अफगानिस्तान भारत के साथ अपने कूटनीतिक संपर्कों को फिर से सक्रिय और मजबूत करना चाहता है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान और भारत के रिश्ते सीमित हो गए थे, लेकिन मानवीय मदद, दवाइयों, वीजा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर बातचीत चलती रही। अब किसी नए राजनयिक की नियुक्ति यह संकेत देती है कि अफगानिस्तान चाहता है कि भारत के साथ संवाद सीधे दूतावास के जरिए नियमित रूप से चलती रहे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नूर अहमद नूर दूतावास की जिम्मेदारी संभालने के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं। इससे पहले वे अफगान विदेश मंत्रालय के फर्स्ट पालिटिकल डिपार्टमेंट के महानिदेशक रह चुके हैं। नूर अहमद उस डेलीगेशन का हिस्सा थे, जो अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के साथ अक्टूबर 2025 में भारत आया था।

## अमेरिका ईरान में कर सकता है हस्तक्षेप मगर फौजें जमीन पर नहीं उतारेगाः ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि अगर ईरान वर्तमान अशांति के इस दौर में लोगों को मारना शुरू कर देता है तो अमेरिका इसमें हस्तक्षेप करेगा, हालांकि वह जमीन पर अपने सैनिकों की तैनाती नहीं करेगा। ईरान की स्थिति पर संवाददाताओं से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं, तो ऐसा होने पर अमेरिका अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि अमेरिका अपनी फौजें, ईरान की जमीन पर उतार देगा। इसका अर्थ यह है कि उन्हें वहां बहुत जोर से मारना है, जहां सबसे ज्यादा दर्द होता है।

# अमेरिका नेतन्याहू को भी किडनैप करेः पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को किडनैप करने की मांग की। एक टीवी इंटरव्यू में ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अमेरिका को नेतन्याहू को उसी तरह पकड़ना चाहिए जैसे वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो को पकड़ा गया था।

उन्होंने आगे कहा कि तुर्की भी नेतन्याहू को पकड़ सकता है और पाकिस्तानी इसके लिए दुआ कर रहे हैं। इंटरव्यू में उन्होंने नेतन्याहू को मानवता का सबसे बड़ा अपराधी करार दिया और दावा किया कि गाजा में फलस्तीनियों के साथ जो अत्याचार हुए हैं, वे इतिहास में कभी नहीं देखे गए। यह बयान एक पाकिस्तानी न्यूज चौनल को दिए इंटरव्यू में सामने आया,



**वेनेजुएला के राष्ट्रपति जैसा हाल हो, इजरायली पीएम फलस्तीनियों का सबसे बड़ा दुश्मनः रक्षा मंत्री**

जिसकी क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एंकर हामिद मीर ने टिप्पणी को संवेदनशील बताते हुए इंटरव्यू को बीच में ही रोक दिया। इस दौरान आसिफ ने उन लोगों पर भी सवाल उठाने शुरू किए, जो ऐसे अपराधियों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि कानून उन लोगों के बारे में क्या कहता है, जो ऐसे अपराधियों का साथ देते हैं। एंकर हामिद मीर ने टोका कि क्या आप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संदर्भ में कहना चाह रहे हैं? पाकिस्तान का इजरायल के साथ कोई औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं है। पाकिस्तान हमेशा से फिलिस्तीनी मुद्दे का मजबूत समर्थन करता रहा है। साथ ही, पाकिस्तान के ईरान के साथ भी अच्छे संबंध हैं, जो इजरायल का विरोधी है। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने पहले ही गाजा में अपराधों के लिए नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है। इसका जिक्र भी आसिफ ने इंटरव्यू में किया है।

# फिल्म अकेली में नुसरत भरूचा की शानदार परफॉर्मेंस की फराह ने की तारीफ







**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी मानी फिल्मकार और कोरियोग्राफर फराह खान ने फिल्म अकेली में नुसरत भरुचा के शानदार परफॉर्मेंस की तारीफ की है। हाल ही में द फराह खान शो में नजर आई नुसरत भरूचा ने न सिर्फ अपने फिल्मी सफर पर खुलकर बात की, बल्कि अपने कुकिग स्किल्स से भी सबका दिल जीत लिया। इस एपिसोड में नुसरत ने फराह खान के लिए खास होम-स्टाइल डिश मटन उप्पु करी तैयार की। कुकिग सेशन के दौरान माहौल काफी मस्ती भरा और घरेलू रहा। इस मौके पर नुसरत सफेद टी-शर्ट और डेनिम में कैजुअल लेकिन स्टाइलिश अंदाज में दिखीं। फराह खान ने बातचीत के दौरान नुसरत की मां को भी चर्चा में शामिल किया और उनसे पूछा कि उन्हें अपनी बेटी की कौन-सी फिल्म सबसे ज्यादा पसंद है। बिना सोचे-समझे नुसरत की मां ने सोनू के टीटू की स्वीटी और अकेली का नाम लिया। इस पर फराह खान ने तुरंत हामी भरते हुए अकेली में नुसरत की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की और फिल्म की भावनात्मक गहराई को सराहा। फराह खान ने नुसरत की तारीफ करते हुए कहा कि अकेली में तुमने वाकई शानदार काम किया। पूरी फिल्म में तुम अकेली लड़की थीं, फिल्म इतनी इंटेंस थी कि मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ गया।ष इसे सुनकर जहां सभी हंसने लगे, वहीं फराह ने अपनी बात आगे बघते हुए नुसरत की दमदार सोलो परफॉर्मेंस के प्रभाव को भी काफी सराहा। गौरतलब है कि फिल्म अकेली , नुसरत भरूचा के करियर का एक अहम पड़ाव साबित रही है, जिसमें उन्होंने लगभग पूरी कहानी अपने कंधों पर उठाई थी। एक खतरनाक माहौल में फंसी महिला के किरदार को उन्होंने जिस भावनात्मक गहराई, मजबूती और वास्तविकता के साथ निभाया, उसे आलोचकों और दर्शकों दोनों से सराहना मिली थी। नुसरत भरूचा ने अलग-अलग जॉनर में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। प्यार का पंचनामा और प्यार का पंचनामा 2 से लोकप्रियता हासिल करने के बाद उन्होंने सोनू के टीटू की स्वीटी और ड्रीम गर्ल जैसी हिट फिल्मों से सफलता का सिलसिला आगे बढ़ाया। हाल के वर्षों में छोरी और छोरी 2 जैसी कंटेंट आधारित फिल्मों में उनके गंभीर और सशक्त अभिनय ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया, खासतौर पर हॉरर जॉनर में उनकी परफॉर्मेंस को खूब सराहा गया।

# कांतारा, नरसिम्हा ऑस्कर जनरल एंट्री लिस्ट में शामिल



**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स की वर्ष 2025 में प्रदर्शित दो चर्चित फिल्में महावतार नरसिम्हा और कांतारा: चैप्टर 1 को ऑस्कर की जनरल एंट्री लिस्ट में भेजा गया है। कांतारा: चैप्टर 1 का डायरेक्शन ऋषभ शेट्टी ने किया है और इसे विजय किरागंदूर ने प्रोड्यूस किया है, जबकि महावतार नरसिम्हा का डायरेक्शन अश्विन कुमार ने किया है और इसे होम्बले फिल्म्स ने प्रस्तुत किया है। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट रहीं हैं और अपनी दमदार कहानी, संस्कृति से जुड़े अंदाज, शानदार तकनीक और बेहत. रीन विजन के लिए खूब सराही गई हैं।

ऑस्कर की जनरल एंट्री लिस्ट में आने के बाद अब इन दोनों फिल्मों पर कई बड़े अवॉर्ड कैटेगरी में डाले जाने को लेकर ध्यान दिया जाएगा। इनमें बेस्ट एक्टर, बेस्ट एक्ट्रेस, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट प्रोड्यूसर, बेस्ट स्टोरी/राइटिंग, बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी जैसी कैटेगरी शामिल हैं। ऐसे में, आगे इन्हें शॉर्टलिस्ट किया जाएगा या नहीं, इसका फैसला अकादमी द्वारा किया जाएगा। खास बात यह है कि इस साल ऑस्कर जनरल एंट्री लिस्ट में शामिल कुल पांच भारतीय फिल्मों में से दो फिल्में होम्बले फिल्म्स की हैं। यह दिखाता है कि होम्बले फिल्म्स का असर लगातार बढ़ रहा है और भारतीय सिनेमा को ग्लोबल स्तर पर पहचान दिलाने में उसका योगदान लगातार मजबूत होता जा रहा है।

यह पहचान दिखाती है कि होम्बले फिल्म्स लगातार मजबूत कहानियों का साथ दे रहा है, अपनी क्रिएटिव बाउंड्रीज को आगे बढ़ा रहा है और इंडियन सिनेमा को उसकी असली पहचान और बड़े लेवल के साथ इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर पेश कर रहा है। जैसे-जैसे भारतीय सिनेमा दुनिया भर में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है, होम्बले फिल्म्स की यह उपलब्धि इंडस्ट्री की बढ़ती ग्लोबल मौजूदगी और क्रिएटिव ताकत को साफ दिखाती है।यह होम्बले फिल्म्स के साथ-साथ पूरे भारतीय सिनेमा के लिए एक सचमुच गर्व का पल है।



# 52 के हुए ऋतिक रोशन, पश्मीना रोशन ने दी बधाई

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रोशन आज 52 साल के हो गए हैं। 10 जनवरी 1974 को मुंबई में जन्में ऋतिक रोशन को अभिनय की कला विरासत में मिली। ऋतिक के पिता राकेश रोशन जानेमाने फिल्मकार और अभिनेता हैं, जबकि उनके दादा रोशन ने संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। ऋतिक रोशन ने बतौर बाल कलाकार आशा, आपके दीवाने, आसपास और भगवान दादा जैसी फिल्मों में काम किया। उन्होंने बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2000 में अपने पिता राकेश रोशन निर्मित रोमांटिक फिल्म कहो ना प्यार है से की थी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और अमीषा पटेल की जोघी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

वर्ष 2000 में ही ऋतिक की फिजा और मिशन कश्मीर जैसी फिल्में रिलीज हुई। दोनों ही फिल्मों में रितिक ने अपनी रूमानी छवि में बदलाव लाते हुए संजीदा अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। फिजा के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किए गए। वर्ष 2001 में उन्हें सुभाष घई की फिल्म यादें में काम करने का अवसर मिला लेकिन कमजोर पटकथा के कारण फिल्म नकार दी गई। इसी साल रिलीज करण जौहर की फिल्म कभी खुशी कभी गम के लिए वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किए गए। वर्ष 2003 में ऋतिक रोशन को एक बार फिर से अपने पिता की फिल्म कोई मिल गया में काम करने का अवसर मिला। सांइस नैचुरल थ्रिलर इस फिल्म में रितिक रोशन ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म के लिए उन्हें दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।साल 2006 उनके करियर का अहम वर्ष साबित हुआ। इस साल रिलीज उनकी धूम 2 और कृष जैसी फिल्में सुपरहिट हुई। यश राज बैनर तले बनी धूम के सीक्वल धूम 2 में ऋतिक रोशन ने नेगेटिव किरदार निभाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया वहीं कोई मिल गया के सीक्वल कृष मे ऋतिक ने सुप. रहीरो का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। वर्ष 2012 में ऋतिक रोशन की फिल्म अग्निपथ रिलीज हुई। यह फिल्म वर्ष 1990 में रिलीज हुई अमिताभ बच्चन की फिल्म अग्निपथ की रिमेक थी। फिल्म टिकट खिघ्की पर सुपरहिट साबित हुई साथ हीं ऋतिक दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरे उतरे। वर्ष 2013 में रिलीज 'कृष 3' रितिक के करियर की सर्वाधिक कामयाब फिल्म साबित हुई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 240 करोड़ रुपये की कमाई की। वर्ष 2014 में ऋतिक की फिल्म बैंग बैग ने 180 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। वर्ष 2017 में रितिक की फिल्म काबिल रिलीज हुई। फिल्म ने 100 करोड़ से अधिक की कमाई की। वर्ष 2019 में ऋतिक की सुपर 30 और वॉर जैसी कामयाब फिल्में रिलीज हुई। वर्ष 2022 में ऋतिक की फिल्म विक्रम वेदा और वर्ष 2024 में फाइटर प्रदर्शित हुई। वर्ष 2025 में ऋतिक की फिल्म वॉर 2 रिलीज हुई है। उधर, अभिनेत्री पश्मीना रोशन ने अपने कजनि और बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के जन्मदिन पर सोशल मीडिया के जरिए एक बेहद भावुक और प्यार भरा पोस्ट शेयर किया है, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। पश्मीना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऋतिक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, हैप्पी बर्थडे डुग्गू भैया। आपका दिन और पूरा साल सबसे बेहतरीन हो। लव यू! इस भावनाओं से भरे संदेश ने देखते ही देखते फैंस का ध्यान खींच लिया और सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। यूं तो आज ऋतिक रोशन के जन्मदिन के मौके पर परिवार, दोस्तों और दुनियाभर के फैंस की ओर से उन्हें ढेरों शुभकामनाएं मिल रही हैं।

## मीरा चोपड़ा ने पिकमून मेटा स्टूडियोज का शुभारंभ किया, गांधी टॉक्स पहली फिल्म

**मुंबई।** मीरा चोपड़ा ने फिल्म प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखते हुए अपने बैनर पिकमून मेटा स्टूडियो का शुभारंभ किया है। पिकमून मेटा स्टूडियो की पहली गांधी टॉक्स है।

जी स्टूडियो, क्यूरियस डिजिटल और पिकमून मेटा स्टूडियोज के बैनर तले प्रस्तुत यह फिल्म, लेखक की कल्पना को बेहतरीन दृश्यात्मक भाषा और भावनात्मक गहराई के साथ पर्दे पर उतारती है। संवादों की अनुपस्थिति इस फिल्म की सबसे बड़ी शक्ति बन जाती है, जो दर्शकों को ठहरकर सोचने, महसूस करने और कहानी से गहरे स्तर पर जुड़ने का अवसर देती है। मीरा चोपड़ा ने कहा, पिकमून मेटा स्टूडियोज स्थिरता और गरिमा की शक्ति में मेरे विश्वास से न्मा है।

# दंगल टीवी के धारावाहिक मन अतिसुंदर ने पूरे किए 900 एपिसोड



**मुंबई।** दंगल टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक मन अति. सुंदर ने 900 एपिसोड का शानदार सफर पूरा कर लिया है। दंगल टीवी का बहुत पसंद किया जाने वाला फिक्शन शो, मन अति सुंदर, 900 सफल एपिसोड पूरे करके एक असाधारण मील का पत्थर साबित हुआ है। यह शो दमदार कहानी, भावनात्मक गहराई और सार्थक सामाजिक संदेशों वाली अपनी इस सफल यात्रा का जश्न मना रहा है। शुरू से ही, इस शो ने देश भर के दर्शकों के दिलों को छुआ है, और सभी उम्र के दर्शकों के बीच लगातार पसंदीदा बना हुआ है। शो मन अति सुंदर के मुख्य कलाकार, तनिष्क (राध्या) और स्पर्श (प्रथम) ने कहानी के भावनात्मक पहलू को जीवंत करने में अहम भूमिका निभाई है, जिससे शो का अपने दर्शकों के साथ मजबूत जुड़ाव हुआ है। इस यात्रा के बारे में बात करते हुए, राध्या का किरदार निभाने वाली तनिष्क ने कहा, मन अति सुंदर का हिस्सा बनना अविश्वसनीय रूप से शानदार रहा है। पिछले कुछ सालों में शो को जो प्यार और पसंद मिली है, वो मेरी उम्मीद से बहुत ज्यादा है, और 900 एपिसोड तक पहुंचना हमारे दर्शकों के साथ एक सपने जैसा लगता है।ष शो के साथ शुरू से ही जुड़ी हुई अदाकारा तनिष्क आगे कहती हैं, मैं दंगल टीवी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने हमें ऐसी कहानियां सुनाने का मौका दिया जो सच्ची भावनाओं और सार्थक सामा. जिक विषयों को गहराई तक छूती हैं और हम पर भरोसा किया कि हम ऐसी कहानी पेश करें जो दर्शकों के साथ इतनी दिल से जुड़ी रहे। इसके अलावा, शो के नायक (प्रथम) स्पर्श ने कहा, मन अति सुंदर शो ने हमें सिखाया है कि कहानी कहने में ईमानदारी हमेशा लोगों को आपसे,जोड़ती है। 900 एपिसोड पूरे करना एक बड़ी उपलब्धि है और ऐसी कहानी का हिस्सा बनना गर्व की बात है जो इतने सारे लोगों को प्रेरित करती है और उनसे जुड़ती है।

